kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-247 | शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12


तकनीकी प्रगति और ई-संसद के प्रयोग ने हमारे संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किये हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि ई-संसद ई-लोकतंत्र को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और इससे नागरिकों की भागीदारी भी बढ़ रही है। **ओम बिरला**

राजनाथ का अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से सभी तरह के आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान 11
मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कर्तव्य पथ पर 'स्वदेशी उत्सव' का किया शुभारंभ 12

## संक्षेप

### साहित्य का नोबेल पुरस्कार हंगरी के उपन्यासकार 'लास्लो क्रास्नाहोर्कै' को

**स्टॉकहोम।** स्वीडिश अकादमी ने गुरुवार को हंगरी के उपन्यासकार और पटकथा लेखक लास्लो क्रास्नाहोर्कै को वर्ष 2025 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार देने के घोषणा की। स्वीडिश अकादमी ने उनके नाम का ऐलान करते हुए बताया कि यह पुरस्कार ''उनकी प्रभावशाली और दूरदर्शी रचनाओं के लिए, जो प्रलयकारी आतंक के बीच भी कला की शक्ति की पुनः पुष्टि करती हैं। दिया जा रहा है। हंगेरियन भाषा के इस लेखक की प्रमुख रचनाएं साटनटैंगो, द मेलांचोली ऑफ़ रेसिस्टेंस, वार एंड वार ,सेइओबो देयर बिलो,द वर्ल्ड गोज़ ऑन आदि हैं।

### मोदी चाहते हैं अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय राममंदिर बने: नृपेंद्र मिश्र

**अयोध्या।** राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि राममंदिर केवल राष्ट्र मंदिर नहीं बने बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का मंदिर बने जो सभी वर्ग और विचारधारा के लोगों को गौरव की अनुभूति कराये। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की तीसरे दिन की बैठक के समापन के पत्रकारों से बातचीत में मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री का उद्देश्य है कि सभी वर्ग, सभी क्षेत्र और सभी विचारधारा के लोग इस मंदिर को स्वीकार करें और गौरवान्वित महसूस करें।

उन्होंने बताया कि 25 नवंबर का दिन अयोध्या के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर के शिखर पर 21 फीट ऊंचे ध्वज का ध्वजारोहण करेंगे। राममंदिर के शिखर पर लगने वाले ध्वज का स्वरूप, आकार रंग और प्रतीक चिन्ह तय करने की ज़िम्मेदारी ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि ध्वजारोहण के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे विश्व को राम मंदिर निर्माण पूर्ण होने की घोषणा करके अवगत कराएगे।

मिश्र ने बताया कि राममंदिर यह वही ऐतिहासिक यात्रा है, जिसका आरंभ 5 अगस्त 2020 को भूमि पूजन से हुआ था। 22 जनवरी 2024 को रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए, और प्रधानमंत्री मुख्य यजमान बने थे।विवाह पंचमी की शुभ तिथि, यानी 25 नवंबर को यह ध्वजारोहण समारोह आयोजित होगा।

### बरेली में एक लाख का ईनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**गबरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले की पुलिस ने स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के साथ संयुक्त कार्रवाई में गुरुवार तड़के एक शातिर बदमाश को मार गिराया। मारे गये बदमाश की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का ईनाम घोषित था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि आज तड़के नैनीताल रोड बिलवा पुल पास मुठभेड़ में एक लाख का इनामी डकैत शैतान उर्फ इफ्तेखार उर्फ सोल्जर को मार गिराया गया है।

# 2017 से पहले गरीबों का जीना हराम कर देते थे सपा के गुंडे

## भाजपा सरकार में मिट्टी में मिल गए : योगी

एजेंसी

झांसी/उरई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी और उरई में अपने संबोधन के दौरान पूर्व की सरकारों पर जमकर हमला बोला। गुरुवार को झांसी के भानी देवी इंटर कॉलेज के खेलकूद समापन समारोह में पहुंचे सीएम ने कहा एक समय था जब प्रदेश की पहचान संकट में थी। वर्ष 2017 से पहले यह बीमारू राज्य था। माफिया ने प्रदेश को जकड़ रखा था। दंगाइयों की गिद्ध दृष्टि में प्रदेश जल रहा था। अब प्रदेश माफिया की जकड़ से मुक्त हो चुका है। वहीं, उरई के इंदिरा स्टेडियम में हुई जनसभा में कहा कि 2017 से पहले चाचा-भतीजे प्रदेश में वसूली के लिए निकलते थे पर अब ऐसा नहीं है। जो प्रदेश पहले गुंडागर्दी के लिए जाना जाता था, अब विकास और तरक्की के लिए मशहूर हो रहा है।

भानी देवी इंटर कॉलेज के मंच से उन्होंने कहा कि 1947 के बाद तत्कालीन सरकारों को जो करना था, वह उन्होंने नहीं किया। विकास को गति देनी थी पर वह लोग प्रदेश को जातिवाद में उलझाए रहे। बिना किसी दल का नाम लिए कहा आजादी के बाद देश में खुद को सेक्युलर दिखाने की होड़ मची थी। देश के लिए नए अलगाववाद और उग्रवाद की भूमिका तैयार की जाती थी। इसके अलावा सीएम ने झांसी में 20 करोड़ रुपये से बने कन्वेंशन सेंटर का शुभारंभ भी किया।

सीएम ने कहा कि झांसी रानी लक्ष्मीबाई और मेजर ध्यानचंद की धरती है। राष्ट्रीयता का भाव क्या होता है, ये रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य से समझिए। याद करिए, 1857 में फिरंगियों को पीछे हटना पड़ा था। 1858 में धोखे से हुए हमले में रानी लक्ष्मीबाई की शहादत हुई थी। ध्यानचंद को याद करते हुए कहा कि दो बार भारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। यूपी सरकार मेरठ में मेजर ध्यानचंद के नाम पर स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बना रही। इस सत्र से प्रवेश भी शुरू हो गए हैं। सीएम ने कहा कि दीपावली से पहले जलौनी माता, वेद व्यास, रक्तदन्तिका मंदिर, बैरागढ़ मंदिर, सूर्यकुंड की धरा में आने का सौभाग्य मिला। वहीं 19 सौ करोड़ की योजनाओं का लाभ देने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। कहा कि जिले का पौराणिक महत्व तो है ही, कालपी के रणबाकुरों ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया। कालपी का हैंडमेड कागज इस जिले को एक नई पहचान दिलाता है। एक जनपद एक उत्पाद में जोड़कर नया आयाम दिया। मुख्यमंत्री ने कहा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य और पराक्रम की धरती पर विद्या भारती के 36वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। विद्या भारती देश में भारतीय परंपरा, संस्कृति और राष्ट्रीयता के प्रति श्रद्धा जगाने वाली अग्रणी संस्था है। 1952 में गोरखपुर में नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित इस संस्था ने आज देशभर में 25 हजार से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भारतीय मूल्यों को बढ़ावा दिया है। उन्होंने विद्या भारती के ● शेष पेज 11 पर



### 2017 से पहले दिन में भी नहीं निकल पातीं थीं बेटियां

उरई में सपा पर हमला बोलते हुए कहा 2017 से पहले बहुएं और बेटियां रात क्या दिन में भी घर से नहीं निकल पातीं थीं। सपा के गुंडे गरीब व्यक्ति का जीना हराम किए थे। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने ऐसे गुंडे-माफियाओं को मिट्टी में मिला दिया है। उन्होंने कहा कि सपा के पास अब केवल एक मुद्दा बचा है, वह है आपसी संघर्ष कराना, भेदभाव कर लड़ाई कराना। इसीलिए भाजपा ने नारा दिया बंटेंगे तो कटेंगे। इस मौके पर उन्होंने विकसित उत्तर प्रदेश के लिए सभी से सुझाव भी मांगे। उन्होंने जालौन जिले के लिए 1900 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

# बसपा 2027 में अकेले लड़ेगी चुनाव : मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



- गठबंधन से नुकसान हुआ, मत प्रतिशत भी गिरा
- स्मारक में काम के लिए योगी सरकार
- सपा व कांग्रेस पर जमकर बरसी बसपा सुप्रीमो चंद्रशेखर को स्वार्थी किस्म का बताया नेता
- भतीजे आकाश को बताया अपना उत्तराधिकारी
- बसपा के सत्ता में आने पर मिलेगा आरक्षण का सही लाभ : आकाश

लखनऊ। कांशीराम की 19वीं पुण्यतिथि पर जुटी अपार भीड़ देखकर गदगद बसपा सुप्रीमो मायावती ने ऐलान किया है कि वह अलगा चुनाव वर्ष 2027 में अकेले लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि बसपा को गठबंधन से हमेशा नुकसान हुआ और मत प्रतिशत गिरा। साथ ही उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला, कहा कि सपा को सत्ता से बाहर रहने पर ही पीडीए याद आता है। सपा का पीडीए का नारा खोखला है। सपा ने ही सत्ता में रहते हुए कांशीराम के नाम पर कासगंज जिले का नाम बदल दिया था और प्रमोशन में आरक्षण का तो सपा, भाजपा और कांग्रेस तीनों ने विरोध किया था।

उन्होंने स्मारकों में सुधार का काम कराने के लिए प्रदेश की योगी सरकार की सराहना की और कहा कि सपा ने अपनी सरकार में स्मारक के टिकट से आया सारा पैसा दबा दिया था, लेकिन योगी सरकार ने उससे काम कराया। उनके निशाने पर कांग्रेस और सपा रही। नगीना के सांसद और आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर का नाम लिए बिना स्वार्थी बताया। उन्होंने कहा कि जातिवादी पार्टियों ने अपना वोट ट्रांसफर करवा जितवाया है। मेरी तरह आकाश का साथ दें बसपाढ सुप्रीमो ने कांशीराम स्मारक स्थल में जुटी भीड़ को एक शुभ संकेत बताया। उन्होंने कहा कि आकाश आनंद का पार्टी से जुड़ना भी शुभ संकेत है। वह पूरे जी-जान से पार्टी हित में काम कर रहे हैं। मेरी तरह आकाश के लिए हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहें। उन्होंने भले ही सीधे तौर पर ये न कहा हो, लेकिन इशारों-इशारों में आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी बता दिया। उन्होंने भाई आनंद कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि वह दिल्ली में रहकर पार्टी का लेखा-जोखा का काम देखते हैं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण काम है। आजम के आने की बात खारिज मायावती ने जेले से छूटने के बाद मो. आजम खां के बसपा में शामिल होने की अटकलों पर भी विराम लगाया। उन्होंने उनका नाम लिए बिना कहा कि 9 अक्तूबर को रैली की घोषणा होते ही कुछ लोग अफवाह फैलाने लगे कि बसपा में एक बड़े नेता शामिल होने वाले हैं। यहां तक कहा गया कि ● शेष पेज 11 पर

# जैश-ए-मोहम्मद में अब होगी महिलाओं की भर्ती

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ आतंकी हमले की साजिश रचने वाले जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) एक बार फिर अपनी सक्रियता बढ़ाने की कोशिश में लगा है। इस प्रतिबंधित आतंकी संगठन ने अपनी पहली महिला शाखा के गठन की घोषणा की है।

दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में स्थित जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों को नष्ट किया था। मसूद अजहर के नेतृत्व वाले इस आतंकी संगठन समूह ने हमेशा से महिलाओं को सशस्त्र या युद्ध अभियानों में भाग लेने से प्रतिबंधित किया है। हालांकि, वह अब इसमें एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। माना जा रहा है कि मसूद अजहर के नेतृत्व वाले इस आतंकवादी समूह ने बुधवार को जमात-उल-मोमिनात के गठन के माध्यम से अपनी रणनीति में बदलाव की घोषणा की। इससे पहले ये आतंकी संगठन महिलाओं की भर्ती की अनुमति नहीं देता था। बताया जा रहा है कि इस प्रतिबंधित आतंकी संगठन में महिलाओं की भर्ती बहावलपुर स्थित मरकज उस्मान-ओ-अली से शुरू हुई। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया कि महिलाओं की इस विंग का नेतृत्व मसूद अजहर की बहन सादिया अजहर करेंगी। मसूद अजहर की बहन सादिया अजहर का पति यूसुफ अजहर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मरकज सुभानअल्लाह स्थित जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय पर भारतीय सेना द्वारा किए गए हमले में मारा गया था।

- ऑपरेशन सिंदूर में बर्बाद होने के बाद मसूद अजहर की नई चाल



### स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव में सपा ने किया पांच प्रत्याशियों का ऐलान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में होने वाले स्नातक और शिक्षक विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने सबसे पहले मैदान में उतरते हुए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। गुरुवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए पार्टी ने पांच सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं। जिनमें दो शिक्षक एमएलसी और तीन स्नातक एमएलसी शामिल हैं। सपा ने शिक्षक एमएलसी के लिए वाराणसी-मिर्ज़ापुर क्षेत्र से लाल बिहारी यादव को टिकट दिया है। लाल बिहारी यादव वर्तमान में विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। वहीं गोरखपुर-फैजाबाद क्षेत्र से कमलेश को उम्मीदवार बनाया गया है। स्नातक एमएलसी सीटों में इलाहाबाद-झांसी से डॉ. मान सिंह, वाराणसी-मिर्ज़ापुर से आशुतोष सिन्हा (दोबारा मौका) और लखनऊ से कांति सिंह को टिकट दिया गया है। गौरतलब है कि प्रदेश में स्नातक और शिक्षक एमएलसी की कुल 11 सीटें खाली हो रही हैं। इसमें स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की पांच और शिक्षक ● शेष पेज 11 पर

# 2022 से पहले भ्रूण फ्रीज तो सरोगेसी कानून से छूट

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मां-बाप कौन बनेगा, यह सरकार तय नहीं कर सकती

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि 2022 से पहले अगर महिला ने भ्रूण (फर्टिलाइज एग्स) फ्रीज करा दिया है तो उसे सरोगेसी कानून के तहत एज लिमिट से छूट मिल सकती है।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन ने सरकार की तरफ से बढ़ती उम्र को चिंता का कारण बताने पर फटकार भी लगाई। कोर्ट ने कहा- कौन मां-बाप बन सकता है, ये सरकार तय नहीं कर सकती क्योंकि नेचुरल प्रोसेस में भी कोई एज लिमिट नहीं है। दरअसल, यह पूरा मामला सरोगेसी कानून 2021 से जुड़ा है, जो जनवरी 2022 में लागू हुआ था। कानून के मुताबिक, जिन पुरुष की आयु 26-55 साल और महिला की आयु 23-50 साल के बीच है, उन्हीं को सरोगेसी की परमिशन होगी। इस कानून के खिलाफ कई याचिकाएं लगाई गईं। मुख्य याचिकाकर्ता चेन्नई बेस्ड इन्फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ अरुण मुथुवेल हैं, जिन्होंने कॉमर्शियल सरोगेसी पर बैन हटाने की भी मांग की थी। कोर्ट ने महीनों चली सुनवाई के बाद जुलाई 2025 में फैसला सुरक्षित रख लिया था। कानून बनने से पहले दंपत्तियों ने जब अपना भ्रूण फ्रीज कराया तब कोई कानूनी उम्र सीमा लागू नहीं थी। इसलिए उनके पास सरोगेसी का अधिकार पहले से बना हुआ था। ऐसे में नया कानून पिछले मामलों पर लागू नहीं किया जा सकता। सरोगेसी तब शुरू मानी जाएगी जब दंपति के गैमेट्स (स्पर्म और एग) निकाल लिए गए हों और भ्रूण तैयार कर फ्रीज कर दिया गया हो। इसके बाद दंपति का काम पूरा हो जाता है। आगे का प्रोसेस ● शेष पेज 11 पर

### अदालत कक्ष में हमले के प्रयास की घटना से हम स्तब्ध, लेकिन अब यह विस्मृत अध्याय: न्यायमूर्ति गवई



**नयी दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन उस समय स्तब्ध रह गए थे जब छह अक्टूबर को एक वकील ने उन पर जूता फेंकने का प्रयास किया था, लेकिन अब यह मुद्दा एक ''विस्मृत अध्याय'' है। यह घटना सोमवार को उस समय हुई थी, जब प्रधान न्यायाधीश के नेतृत्व वाली पीठ वकीलों द्वारा उल्लेख किए गए मामलों की सुनवाई कर रही थी। आरोपी 71 वर्षीय ● शेष पेज 11 पर

# पटाखा भंडारण में हुआ था विस्फोट, पांच निलंबित

एजेंसी

कानपुर। उत्तर प्रदेश में कानपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को हुए ब्लास्ट मामले की प्रारंभिक जांच में अवैध पटाखा भंडारण का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार इस घटना में कोई आतंकी कनेक्शन नहीं है। इसकी जांच के लिए गुरुवार को उत्तर प्रदेश की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) टीम पहुंच गई है। पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने इस मामले में एसीपी कोतवाली को हटा दिया और मूलगंज थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने बताया कि इस घटना का कोई आतंकी कनेक्शन नहीं है। खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने धमाके कराने का दावा बेबुनियाद है। विस्फोट वाली जगह पर दुकान से एक क्विंटल पटाखे मिले हैं। एक अन्य गोदाम से तीन क्विंटल पटाखे मिले हैं। इस संबंध में बिना लाइसेंस पटाखे रखने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। अब तक घटना में सम्मिलित 12 व्यक्तियों को हिरासत लिया है। दो स्कूटी घटनास्थल से बरामद की गई हैं, जिसमें एक चोरी की है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि अवैध पटाखों भंडारण के मामले में मूलगंज थाना प्रभारी समेत पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित किया है। इसके साथ ही साथ सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) को तत्काल प्रभाव से हटा दिया ● शेष पेज 11 पर



- कानपुर ब्लास्ट : खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने धमाके कराने का दावा बेबुनियाद: पुलिस कमिश्नर

## भारत और ब्रिटेन की साझेदारी वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति का आधार : मोदी

# ब्रिटेन भारत को हल्की मल्टीरोल मिसाइल देने को तैयार

एजेंसी

नई दिल्ली। ब्रिटेन भारत को हल्की मल्टीरोल मिसाइल देने को तैयार हो गया है। इसके साथ ही ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता को समर्थन देने का ऐलान किया है।

ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने मुंबई में यह ऐलान किया। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिटेन की 9 यूनिवर्सिटी भारत में कैंपस खोलेंगी। वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि स्टार्मर के नेतृत्व में भारत और ब्रिटेन के रिश्तों में प्रगति हुई है।


इस साल जुलाई में लंदन यात्रा के दौरान दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। मोदी ने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों के बीच आयात आसान होगा। इससे कारोबार बढ़ेगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा। दोनों नेताओं ने इंडो-पेसिफिक, पश्चिम एशिया और यूक्रेन संघर्ष पर भी चर्चा की। वहीं, रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भारत और ब्रिटेन ने सैन्य प्रशिक्षण समझौता किया है, जिसके तहत भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग प्रशिक्षक अब ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स में ट्रेनर के रूप में काम करेंगे।

मोदी ने कहा कि सभी ने भारत की फिनटेक (डिजिटल वित्तीय सेवाओं) क्षेत्र में क्षमता देखी है। आज दुनिया के लगभग 50% रियल-टाइम डिजिटल लेनदेन भारत में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के वित्तीय सेवाओं का अनुभव और भारत का डिजिटल प्लेटफॉर्म मिलकर पूरे मानवता के लिए फायदेमंद हो सकता है। मोदी ने कहा कि अपने संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री स्टार्मर के साथ विजन 2035 की घोषणा की। यह हमारे साझा लक्ष्यों के लिए एक रूपरेखा है। भारत और ब्रिटेन जैसी खुली और लोकतांत्रिक देशों में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां सहयोग बढ़ाया न जा सके।

मोदी ने कहा कि आज भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़े सुधार हो रहे हैं। उनका जोर कारोबार को आसान बनाने और नियमों को सरल बनाने पर है। मोदी ने कहा कि हाल ही में सरकार ने जीएसटी सुधार की घोषणा की है। इससे मध्यम वर्ग और छोटे-मध्यम व्यवसायों (एमएसएमई) की वृद्धि को नई ताकत मिलेगी और निवेशकों और व्यवसायियों के लिए नए अवसर खुलेंगे। भारत-यूके फोरम में पीएम मोदी ने कहा अब परमाणु ऊर्ज़ा क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे भारत-यूके सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के अवसर मिलेंगे।

मोदी ने यह भी कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास उनकी प्राथमिकता है। भारत अगले पीढ़ी के भौतिक ढांचे में निवेश कर रहा है और 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्ज़ा के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और यूके मिलकर दुनिया के लिए नए मानक स्थापित कर सकते हैं।

जैसा कि मैंने पिछले दो दिनों में कई बार कहा, यह ट्रेड डील सिर्फ लिखित समझौता नहीं है। यह बताती है कि व्यापार में मुश्किलों को कैसे कम किया जाएगा, चाहे वो टैक्स (टैरिफ) हों या दूसरी तरह की रुकावटें। जब मैं यहां लोगों की बातचीत और जोश देखता हूं, तो मुझे याद आता है कि हमने अभी तक FTA को पूरी तरह लागू नहीं किया है। यह दिखाता है कि औपचारिक समझौते का महत्व भी है, और यह बड़ा फर्क डालेंगे। स्टार्मर ने कहा कि एफटीए पर काम करने के तीन महीनों में व्यापार और निवेश में 6 बिलियन पाउंड (71 करोड़ रुपए) की बढ़त देखी गई है। हमारा मकसद इसे और आगे बढ़ाना है। स्टार्मर ने कहा कि रोल्स-रॉयस ने भारतीय एयरलाइंस के साथ बड़े नए कॉन्ट्रैक्ट किए हैं। अब रिवोल्ट और टाइड जैसी दो डिजिटल बैंक ● शेष पेज 11 पर



# स्वदेशी मेला उत्तर प्रदेश के निर्यात प्रोत्साहन की दिशा में ऐतिहासिक कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने किया प्रयागराज स्वदेशी मेला-2025 का शुभारंभ



प्रयागराज । उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के अंतर्गत जनपद प्रयागराज में 10 दिवसीय ट्रेड शो/स्वदेशी मेला का शुभारंभ गुरुवार को राज्य के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री मा. नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। यह आयोजन 09 से 18 अक्टूबर तक भारत स्काउट गाइड इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित हो रहा है।

इस अवसर पर मंत्री नंदी ने कहा कि स्वदेशी मेला उत्तर प्रदेश के निर्यात प्रोत्साहन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। राज्य अब 'वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी' के लक्ष्य की ओर ठोस कदमों के साथ तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था को गति देने में स्थानीय उद्योगों और उत्पादों की अहम भूमिका होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश 'लोकल से ग्लोबल' की ओर बढ़ रहा है। मंत्री ने मेले में विभिन्न विभागों व संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया, स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी की और लोगों से भी स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील की। उन्होंने ओडीओपी योजना के अंतर्गत बेकरी ट्रेड की महिलाओं को टूलकिट वितरित किए तथा मिशन शक्ति के तहत 30 बालिकाओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि मेले में 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं जिनमें खादी, माटी कला, रेशम, हस्तकरघा, एमएसएमई और स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद प्रदर्शित हैं। प्रयागराज के अमरूद और मूज जैसे उत्पादों को जीआई टैगिंग के अंतर्गत विशेष पहचान मिली है और यह आयोजन उन्हें वैश्विक बाजार तक पहुँचाने में सहायक होगा। कार्यक्रम में विधायक डॉ. वाचस्पति (बारा), गुरु प्रसाद मौर्य (फाफामऊ), भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, उपायुक्त उद्योग शरद टंडन सहित उद्योग विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में उद्यमी एवं आमजन उपस्थित रहे। मेले का संचालन डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# दीपोत्सव-2025 में रचनात्मक प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग दीपोत्सव-2025 के अवसर पर अयोध्या में रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने जा रहा है। इसके तहत निबंध, कविता एवं शॉर्ट एनीमेशन फिल्म जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है कि वे अपनी रचनाओं के माध्यम से दीपोत्सव की आत्मा को शब्दों, चित्रों, कविताओं और एनिमेशन के माध्यम से अभिव्यक्त करें। प्रत्येक प्रतियोगिता के शीर्ष तीन विजेताओं को दीपोत्सव के विशेष अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि 'दीपोत्सव अयोध्या की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं और कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। यह पहल न केवल युवा सृजनशीलता को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि दीपोत्सव की सांस्कृतिक गरिमा और भावनात्मक जुड़ाव को भी नई ऊंचाई देगी। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, 'दीपोत्सव निबंध प्रतियोगिता' में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। निबंध 600 से 1,000 शब्दों के बीच होना अनिवार्य है। निबंध का विषय दीपोत्सव से संबंधित होना आवश्यक है। प्रतिभागी हिंदी या अंग्रेजी में अपनी प्रविष्टि दे सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं, जैसे- मौलिक व शुद्ध लेखन अनिवार्य, केवल एक प्रविष्टि प्रति प्रतिभागी स्वीकार होगी, प्रविष्टि डिजिटल रूप में (पीडीएफ या वर्ड) जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि 'दीपोत्सव चित्रकला प्रतियोगिता के अंतर्गत कलाकार अपनी कला के माध्यम से दीपोत्सव की रोशनी को उकेरेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य दीपोत्सव के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संदेश को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत करना है। चित्रकारी प्रतियोगिता में भी सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। चित्र को मौलिक एवं डिजिटल प्रारूप (जेपीईजी/पीएनजी) में प्रस्तुत करना होगा।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि 'दीपोत्सव काव्य प्रतियोगिता' में प्रतिभागी अपनी कविता के माध्यम से दीपोत्सव की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं को गुंजायमान करेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य शब्दों के माध्यम से दीपोत्सव की दिव्यता, भक्ति और उत्सवमय वातावरण को अभिव्यक्त करना है। प्रतिभागियों को अपनी कविता प्रस्तुत करते हुए एक रील वीडियो तैयार करनी होगी, जिसकी अवधि 60 सेकंड से कम होगी। यह वीडियो दीपोत्सव की थीम पर आधारित होगी और इसमें स्पष्ट ऑडियो के साथ भावनात्मक प्रस्तुति आवश्यक है। कविता प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के दिशा-निर्देशों के अनुसार, कविता हिंदी या अंग्रेजी किसी भी भाषा में प्रस्तुत की जा सकती है। प्रत्येक प्रतिभागी से केवल एक प्रविष्टि स्वीकार की जाएगी। प्रस्तुति का वीडियो ख्र्र4 या ख्र्ग्ठ फॉर्मेट में होना चाहिए तथा बैकग्राउंड में किसी भी प्रकार का शोर नहीं होना चाहिए।' इच्छुक प्रतिभागियों के लिए 'दीपोत्सव शॉर्ट एनीमेशन फिल्म प्रतियोगिता 2025' का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभागी एनिमेशन के जरिए दीपोत्सव का असली सार प्रस्तुत करेंगे। प्रतिभागियों को दीपोत्सव की भावना, संस्कृति और भव्यता को दर्शाने वाली शॉर्ट एनिमेशन फिल्म तैयार करनी होगी। इसमें सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं।

## स्कूल गेट गिरने से मासूम की मौत, प्रधानाध्यापक निलंबित

**प्रयागराज।** बहरिया क्षेत्र स्थित चकिया धमौर अपर प्राइमरी स्कूल में गुरुवार को स्कूल का गेट गिरने से मासूम ईशू की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। लापरवाही बरतने के आरोप में बीएसए ने प्रधानाध्यापक राम आधार को निलंबित कर दिया, जबकि डीडीओ ने ग्राम सचिव को भी निलंबित करते हुए ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ जांच के निर्देश दिए हैं। इस घटना के संबंध में बहरिया थाना प्रभारी ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन की लापरवाही पर आक्रोश जताया है।

## करछना में युवती का शोषण, विरोध करने पर मारपीट

**प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र के यमुनानगर इलाके में एक युवक पर युवती से एक साल तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगा है। युवती ने बताया कि आरोपी काम के बहाने घर आया करता था और विरोध करने पर मारपीट कर धमकियां दीं। पीड़िता के माता-पिता की पहले ही बीमारी से मौत हो चुकी है, जिससे वह घर पर अकेली रहती थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई है और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।

## पटाखा कारोबारी कादिर भगोड़ा घोषित, पुलिस ने की मुनादी

**प्रयागराज।** शाहगंज थाना क्षेत्र में चर्चित पटाखा कारोबारी कादिर को अदालत के आदेश पर भगोड़ा घोषित कर दिया गया। पुलिस टीम ने गुरुवार को कादिर के घर पहुंचकर धारा 82 की नोटिस चस्पा की और ढोल-नगाड़ों के साथ मुनादी कराई। मोहल्ले में सार्वजनिक रूप से घोषणा की गई कि कादिर अब भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ संगीन मामलों में वारंट जारी था, लेकिन वह लगातार फरार चल रहा था। अब पुलिस उसकी संपत्ति कुर्क करने की तैयारी में है।

## बाइक चोर वकार गिरफ्तार, चार मोटरसाइकिलें बरामद

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना पुलिस ने चोरी की बाइक बेचने की फिराक में घूम रहे आरोपी वकार को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस के अनुसार वकार लंबे समय से शहर और आसपास के इलाकों में बाइक चोरी की घटनाओं में शामिल था। यह कार्रवाई डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य के निर्देशन में की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि वकार से पूछताछ जारी है और उससे चोरी के अन्य मामलों की भी जानकारी मिलने की संभावना है।

## मिशन शक्ति के तहत राज शिशु स्कूल कोराव में लगाई गई चौपाल



**कोरांव।** प्रयागराज में मिशन शक्ति फ़ेस 5.0 के तहत राज शिशु स्टडी निकेतन स्कूल में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त इंस्पेक्टर शैलेश कुमार सिंह ने बालिकाओं और अध्यापिकाओं को महिला सशक्तिकरण, मिशन शक्ति अभियान, और साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया।

## मनाया गया कांसीराम निर्वाण दिवस,अर्पित की गई श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** गोसाईगंज में नेयरा पेट्रोल पंप के ठीक सामने बहुजन समाज पार्टी के संस्थाक मान्यवर कांसीराम की पुण्य तिथि मनाई गई।यह आयोजन अपनी जनता पार्टी के तत्वाधान में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में पहुंचे लोगो ने स्वर्गीय मान्यवर कांसीराम को के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दिलीप चौधरी , प्रदेश सचिव सभाजीत मौर्य , प्रदेश महासचिव/प्रवक्ता रत्नाकर मौर्य , एस पी मौर्या , जिला अध्यक्ष लखनऊ संदीप यादव , जिला महासचिव लखनऊ शिवकरन रावत , जिला सचिव रवींद्र यादव , जिला उपाध्यक्ष राम जी रावत, मोहनलालगंज विधानसभा अध्यक्ष अखिलेश यादव , विधानसभा महासचिव अनिल रावत ,ब्लॉक अध्यक्ष गोसाईगंज देशराज आदि समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## कल से होगा राम कथा का 22वा आयोजन

**लखनऊ।** गोसाईगंज का युग तुलसी श्री राम कथा का 22 वा आयोजन 11 अक्टूबर से शिशुमंदिर इंटर कॉलेज के मैदान में होगा। कार्यक्रम में मानस मर्मज्ञ कथा ऋषि पंडित उमाशंकर व्यास महाराज के द्वारा कथा की अमृत वर्षा की जाएगी। कथा 11 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक नित्य शाम सात बजे से रात्रि साढ़े नौ बजे तक होगी। कथा की तैयारी को लेकर युग तुलसी श्री राम कथा समिति के कार्यकर्ता मोहित हिंदू, देवेन्द्र मिश्रा, सुशील शुक्ला, शोभित साहू , संजय शर्मा, दीपक कश्यप, ज्ञानेंद्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता श्री राम कथा की तैयारियो में जुटे हुए है।

## भाजपा ने बिना बदले की राजनीति से बसपा-सपा के अधूरे कामों को कराया पूरा: भाजपा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बदले की राजनीति नहीं करती, उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार बदले की राजनीति नहीं करती है। भाजपा सरकार ने न केवल मायावती के शासन काल में बने स्मारकों, इमारतों, पार्कों का रख रखाव किया, बल्कि अखिलेश यादव के शासन काल के आधे अधूरे कामों को भी पूरा किया है। यह कटाक्ष बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की महारैली में पार्टी प्रमुख मायावती के दिए बयान के बाद भाजपा प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने गुरुवार को कही। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अखिलेश यादव ने राजनैतिक लाभ के लिए अपनी सरकार के दौरान कई योजनाओं का लोकार्पण भी कर दिया था। लेकिन भाजपा सरकार ने उन कामों को बिना किसी भेदभाव के जनहित में कराने का काम किया है। मनीष शुक्ला ने कहा कि भाजपा का मानना है कि सारे विकास के कार्य जनता के दिए कर से होते हैं। यह किसी के घर से नहीं होती है। इस विचारधारा का प्रतिनिधित्व भाजपा करती है।

## बिहार चुनाव में दलितों को भटकाने के लिए भाजपा की फंडिंग से हुई मायावती की रैली : अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती पर निशाना साधते हुए कहा है कि बहनजी ने हमेशा दलितों को ठगने का काम किया है। श्री राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि मायावती की रैली बिहार चुनाव में दलित वोट बाटने के लिए भाजपा की फंडिंग से की गई है ।लखनऊ में आयोजित बसपा की रैली में मायावती द्वारा दिए गए बयान को लेकर श्री राय ने यूनिवार्ता से कहा कि संविधान की रक्षा हमेशा कांग्रेस ने की है। मायावती दलितों की केवल झूठी नेता बनती हैं उन्होंने दलितों को ठगने का काम किया। वह दलित, मुस्लिम विरोधी हैं।

**सर्पदंश न्यूनीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन**

# सर्पदंश के मामलों में त्वरित निर्णय लेकर शीघ्र उपचार जरूरी : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। राहत आयुक्त कार्यालय एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में सर्पदंश न्यूनीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में चिकित्साधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने की।

इस कार्यक्रम में जनपद के 30 चिकित्साधिकारियों ने भाग लिया। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने सर्पदंश के बढ़ते मामलों को देखते हुए चिकित्सकों को वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्य स्तर पर प्रबंधक कार्मिक शांतनु द्विवेदी ने समन्वय का दायित्व संभाला, जबकि सर्पदंश कंसल्टेंट काव्या शर्मा ने प्रशिक्षण की तकनीकी रूपरेखा तैयार की।जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि चिकित्सकों के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि वे सर्पदंश के मामलों में त्वरित निर्णय लें और उपचार की दिशा में शीघ्र कदम उठाएं, ताकि रोगी को समय पर जीवन रक्षक सहायता मिल सके।

मास्टर ट्रेनर्स डा. रवि कुमार, डा. माधव कुमार बरनवाल, डा. दीपक कुमार और डा. धर्मेंद्र सिंह ने सर्पदंश के विषैले और गैर-विषैले सर्पों की पहचान तथा उपचार पद्धतियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर सर्पदंश जानलेवा नहीं होता, लेकिन पहचान में लापरवाही घातक साबित हो सकती है। प्रशिक्षण में चिकित्सकों को रक्तस्राव, मांसपेशियों की कमजोरी, सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षणों की पहचान एवं प्राथमिक उपचार के तरीकों पर विशेष जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सक न केवल इलाज बल्कि समुदाय में जागरूकता फैलाने की अहम भूमिका भी निभाते हैं। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) विनीता सिंह एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। संचालन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा किया गया।

# शिक्षा और स्वास्थ्य नि:शुल्क होने चाहिए : डॉ के पी सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव-प्रयागराज। स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज के प्रसिद्ध डॉक्टर के पी सिंह ने बृहस्पतिवार को कोरांव गांधी चौराहा मेजा वाली रोड पर स्थित सुदूल अस्पताल का फीता काट कर उद्घाटन किया। उस मौके पर भाजपा सपा बसपा कांग्रेस सहित विभिन्न दल और समाज के आम लोग उपस्थित रहे।

डाक्टर के पी सिंह एडवांस लेप्रो,एवं एंडोस्कोपिक प्लास्टिक मैक्शिलोफ़ेशियल सर्जन मुख्य अतिथि ने कहा कि जन हित में शिक्षा और स्वास्थ्य नि:शुल्क होनी चाहिए,जिससे हर मध्यम तबका भी उसका लाभ उठा सके। श्री सिंह ने कहा कि हर क्षेत्र में हर कुनबे में गांवों मोहल्लों में स्वास्थ्य संबंधित गोष्ठियां के जरिए जागरूकता की जरूरत है। जिससे बीमारियों के बारे में लोग सतर्कता बरतें। उन्होंने महिलाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की बीमारियों और उसके बचाव उपचार के बारे में लोगों को जानकारियां दी। उन्होंने कहा पहले हम सरकार द्वारा दिए गए दायित्वों का समयअंतर्गत निर्वहन करता हूं। रोगियों की देखभाल उपचार का कार्य करता हूं। इसके बाद ही अन्य समय मिलने पर व्यक्तिगत रूप से रोगियों के उपचार में समय देता हूं। मेरा प्रयास होता है कि हर जरूरत मंद गरीब मरीज के काम आ सकूं। जिससे शकून मिलता है। इसी तरह उक्त उद्घाटन पर डाक्टर अल्ताफ अहमद निदेशक जहांगीर मेमोरियल नैनी प्रयागराज,डाक्टर सैय्यद आरिज कादरी,निदेशक प्रयागराज अस्पताल करेली आयुष्मान अस्पताल प्रयागराज,डाक्टर अखिलेश शुक्ला,डाक्टर अनवर अहमद आदि उपस्थित रहे। सुदूल अस्पताल के प्रबंधक डाक्टर एम के खान,जनरल फिजिशियन,सर्जन एवं डाक्टर रमित कुमार कुशवाहा हड्डी रोग विशेषज्ञ ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व चेयर मैंन गोपालजी केसरी,सोमदत्त सिंह पटेल,पवन सोनकर,संजय सिंह पटेल,अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ग्राम प्रधान आदि सहित तमाम चिकित्सक,जांच के संबंधित चिकित्सक और मरीज महिलाएं पुरुष मौजूद रहे।

# त्यौहारों के दृष्टिगत सुगम व सुरक्षित यातायात जरूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शहर में सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया गया । दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के तहत तीन सवारी, काली फिल्म लगी, बिना नम्बर प्लेट वाले वाहन तथा सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 464 वाहनों का चालान, 26 वाहनों को सीज कर ?6,19,200 का जुर्माना वसूल किया गया तथा 55 काली फिल्म युक्त वाहनों पर कार्यवाही की गई, साथ ही अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध अभियोग भी पंजीकृत किया गया। पुलिस आयुक्त महोदय ने फुलवरिया रोड, जेल रोड व रोडवेज क्षेत्र का निरीक्षण कर अवैध पार्किंग, सड़क किनारे खड़ी बसों व वाहनों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। नो-इंट्री समय में मालवाहक व टूरिस्ट बसों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के साथ ही यातायात सुगमता, यू-टर्न, वन-वे और बैरिकेडिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए । अभियान के दौरान राजपत्रित अधिकारीगण, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, हल्का प्रभारी व ट्रैफिक पुलिस की टीमों द्वारा प्रमुख मार्गों व व्यस्त चौराहों पर कार्यवाही की गई ।

# मांगों को लेकर निकाय कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उ0प्र0 स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आवाहन पर पूर्व घोषित आन्दोलन को सफल बनाने बडी संख्या में हजारो हजार कर्मचारी प्रदेश सरकार व शासन की कर्मचारी विरोधी नीतियो के खिलाफ सड़क पर उतर कर जीपीओ पार्क पहुंच कर दि॰10 नवम्बर 25 के पहले मांगो के आदेश न जारी होने पर करेगा प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन कार्य बन्दी। महासंघ के प्रदेश की सभी नगर निगमो,नगर निकायो व उसके सभी सहयोगी संगठनो द्वारा प्रदेश सरकार/शासन स्तर पर महासंघ की पूर्व प्रेषित लम्बित मांगो का समाधान न किये जाने के विरोध स्वरूप नगर निगम लखनऊ पर बडी सभा करके लखनऊ जी0पी0ओ0 पार्क गांधी प्रतिमा पर हजारो साथियो के साथ पहुंच कर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्य मंत्री व नगर विकास मंत्री को दिया गया।

इस धरना-प्रदर्शन मे महासंघ की प्रदेश की सभी ईकाइयां गाजियाबाद, कानपुर, मेरठ, मुरादाबाद, झांसी,आगरा,फिरोजाबाद, गोरखपुर, बरेली,शाहजहांपुर, वाराणसी, सहारनपुर, अलीगढ, प्रयागराज, अयोध्या, लखनऊ, मथुरा-वृंदावन सहित सैकडो नगर पालिका,नगर पंचायत आदि के सफाई सहित सभी सम्वर्ग के संगठन नगर निगम जलकल कर्मचारी संघ, उ0प्र0 नगर निगम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, नगर निगम आर0 आर0 कर्मचारी संघ, जलकल नगर निगम नियमित एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के साथ साथ उ0प्र0 नगर निगम कर्मचारी संघ,जलकल नगर निगम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ,नगर निगम नियमित एवं संविदा सफाई कर्मचारी संघ आदि के भी सैकडो प्रतिनिधि उपस्थित रहें। सभा को सभी कर्मचारी संगठनों ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश सरकार व नगर विकास विभाग द्वारा प्रदेश के निकाय कर्मचारियों की सेवा सम्बन्धी व अन्य 10 सूत्रीय मांगो का बहुत लम्बें समय से कोई समाधान नही कर रही है जिससे प्रदेश के निकाय कर्मचारियों मे भारी आक्रोश व्याप्त होना सम्भाविक है। आज की सभा मे महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र,महामंत्री श्री रमाकांत मिश्र कानपुर व गाजियाबाद से कार्य वाहक प्रदेशअध्यक्ष श्री राकेश अग्निहोत्री सहित आगरा से विनोद इलाहाबादी, गोरखपुर से आर पी सिंह, फिरोजाबाद से छकोडी लाल,मेरठ से मो.अनीस,अलीगढ से संजय सक्सेना, मुरादाबाद से मो.सुभहान ,बरेली से ठाकुर मिशनपाल सिंह,वाराणसी से अखिलेश सिंह, शाहजहांपुर से धमेन्द्र कश्यप,सहारनपुर से रामकुमार, झांसी से मो.परवेज खान, प्रयागराज से मनोज श्रीवास्तव, अयोध्या से विनय बाघमार, मथुरा-वृंदावन से उत्तम चन्द्र, प्रदेश सरकार व शासन से मांग की है कि यदि दि.9 नवम्बर 25 तक पूर्व में शासन स्तर पर हुई बैठको व अकेन्द्रियत सेवा नियमावली, वर्ष 2001 तक कार्यरत दैनिक वेतन, संविदा, तदर्थ कर्मचारियो का विनियमतीकरण आदि मांगो के आदेश नही जारी होते तो महासंघ 10 नवम्बर से प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन कार्य बन्दी करेगा।

# यात्री सुविधा से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा पूरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर स्टेशनों के पुनर्विकास योजना के अंतर्गत यात्री सुविधा से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है ।

वाराणसी मंडल में यात्रियों को उन्नत सुख-सुविधाएँ उपलब्ध कराने के क्रम में बलिया रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों पर 12 मीटर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य योजनाबद्ध तरीके से को तीव्र गति से कार्यान्वित किया जा रहा है।

इसी क्रम में वाराणसी मंडल के पहले 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु बलिया रेलवे स्टेशन पर ब्रिज के पहले स्पैन के लिए 32 मीटर लम्बे एवं 9.2 टन वजन के 11 गर्डरों की सफल लांचिंग का कार्य सभी फिटिंग और स्टिफ़नर सहित आज 09,अक्टूबर 2025 को सम्पन्न हुआ । क्क्तउ के एक स्पैन हेतु 11 गर्डरों की लॉन्चिंग का यह चुनौतीपूर्ण कार्य मात्र 3.20 घंटे का ट्रैफिक एवं कर्षण ब्लाक लेकर सीमित अवधि में ही पूरे सुरक्षा प्रोटोकाल के साथ सफलतापूर्वक किया गया । गर्डर लांचिंग में उच्च क्षमता वाले रोड क्रेन का उपयोग किया गया तथा कार्य के दौरान एक क्रेन को स्टैण्ड बाई के रूप में रखा गया था । लांच किये गये 11 गर्डरों में प्रत्येक की लम्बाई 32 मीटर तथा वजन 9.2 टन है। गर्डर लांचिंग का कार्य मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय)श्री विकास सिंह,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(2)श्री विनीत कुमार,मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण) श्री शौरभ राठौर,सहायक मंडल इंजीनियर(बलिया) श्री प्रियांजल शुक्ला की देख-रेख में 09 अक्टूबर, 2025 को प्रातः 4:20 से 7:40 बजे तक विद्युत कर्षण एवं ट्रैफिक ब्लाक लेकर ब्लाक अवधि के अंदर ही सम्पन्न कर लिया गया।

बलिया स्टेशन पर निर्माणाधीन 12 मीटर क्क्तउ के दूसरे स्पैन के 11 गर्डरों की लांचिंग का कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

## अखिलेश यादव ने कभी दलितों का सम्मान नहीं किया:लालजी निर्मल

**लखनऊ।** विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अखिलेश ने कभी दलितों का सम्मान नहीं किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के काशीराम को लेकर दिए गए बयान पर एमएलसी लालजी निर्मल ने बताया कि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कभी भी दलितों का सम्मान नहीं किया। उन्होंने हमेशा पिछड़े और दलितों के नाम पर सिर्फ राजनीति की है। उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर मौजूद स्थान का भी नाम बदला। साथी उनके पार्टी के बड़े नेता आज़म खान ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विषय में अमर यादव टिप्पणी की और वह मंच पर बैठकर हंसते रहे ।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **ई-निविदा सूचना सं. :** 1192-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक- 08.10.2025 |
| 2. | **कार्य का नाम :** लखनऊ मंडल के अंतर्गत ADSTE/AYC, ADSTE/SLN, ADSTE/BSB, DSTE/LKO, DSTE/I/LKO & ADSTE/LKO के खण्ड में 20000 से अधिक TVU वाले LC गेटों के इंटरलॉकिंग के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3. | **अनुमानित लागत :** रु. 1,27,67,351.86 (एक करोड़ सत्ताइस लाख सरसठ हजार तीन सौ इकावन रूपये एवं छियासी पैसे मात्र) |
| 4. | **ई-निविदा की कीमत :** शून्य |
| 5. | **बयाना राशि :** रु. 2,13,900/- (दो लाख तेरह हज़ार नौ सौ रुपये मात्र) |
| 6. | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह |
| 7. | **ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 31.10.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | **प्रस्ताव की वैधता :** ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सं.: 1192-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक: 08.10.2025 3109/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आशीष कुमार गोयल ने विद्युत व्यवस्था और बेहतर बनाने के लिए कहा

# प्रबन्ध निदेशक, निदेशक तथा मुख्य अभियन्ता रेग्यूलर कार्यो की करे समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विद्युत वितरण निगमों की समीक्षा बैठक में आज उ0प्र0 पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ0 आशीष कुमार गोयल ने प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु कड़े निर्देश दिये। अध्यक्ष ने कहाकि विद्युत बिल वसूलने के लिये अभियान चलाइये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मिशन के रूप में इस कार्य में लगें। एक-एक बिजली बकायेदार से सम्पर्क कर बकाया वसूलें। उन्होंने कहाकि प्रबन्ध निदेशक, निदेशक तथा मुख्य अभियन्ता रेग्यूलर कार्यो की समीक्षा करें। अपने क्षेत्रों में विद्युत चोरी रोकने, विद्युत बिल वसूलने, बिल रीडिंग एवं वितरण, विद्युत आपूर्ति, स्मार्ट मीटरिंग तथा स्थानीय विद्युत दोषों आदि की व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रहे यह सुनिश्चित करिये। उन्होंने कहाकि आपको लीडरशिप देकर नीचे तक व्यवस्था सुधारनी है। जो लोग अच्छा परिणाम दे रहे हैं उनको प्रमोट करिये साथ ही जो बेहतर कार्य नहीं कर रहे हैं उनके विरूद्ध कार्यवाई करिये। नीचे तक कार्यवाई होनी चाहिए। आज की समीक्षा बैठक में सभी डिस्कॉम द्वारा प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि जहॉ भी स्थानीय फाल्ट हो उन्हें कम से कम समय में ठीक किया जाये। अधिकारी सजगता बरतें। बिजली बाधित होने पर विभिन्न माध्यमों से उपभोक्ताओं को पूरी सूचना दें। जिससे कोई समस्या न पैदा हो।

अध्यक्ष ने बैठक में निर्देश दिये कि हर डिवीज़न स्तर पर ऐसे एरिया या क्लस्टर का चयन कर लिया जाये जिनको तकनीकी और वाणिज्यक रूप से आदर्श बनाया जायेगा। इन क्षेत्रों में सर्वे कर शत प्रतिशत उपभोक्ता मीटरों की स्थापना, मीटरों क़ो बाहर सुविधा जनक स्थान पर लगाना, विद्युत चोरी की रोकथाम, नेवरपेड और लॉग अनपेड कंज्यूमर के लिये समर्पित कैंप भी लगाये जाएंगे। इन क्षेत्रों क़ो लाभकारी क्षेत्रों में विकसित किया जायेगा।

अध्यक्ष ने कहाकि सबस्टेशन पर टीजी-2 की डयूटी लगायी जाये। वे बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करें और सुबह 10 से उपस्थित रहें। अध्यक्ष ने कहाकि जहॉ पर अवर अभियन्ता नही है वहॉ योग्यता और आवश्यकता के अनुरूप टीजी-2 का उपयोग करने हेतु अवर अभियन्ता का चार्ज देने पर विचार किया जाये। अध्यक्ष ने वाट्सएप ग्रुप बनाने हेतु भी सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहाकि सभी ग्रुप में कम से कम 500 सदस्य रहें जिससे बेहतर ढ़ग से सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके। प्रदेश की विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए अध्यक्ष ने कहा की विद्युत आपूर्ति सुचारु रहे इसके लिए प्रतिदिन समीक्षा करें।

अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने उपभोक्ताओं को गलत बिजली बिल भेजे जाने को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि गलत रीडिंग लेने और गलत डेटा फ़ीड करने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें।

# सरोजनीनगर में ज्ञान संस्कृति का विस्तार, डॉ. राजेश्वर सिंह ने की 34वीं आरडब्लूए में लाइब्रेरी की स्थापना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**विधायक का विज़न : हर टडइ बने अध्ययन और संवाद का केंद्र**

लखनऊ। ज्ञान और संवाद को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने के उद्देश्य से सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र की हाउसिंग सोसाइटीज में लाइब्रेरी स्थापना अभियान निरंतर संचालित है। इस अभियान के तहत बुधवार को दो आरडब्लूए ग्रीनबेरी सोसायटी, वृन्दावन योजना और एसबीआई एन्क्लेव, अवध विहार योजना में नई लाइब्रेरियों की स्थापना की गई। अब तक 34 आरडब्लूए में लाइब्रेरियाँ स्थापित की जा चुकी हैं : डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा विधान सभा क्षेत्र की 33 हाउसिंग सोसाइटी व आरडब्लूए में पुस्तकालयों की स्थापना की जा चुकी है और यह प्रयास तब तक जारी रहेगा जब तक सभी 104 आरडब्लूएस में ज्ञान की ज्योति प्रज्ज्वलित न हो जाए। इन लाइब्रेरियों में महापुरुषों की जीवनियाँ, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित पुस्तकें, भारतीय इतिहास, संस्कृति और साहित्य पर आधारित ग्रंथ, तथा समकालीन विषयों पर चिंतनशील रचनाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि समाज का हर वर्ग न केवल ज्ञान अर्जित करे, बल्कि विचारशील बने और संवादशील समाज का निर्माण हो।

इस अवसर पर ग्रीनबेरी सोसायटी और एसबीआई एन्क्लेव में आयोजित कार्यक्रमों में गौरव श्रीवास्तव, अक्षय पांडेय, रजनीश सिन्हा, शिप्रा सिंह, मृदुला सिंह, शालू सिंह, रुचि सक्सेना, सपना शर्मा, श्वेता गुप्ता, संध्या पाल, श्वेता श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव, विवेक सिन्हा, अभय प्रताप सिंह, अजय मालवीय, डॉ. वेद, मदनलाल नीरज, अनुभव सिंह, अल्का मालवीय सहित अनेक आरडब्लूए सदस्य मौजूद रहे।

# मितौली गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा कन्या भोज व भंडारे के साथ सम्पन्न

**पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कथा श्रवण कर लिया आशीर्वाद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम (लखनऊ)। नगराम क्षेत्र के मितौली गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला है। कथा वाचक श्री कृष्णानंद मृदुल जी महाराज के मधुर वचनों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा है। कथा व्यास ने कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए माखन चोरी जैसे मनमोहक झांकियां व प्रसंग सुनाए, जिन्हें सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। वहीं सातवें दिन कथा में रुक्मिणी विवाह का अत्यंत मनोहर प्रसंग झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित भक्तों को ऐसा अनुभव कराया मानो स्वयं द्वारका में उस दिव्य विवाह के साक्षी हों। इस अवसर पर पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर अपने समर्थकों के साथ कथा प्रांगण पहुंचे। उन्होंने कथा श्रवण कर महाराज श्री का आशीर्वाद लिया तथा आयोजन समिति की सराहना की। कथा के उपरांत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन शुक्रवार को होना था लेकिन करवा चौथ होने के चलते गुरुवार को ही संपन्न कर दिया गया।

# आज से शुरू होगी क्राफ्टरूट्स प्रदर्शनी, राज्यपाल करेंगी उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। ग्रामश्री संस्था की शाखा क्राफ्टरूट्स की ओर से 10 अक्टूबर से सफ़ेद बारादरी में हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के करकमलों द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी 14 अक्टूबर तक चलेगी और प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। इस बार लखनऊ की सफ़ेद बारादरी कैसरबाग में आयोजित प्रदर्शनी में भारत के 22 राज्यों के 100 से अधिक कारीगरों की भागीदारी होगी। प्रदर्शनी में पट्टचित्र(ओडिशा), लाख की चूड़ियां(राजस्थान), कांच की कलाकृतियां(उत्तर प्रदेश) और मिनिएचर पेंटिंग(राजस्थान) जैसी पारंपरिक कलाओं का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी किया जाएगा। गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में ग्रामश्री संस्था की प्रमुख अनारा पटेल ने जानकारी दी कि 'क्राफ्टरूट्स' 2008 से भारत की पारंपरिक और सांस्कृतिक कलाओं को बढ़ावा देने के साथ साथ कई पीढ़ियों से हस्तकलाओं को संजोए कारीगरों को विश्व स्तर पर मंच प्रदान कर रही है। संस्था का उद्देश्य लोगों में हस्तकला के प्रति जागरूकता बढ़ाना और देश की लोक कलाओं को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। अब तक क्राफ्टरूट्स द्वारा भारत के विभिन्न मेट्रो शहरों सहित दुबई, अमेरिका और सिंगापुर जैसे देशों में 77 प्रदर्शनी आयोजित की जा चुकी हैं। संस्था 35 हजार से अधिक कारीगरों से जुड़ी हुई है। प्रेसवार्ता में संस्था की ट्रस्टी लीनाबेन रावल, पश्चिम बंगाल के चित्रकार प्रबीर, परेश कोचरेकर और मध्यप्रदेश के कारीगर अमित चौरे मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर महिलाओं की फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**मोहनलालगंज पुलिस व साइबर टीम की बड़ी कार्रवाई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज । संवाददाता महिलाओं की तस्वीरों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई से आपत्तिजनक बनाकर फर्जी इंस्टाग्राम आईडी के जरिए वायरल करने वाले दो युवकों को मोहनलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहनलालगंज कोतवाली के एक गांव निवासी पीड़िता के भाई ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ अज्ञात लोग उसकी बहन के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील फोटो और वीडियो अपलोड कर रहे हैं। यही नहीं, आरोपी उन तस्वीरों को पीड़िता के परिचितों को भी भेज रहे थे।पुलिस ने साइबर क्राइम यूनिट की मदद से जांच शुरू की। इंस्टाग्राम से मिले डेटा और आईपी एड्रेस के विश्लेषण के बाद आरोपियों की पहचान हुई। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पीड़िता की असली इंस्टाग्राम प्रोफाइल से तस्वीरें डाउनलोड कर एआई की मदद से उन्हें अश्लील रूप में एडिट किया और फिर फर्जी अकाउंट बनाकर पोस्ट कर दिया।पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने कई महिलाओं की तस्वीरों को इसी तरह एडिट किया था। उनके मोबाइल से करीब 50 महिलाओं की फोटो और 10 से अधिक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट के पासवर्ड बरामद हुए हैं।पुलिस ने सौरभ यादव पुत्र अवधेश कुमार (निवासी मऊ, थाना मोहनलालगंज, उम्र 20 वर्ष सूरज कुमार पुत्र जगमोहन अहमदखेड़ा, थाना मोहनलालगंज, को गिरफ्तार एक ओप्पो व एक रियलमी मोबाइल फोन बरामद किया पुलिस ने बताया कि आरोपी किसी अन्य व्यक्ति के वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग कर रहे थे ताकि उनकी पहचान न हो सके। जांच के दौरान उन्होंने पुलिस को चुनौती भी दी थी कि ह्लमुझे कोई पकड़कर दिखाए।

# मिशन शक्ति- पुलिस और ग्राम प्रधान नें महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। मिशन शक्ति त्रैमासिक अभियान के तहत ग्राम भदेसरमऊ, थाना मलिहाबाद बीट में महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक जनजागरूकता बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन पंचायत सचिव अनिल कुमार एवं ग्राम प्रधान विजयलक्ष्मी मौर्य द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित महिलाओं और बच्चों को मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत थाने पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी दी गई। साथ ही घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना और साइबर अपराध से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान महिलाओं को सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों – 112, 1090, 108, 1930, 1076, 1098 तथा 'यूपी कॉप' ऐप की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सजग बनाना था, ताकि वे किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में निर्भय होकर अपनी आवाज उठा सकें। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक मलिहाबाद सुरेंद्र सिंह भाटी, महिला उपनिरीक्षक राखी वर्मा, महिला आरक्षी ललिता सिंह, पंचायत सचिव अनिल कुमार, ग्राम प्रधान विजयलक्ष्मी मौर्य, प्राथमिक विद्यालय अध्यापिका अर्चना ओझा, अध्यापक पूनम डेविड एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री राम देवी उपस्थित रहीं।

## नवयुग कन्या महाविद्यालय में आयोजित हुई संगोष्ठी

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवयुग कन्या महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की अभिव्यक्ति संस्था और मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जो विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित की गई। इसका विषय मानसिक चिकित्सा तक सबकी पहुंच था। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में नेहा आनंद, संस्थापक निदेशक, बोधि ट्री–मेंटल वेलनेस क्लिनिक एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में मिस नंदिनी शर्मा, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर एमिटी यूनिवर्सिटी मनोविज्ञान विभाग उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय ने की।

## इंटरलाकिंग गैस प्लांट से बैटरियां व गौशाला से झटका, मशीन की चोरी मामला दर्ज

निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददात। थाना निगोहां क्षेत्र के ग्राम मीरखनगर स्थित इंटरलाकिंग गैस प्लांट से अज्ञात चोरों ने ट्रैक्टर की बैटरी और गौशाला से झटका मशीन से बैटरियां चोरी कर लीं। इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्राम मीरक नगर निवासी प्रधानपति फूलचंद्र यादव ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि इंटरलाकिंग गैस प्लांट परिसर में खड़े ट्रैक्टर संख्या यूपी 32 जेएन 6695 से एक्साइड कंपनी की लाल रंग की बैटरी तथा गोशाले में लगी झटका मशीन से एनपी कंपनी की लाल व सफ़ेद रंग की बैटरियां अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि की लिखित तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## कांशीराम जयंती पर राष्ट्रीय लोकदल ने किया महान सामाजिक सुधारक को नमन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे की अध्यक्षता में बहुजन समाज के महान नायक, सामाजिक न्याय के अग्रदूत एवं जन नेता मान्यवर कांशीराम जी का परिनिर्वाण दिवस बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं इस मौके पर अनिल दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि कांशीराम जी ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। उन्होंने समाज के उस वर्ग को राजनीतिक चेतना दी, जिसे लंबे समय तक अधिकारों से वंचित रखा गया था। उनका पूरा जीवन सामाजिक समरसता, समानता और स्वाभिमान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने जाति, धर्म और संप्रदाय की सीमाओं से ऊपर उठकर एक ऐसे भारत की परिकल्पना की जहाँ हर नागरिक को समान अवसर मिले।

## हत्या की साजिश का आरोप, मुकदमा दर्ज

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददात। बिजनौर इलाके के अनूपखेड़ा निवासी प्रापर्टी डीलर कुंदन सिंह यादव ने अपनी हत्या की साजिश रचे जाने का आरोप लगाकर स्थानीय थाने पर गुरुवार को शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित की तहरीर पर स्थानीय पुलिस तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। कुंदन के अनुसार 26 सितंबर की शाम करीब साढ़े छह बजे तीन अज्ञात व्यक्ति उनके एक परिचित सोनू माली के घर पहुंचे और बताया कि उन्हें कुंदन सिंह यादव की हत्या करने के लिए सुपारी दी गई है। आरोपियो ने परिचित से इस काम में सहयोग करने की बात भी कही। कुंदन के परिचित ने 4 अक्टूबर को उन्हें फोन पर इस साजिश की जानकारी दी। परिचित ने घटना का सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराया, जिसमें तीनों संदिग्ध स्पष्ट रूप से नजर आ रहे हैं।

पीड़ित कुंदन का कहना है कि वे पहले भी कई मामलों में गवाह रहे हैं और उन पर पूर्व में भी जानलेवा हमले हो चुके हैं। फिलहाल पुलिस ने कुंदन की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## दो दिवसीय सेमिनार संपन्न

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिजनौर रोड स्थित गौतम बुद्ध डिग्री कॉलेज में दो दिवसीय सेमिनार 8 व 9 अक्टूबर को आयोजित किया गया, जिसका विषय जनजातीय गौरव बिरसा मुण्डा पर रखा गया। सेमिनार के अन्तिम दिन मुख्य अतिथि राज्य सरकार उ0प्र0 के मंत्री जसवंत सैनी रहे।

# धात्री महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की कुंजी है स्वच्छता : लीना जौहरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राज्य में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वच्छता को जीवनशैली के रूप में अपनाने पर जोर देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी ने कहा कि धात्री महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की कुंजी स्वच्छता है। यह केवल व्यक्तिगत अभ्यास नहीं, बल्कि सामुदायिक आदत बननी चाहिए। लीना जौहरी गुरुवार को आयोजित पोषण पाठशाला में एकीकृत बाल विकास सेवा योजना विभाग के जिला व ब्लाक स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवहार में असमानता अब भी बड़ी चुनौती है और इसे दूर करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और फ्रंटलाइन कर्मियों को 'स्वच्छता दूत' और 'व्यवहार परिवर्तन संदेशवाहक' के रूप में तैयार किया जा रहा है, ताकि वे परिवारों और समुदायों में सुरक्षित और जीवन-पोषक आदतों को स्थापित कर सकें और मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर में सुधार लाने में योगदान कर सकें।

# राम राज्य के मंचन के बाद समाप्त हुई गोसाईगंज की राम लीला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज में 8 अक्टूबर को नवे दिन राम राज्य की लीला मंचन के साथ राम लीला का समापन हो गया। राम राज्य में सभी लोग सुखी थे।तुलसीदास ने अपनी पुस्तक राम चरित मानस में लिखा है कि सब नर करहि परस्पर प्रीती।चलहि स्वधर्म निरत श्रुति नीती ।किंतु राम द्वारा शंबूक नाम के शूद्र (दलित) का वध भी किया गया। शंबूक का दोष सिर्फ इतना था कि वह तपस्या में लीन था। शंबूक के वध से तुलसीदास की यह चौपाई ''राम राज बैठे त्रैलोका। हर्षिता भए गए सब शोका।।सत्य नहीं प्रतीत हो रही है। राम लीला में सब कुछ वैसा ही दर्शाया गया जैसा वर्तमान में हो रहा है। ऐसी ही व्यवस्था वर्तमान समय में उत्तरूढ लोग लागू करना चाहते हैं। इस स्थिति में किसी भी मामले में सत्य क्या है यह जान पाना कठिन प्रतीत होता है।

# निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर (ब्यूरो)। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श हेतु बैठक कलेक्ट्रेट सभागार, सीतापुर में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई तथा क्ष्-द्वधफ्ध ध्न्द्मध्थ्न्थ्प्द्धधद्ब की प्रक्रिया, समय-सारणी एवं पात्र मतदाताओं के पंजीकरण से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि नामावली पुनरीक्षण का यह कार्य पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध रूप से संपादित किया जाएगा। जिलाधिकारी महोदय ने सभी राजनीतिक दलों से अपेक्षा की कि वे पात्र स्नातक एवं शिक्षक मतदाताओं को आवेदन हेतु प्रोत्साहित करें तथा नामावलियों को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने में सहयोग प्रदान करें। बैठक में उपस्थित दलों के प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त सुझावों को संज्ञान में लेते हुए आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1930 के नियम 31(4) के अन्तर्गत समचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुनर्प्रकाशन दिनांक-15.10.2025 दिन-(बुधवार), निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1930 के नियम 31(4) के अन्तर्गत समचार पत्रों में नोटिस का द्वितीय पुनर्प्रकाशन दिनांक-25.10.2025 दिन-(शनिवार), दिनांक-06.11.2025 दिन-(गुरूवार) को फार्म 18 या 19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, जैसी स्थिति हो, वह तिथि जिस तक पांडुलिपियों की तैयारी और आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का मुद्रण दिनांक-20.11.2025 दिन-(गुरूवार) किया जाना है, निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन दिनांक-25.11.2025 दिन-(मंगलवार), दिनांक-25.11.2025 दिन-(मंगलवार) से 10.12.2025 दिन-(बुधवार) दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 12 के अन्तर्गत), वह तिथि जिस पर दावे और आपत्तियों का निस्तारण दिनांक-25.12.2025 दिन-(गुरूवार) को किया जायेगा और अनुपूरक सूची तैयार और मुद्रित की जायेगी तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक-25.12.2025 दिन-(मंगलवार) को निश्चित की गयी हैं। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर ग्राहकों से किस्त जमा करने के नाम पर 5,10,000 रुपयों का गबन करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**क्रेडिट की फर्जी रसीद बनाकर 5.10 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार**

**सीतापुर में फर्जी रसीद बनाकर ठगी करने वाले एजेंट का भंडाफोड़**

सीतापुर (ब्यूरो) पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी/धोखाधड़ी आदि जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न निवासी ग्राहकगण जिनके द्वारा TVS CREDIT के माध्यम से अपने दो पहिया वाहनों का फाइनेन्स कराया गया था उनकी किस्ते जमा करने के नाम पर रुपयों की ठगी करने वाले अभियुक्त एजेन्ट नितेश दीक्षित उर्फ शोभित दीक्षित पुत्र स्व0 अवनीश कुमार दीक्षित निवासी ऊंचा टीला तरीनपुर जनपद सीतापुर को फर्जी TVS CREDIT की रसीद व दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर सीतापुर में मु0अ0सं0 300/2025 धारा 316(2)/318(4) बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्त नितेश दीक्षित उर्फ शोभित दीक्षित उपरोक्त द्वारा विभिन्न ग्राहकों से उनकी दो पहिया वाहन की किस्ते (EMI) तथा लोन क्लियर कराने के नाम पर 5,10,000/- रुपये लिये गये तथा ग्राहकों को फर्जी TVS CREDIT की भुगतान रसीद बनाकर दी गयी तथा उनकी किस्तों का कम्पनी को कोई भुगतान नहीं किया जाता था। अभियुक्त उपरोक्त के इस कृत्य के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 338/336(3)/340(2) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुए अभियुक्त का चालान मा.न्यायालय किया जा रहा है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर प्रभावी कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी। अभियुक्त का नाम/पता- नितेश दीक्षित उर्फ शोभित दीक्षित पुत्र स्व0 अवनीश कुमार दीक्षित निवासी ऊंचा टीला तरीनपुर जनपद सीतापुर पंजीकृत अभियोग- मु0अ0सं0 300/25 धारा 316(2)/318(4)/338/336(3)/340 (2) बीएनएस जनपद सीतापुर। पुलिस टीम थाना को0नगर- प्र0नि0 श्री अनूप शुक्ला, उ0नि0 घनश्याम राय, का0 रवि सिंह, का0 आशीष मौर्य।

# बिना लाइसेंस अवैध पटाखा रखने/बनाने के अपराध में अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर (ब्यूरो)। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा त्यौहारों के दृष्टिगत सघन चेकिंग एवम् अवैध कृत्यो में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी मिश्रित आलोक प्रसाद के नेतृत्व में थाना नैमिषारण्य पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त मेराज पुत्र स्व0 मुस्ताक निवासी ग्राम औरंगाबाद थाना नैमिषारण्य जनपद सीतापुर को कमईपुर जाने वाले तिराहे से अवैध विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त द्वारा बिना लाइसेंस के अवैध विस्फोटक सामग्री का बनाने व बेचने का व्यापार किया जा रहा था। जिसके विरुद्ध मु0अ0सं0 159/25 धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी। अभियुक्त का नाम/पता- मेराज पुत्र स्व0 मुस्ताक निवासी ग्राम औरंगाबाद थाना नैमिषारण्य जनपद सीतापुर पंजीकृत अभियोग- मु0अ0सं0 159/25 धारा 5 विस्फोटक अधिनियम थाना नैमिषारण्य जनपद सीतापुर

बरामदगी- 1.9 प्लास्टिक के बोरी में सुतली बम 2. एक प्लीथीन में पीला पदार्थ 05 किलो, 3. सफ़ेद पाउडर 6.5 किलो 4. लोहे के छोटे टुकड़े 500 ग्राम , 5. विस्फोटक पदार्थ 03 किलो 6. कोयला चूरा 03 किलो, 7.500 ग्राम सुतली पुलिस टीम थाना नैमिषारण्य- प्रभारी निरीक्षक पंकज तिवारी, उ0नि0 प्रशान्त सिंह, का0 अनुज चौधरी, का0 सुभाष चन्द्र, का0 मानव गुप्ता, का0 केशव कुमार, म0का0 अपूर्वा दीक्षित।

# रंगोली और चित्रकला के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल ने बताया कि सीतापुर वन प्रभाग के अन्तर्गत जिला गंगा समिति, सीतापुर द्वारा जिला परियोजना अधिकारी, श्री अमित कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में दिनॉक 09-10-2025 को दिल्ली पब्लिक स्कूल में स्वच्छता ही सेवा का विशेष अभियान के अन्तर्गत रंगोली प्रतियोगिता, स्वच्छता शपथ एवं चित्रकला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा-6, 8 एवं 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा-8 की छात्राएं निथ्या संतोषिनी, हिफ्जा शैफी, शालिनी राठौर एवं अंशू वर्मा द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया तथा कक्षा-9 की छात्रायें अभिलाषा सिंह, अमृता कुमारी, दनिया आजम एवं फातिमा नूर द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। तृतीय स्थान पर कक्षा-8 की छात्राएं वंशिका यादव, अनामिका वर्मा, आकांक्षा यादव एवं सृष्टि सिंह रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा-9 की छात्रा प्रियंका सेन ने प्रथम स्थान एवं कक्षा-8 की छात्रा नित्यांशी ने द्वितीय स्थान तथा फायजा अशफाक कक्षा-6 की छात्रा तृतीय स्थान पर रही। स्वच्छता शपथ समारोह में स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। पर्यावरण एवं नदियों के संरक्षण हेतु जिला परियोजना अधिकारी, सीतापुर श्री अमित कुमार सक्सेना द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य श्री राकेश सिंह, जी द्वारा जिला गंगा समिति, सीतापुर के पर्यावरण एवं नदियों के संरक्षण हेतु विशेष कार्यक्रमों के संचालन को विद्यालयों में आयोजित कराने की पहल पर जिला गंगा समिति, सीतापुर का विशेष धन्यवाद देते हुये कहा इस प्रकार का आयोजन स्वच्छ भारत मिशन तथा स्वच्छ एवं सुन्दर भारत के सपने को साकार करने का कार्य करेगा। इस अवसर पर डा0 जमशेद जैदी, पर्यावरणविद् द्वारा स्कूल में छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि स्वच्छता ही सेवा है। हमारे देश के लिए, हमारे जीवन में स्वच्छता की बहुत जरूरत है। गंदगी हमारे आसपास के वातावरण और जीवन को प्रभावित करती है। हमें व्यक्तिगत व आसपास भी सफाई अवश्य रखनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के समस्त छात्र-छात्रायें तथा स्कूल स्टाफ एवं वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी पर अधिवक्ताओं में रोष, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की मूर्ति पर माल्यार्पण कर जताया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा (खीरी)। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा खजुराहो मंदिर की मूर्ति को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को धौरहरा तहसील के अधिवक्ताओं ने जोरदार आपत्ति दर्ज की। अधिवक्ताओं ने धौरहरा अधिवक्ता संघ के बैनर तले पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व समाजसेवी एवं अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री कन्हैया बाजपेई ने किया। अधिवक्ताओं ने प्रेस नोट जारी कर न्यायपालिका के शीर्ष पद से आई टिप्पणी को ''अत्यंत निंदनीय और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली'' बताया। वक्ताओं ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट जैसी गरिमामयी संस्था से ऐसी टिप्पणी अपेक्षित नहीं थी। उन्होंने यह भी कहा कि इससे देशभर के सनातन धर्म अनुयायियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। अधिवक्ताओं ने यह स्पष्ट किया कि न्यायपालिका का उत्तरदायित्व संविधान और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की रक्षा करना है, न कि धार्मिक मान्यताओं पर चोट करना। इस दौरान अधिवक्ता राकेश किशोर का भी ज़िक्र किया गया, जिनका नाम इस विवाद में चर्चा में है। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने पश्चिम बंगाल में दलित जनप्रतिनिधियों पर हुए कथित हमलों की ओर ध्यान दिलाते हुए विपक्ष पर ''राजनीतिक दोहरेपन'' का आरोप लगाया। अधिवक्ताओं ने सवाल उठाया कि जब दलितों पर अत्याचार होते हैं, तो कई राजनीतिक दल मौन क्यों हो जाते हैं? सभा के अंत में अधिवक्ता संघ ने एकमत होकर यह माँग की कि देश की न्यायिक व्यवस्था को संविधानिक मूल्यों और जनभावनाओं के बीच संतुलन बनाए रखना चाहिए, ताकि देश की एकता और धार्मिक सहिष्णुता को ठेस न पहुंचे। प्रमुख रूप से उपस्थित अधिवक्तागणः राजू, विक्रम पांडेय, कैलाश मिश्रा, पंकज तिवारी, जयदीप आशुतोष पांडेय, प्रशांत श्रीवास्तव, दर्शन सिंह, अखिलेश मिश्रा समेत दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत थाना धौरहरा,में अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक


कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक धौरहरा शिवाजी दुबे के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय वेद माता पब्लिक स्कूल देवी पूरवा में थाना धौरहरा की महिला शक्ति टीम द्वारा, महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं अभियान चलाकर साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

# सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल : दृष्टिबाधित मोनी वर्मा बनीं एक दिन की सीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**सीडीओ अभिषेक कुमार ने दृष्टिबाधित बालिका मीना वर्मा को सौंपी जिले की कमान**

लखीमपुर खीरी। आज जिले में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने सबके दिलों को छू लिया। मिशन शक्ति 5.0 के तहत सीडीओ अभिषेक कुमार की विशेष पहल पर दृष्टिबाधित बालिका मोनी वर्मा को एक दिन के लिए लखीमपुर खीरी की प्रतीकात्मक सीडीओ नियुक्त किया गया। यह सिर्फ प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समावेश का जीवंत संदेश बन गया।

गुरुवार को विकास भवन में मोनी का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने मोनी को अपनी कुर्सी पर बैठाकर जिले की कमान सौंप दी। मोनी ने अपनी नई जिम्मेदारी को बड़ी गंभीरता से निभाया। उन्होंने आम जनता की शिकायतें सुनी, अधिकारियों को निर्देश दिए और दिखाया कि सच्ची क्षमता और हिम्मत में कोई बाधा नहीं होती।

गोला के ग्रामीण अंचल की रहने वाली मोनी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा परिषदीय विद्यालय से प्राप्त की। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित मिरिंडा हाउस कॉलेज से एमए की डिग्री हासिल की। वर्तमान में मोनी संस्कृत में पीएचडी कर रही हैं और ख्टक्क स्कॉलर भी हैं। उनकी मेहनत और दृढ़ संकल्प यह साबित करते हैं कि हर चुनौती के पार जाकर सपनों को साकार किया जा सकता है। सीडीओ की कुर्सी पर बैठकर मोनी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए। उनका संदेश था कि दिव्यांग बालिकाओं की शिक्षा हमारी साझा जिम्मेदारी है, बाल विवाह पर सख्त रोक होनी चाहिए। ग्रामीण महिलाओं को स्वदेशी मेले के माध्यम से अपने हुनर का बाजार मिले, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपनी पहचान बना सकें।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 केवल योजना का नाम नहीं, बल्कि महिलाओं के हक और सम्मान की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता है। मोनी ने आज दिखाया कि अगर इच्छा शक्ति मजबूत हो, तो कोई भी बाधा छोटी लगने लगती है।

आज मोनी की मुस्कान और उनकी निर्णायक बातें सीडीओ कार्यालय कक्ष में हर किसी के दिल को छू गईं। एक दिव्यांग बालिका की यह पहल न केवल प्रेरणा है, बल्कि यह याद दिलाती है कि सशक्त समाज, सशक्त महिला और सशक्त भविष्य की नींव यहीं से रखी जाती है।

# 10 दिवसीय स्वदेशी मेला का सीडीओ ने तैयारियों का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। ख्लोकल फॉर वोकल और ख्मेक इन इंडिया की भावना को आत्मसात करते हुए, उत्तर प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में शुक्रवार से जिले का विलोबी मैदान 10 दिवसीय स्वदेशी मेले की हलचल से गूंज उठेगा। यह मेला सिर्फ विक्रय का मंच नहीं, बल्कि महिलाओं के हुनर, स्थानीय उत्पादकों की मेहनत और स्वदेशी संस्कृति का उत्सव है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने मेले की तैयारियों का जायजा लिया और निर्देश दिए कि हर स्टॉल व्यवस्थित और आकर्षक हो, ताकि आने वाले लोग महिला उद्यमियों और स्थानीय उत्पादों की प्रतिभा का पूरा अनुभव कर सकें।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टॉल्स की व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई और आने वाले दर्शकों की सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। सीडीओ ने कहा कि स्वदेशी मेला केवल विक्रय का मंच नहीं है, यह महिलाओं के हुनर, उनकी मेहनत और हमारी संस्कृति का उत्सव है। इस मेले में आने वाला हर व्यक्ति यह महसूस करेगा कि स्थानीय उत्पाद कितने खास हैं।

मेला में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, स्थानीय हस्त शिल्पियों, एमएसएमई इकाइयों द्वारा अपने उत्पाद प्रस्तुत किए जाएंगे। आने वाले दिवाली पर्व से पहले लगाए जाने वाले इन स्टॉल्स में स्थानीय उत्पादकों को विशेष प्राथमिकता देते हुए निःशुल्क स्टाल आवंटित किए जायेगे, ताकि उनकी मेहनत और प्रतिभा सीधे बाजार से जुड़ सकें और उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर मिले। मेला में शासन की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी भी जनता तक पहुंचाई जाएगी।

# आईजीआरएस रैंकिंग में चमका योगी सरकार का लखीमपुर, पूरे प्रदेश में मिला पहला स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी जिला प्रशासन ने सुशासन और जनसुनवाई के क्षेत्र में पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर एक बार फिर साबित कर दिया है कि योगी सरकार की प्राथमिकता ही उनका विजन है। योगी सरकार द्वारा सितंबर माह की आईजीआरएस की रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त कर लखीमपुर खीरी ने पारदर्शी, संवेदनशील और त्वरित प्रशासनिक व्यवस्था की मिसाल कायम की है। लखीमपुर खीरी को प्रदेशभर में शीर्ष स्थान शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण, फीडबैक आधारित समीक्षा और पारदर्शिता पर दिया गया है। हर स्तर पर अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों की जवाबदेही तय की गयी। लखीमपुर खीरी जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में रोजाना प्राथमिकता के आधार पर जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। साथ ही समस्या के समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए मॉनीटरिंग भी की जाती है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले में सुनवाई से समाधान तक की नीति पर काम किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि लखीमपुर खीरी ने आईजीआरएस की सितंबर माह की रैंकिंग में पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि जनसुनवाई में आए हर शिकायतकर्ता की समस्या के निस्तारण के लिए प्रत्येक स्तर पर अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों की जवाबदेही तय की गई है। इससे न केवल शिकायतों की संख्या घटी बल्कि जनता का भरोसा भी प्रशासन पर और मजबूत हुआ है।

**डीएम बोलीं, जनता का विश्वास और टीम की मेहनत का परिणाम है प्रदेश में पहला स्थान**

आईजीआरएस रैंकिंग में पहला स्थान मिलने पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जनता की शिकायतों का प्रभावी और संवेदनशील निस्तारण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह उपलब्धि जिले की पूरी प्रशासनिक टीम की सामूहिक मेहनत और जनता के भरोसे का परिणाम है। हमने यह साबित किया है कि जब टीमवर्क और ईमानदारी साथ हो, तो हर लक्ष्य संभव है। उन्होंने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारियों के बीच निरंतर समन्वय बैठकों, विभागवार समीक्षा और डैशबोर्ड मॉनीटरिंग ने सफलता की मजबूत नींव रखी है। प्रत्येक विभाग को शून्य लंबित शिकायत का लक्ष्य सौंपा गया था, जिस पर लगातार फॉलोअप ने अद्भुत परिणाम दिए हैं।

## धौरहरा खीरी तहसील के गांव पंडितपुरवा में धान की कटाई के दौरान निकला अजगर, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। धौरहरा तहसील के अंतर्गत गांव पंडितपुरवा क्र/ध सुजईकुंडा में उस समय हड़कंप मच गया जब खेत में धान की कटाई कर रहे रंगीलाल के सामने एक विशालकाय अजगर निकल आया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सतर्कता पूर्वक अजगर का रेस्क्यू किया और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा। गनीमत रही कि किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ, ग्रामीणों ने वन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना की

## अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू, 31 अक्तूबर तक करें आवेदन

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की ओर से 12 जिलों में अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि विज्ञापन की प्रतियां इच्छुक आवेदकों की सुविधा के लिए जिला जज, लखीमपुर खीरी के न्यायालय परिसर के नोटिस बोर्ड, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खीरी के कार्यालय तथा जिला अधिवक्ता संघ खीरी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करा दी गई हैं। इच्छुक आवेदक 31 अक्टूबर 2025 की सायं 5 बजे तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया और योग्यता से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

# आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साकार होगी : केंद्रीय राज्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह व केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने गुरुवार को बदायूं क्लब बदायूं में यू0पी0 ट्रेड शो स्वदेशी मेला-2025 का फीता खोलकर उद्घाटन किया। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साकार होगी। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि आज का भारत किसी के सामने झुकने वाला भारत नहीं है। मेला आगामी 18 अक्टूबर तक संचालित रहेगा। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने मेले में लगाए गए स्टॉल का अवलोकन कर उसे सराहा।

प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की गुणवत्ता टिकाऊ है। भारतवासी स्वदेशी अपनाएं, स्वदेशी को महत्व दें और आगे बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने देश की सुरक्षा व संप्रभुता से कोई समझौता नहीं किया और दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का मानना है कि अमेरिका के उत्पादों का मुकाबला स्वदेशी उत्पादों से हो तथा मेक इन इंडिया की परिकल्पना साकार हो। उन्होंने बताया कि मेला आगामी 18 अक्टूबर 2025 तक संचालित रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत के व्यवसायी स्वदेशी उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा दें व स्वदेशी उत्पाद बेंचे। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पहले दिन जीएसटी में किए गए बदलाव के सकारात्मक असर देखने को मिले हैं। उपभोक्ताओं को इसका सीधा लाभ मिला है। दवाइयों को टैक्स फ्री किया गया है अन्य उपयोगी वस्तुओं पर टैक्स कम किया गया है या बिल्कुल खत्म किया गया है, जिसका सीधा लाभ प्रदेशवासियों व देशवासियों को मिल रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज का भारत किसी के सामने झुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि जनपद, प्रदेश व देशवासी स्वदेशी अपनाकर देश को आगे बढ़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज भारत के उत्पादों की साख विदेशों तक है। यह मेला प्रधानमंत्री की वोकल फार लोकल मंत्र को बढ़ावा देने के लिए है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि मेले का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। यह मेला हस्तशिल्पियों, कारीगरों और उद्यमियों को दीपावली से पहले अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने का अवसर प्रदान करेगा। यह आयोजन आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत हो रहा है। पहली बार पूरे प्रदेश में एक साथ इतना बड़ा मेला लगाया जा रहा है। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश ट्रेड शो 2025 की सफलता के बाद अब प्रदेश सरकार गुरुवार से सभी जिलों में स्वदेशी मेला लगाए जा रहे है। स्वदेशी को प्रोत्साहन देने के लिए यह मेला आयोजित किया गया है। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि प्रदेश में पहली बार हर जिले में स्वदेशी मेलों का आयोजन किया जा रहा है। छोटे हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं उद्यमियों को दीपावली से ठीक पहले उनके उत्पादों को प्रदर्शित करने व बिक्री का एक बड़ा मंच मिलेगा। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग, माटी कला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, रेशम, ग्रामीण आजीविका मिशन, सीएम युवा, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान से संबंधित विभागों, हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं उद्यमियों द्वारा रोजगार परक योजनाओं एवं उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। मेले में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इससे पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री, प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री, जिलाध्यक्ष भाजपा अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने मेले में लगाए गए स्टॉलों का एक-एक कर अवलोकन किया व उत्पादों के बारे में जानकारी लेकर उसे सराहा।

इस अवसर पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, शारदेंदु पाठक, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा सीएल यादव अन्य अधिकारीगण व बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# सीओ बिल्सी ने आत्मरक्षा के लिए छात्राओं को किया जागरुक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। फ्यूचर लीडर्स स्कूल एवं इस्लामियां इंटर कालेज में मिशन शक्ति के तहत नारी सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा पर केंद्रित एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं को आत्मविश्वास, सुरक्षा, स्वावलंबन और जागरूक किया गया।

फ्यूचर लीडर्स स्कूल में सीओ बिल्सी संजीव कुमार, प्रशिक्षु गौरव उपाध्याय, एसएचओ मनोज कुमार, महिला एसआई रचना देशवाल ने कहा कि मिशन शक्ति प्रदेश सरकार की एक सशक्त पहल है, जिसका लक्ष्य महिलाओं को सामाजिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से सोशल मीडिया का उपयोग सोच-समझकर करने और किसी भी प्रकार की परेशानी पर तुरंत रिपोर्ट करने की सलाह दी। डायरेक्टर वीपी सिंह ने कहा कि ऐसी पहल छात्राओं में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाने में अत्यंत सहायक हैं। इस मौके पर एमडी राहुल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इधर, नगर के इस्लामियां इंटर कालेज में अभियोजन अधिकारी ज्योत्सना दुबे के नेतृत्व में सभा आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं को समाज में महिलाओं पर होने वाले उत्पीड़न व छेड़खानी से बचने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अंबुज वार्ष्णेय, अरुण कुमार, महिला कांस्टेबल रितु तोमर, प्रियांशी तोमर, सविता देवी, शिवांगी सागर, असफिया खान, खुशबू खान आदि मौजूद रही।

# एक दिन के लिए सीओ बनीं छात्रा अनुष्का, सुनीं लोगों की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। मिशन शक्ति फ़ेज 5 के तहत बृहस्पतिवार को छात्रा अनुष्का को एक दिन के लिए क्षेत्राधिकारी (सीओ) सहसवान बनाया गया। इसी तरह अन्य छात्राओं को भी अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। सहसवान में छात्रा अनुष्का एक दिन के लिए क्षेत्राधिकारी सहसवान नियुक्त किया गया। बृहस्पतिवार को अनुष्का ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय में लोगों की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का मौके पर निस्तारण कराया। उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके लिए गौरवपूर्ण है और इससे उन्हें पुलिस सेवा में महिलाओं की भूमिका को समझने का अवसर मिला। इस अवसर पर सीओ सहसवान कर्मवीर सिंह सहित पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। सहसवान थाना प्रभारी के रूप में बृहस्पतिवार को एक पब्लिक स्कूल की कक्षा आठ की छात्रा रिद्धिमा माहेश्वरी को एक दिन की जिम्मेदारी दी गई। छात्रा ने लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण कराया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

वहीं शीतल को बनाया कुंवरगांव थानाध्यक्ष

थाना कुंवरगांव में 10वीं की छात्रा शीतल को एक दिवसीय थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया। छात्रा शीतल ने थाने के दैनिक कार्यों का संपादन, महिला संबंधित शिकायतों की सुनवाई, तथा कानून-व्यवस्था की समीक्षा कर पुलिस कार्यप्रणाली का अनुभव प्राप्त किया। उन्हें शिकायत निवारण प्रक्रिया, थाने में पंजीकृत प्रकरणों के निस्तारण और जनसहभागिता की भूमिका की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कुंवरगांव सहित थाना स्तर के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। बिल्सी में एक दिन की ईओ बनीं स्नेहा बिल्सी नगर पालिका परिषद में श्री महेश बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की दसवीं कक्षा की छात्रा स्नेहा सागर एक दिन के लिए सांकेतिक अधिशासी अधिकारी बनी। यहां छात्रा ने पालिका में आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। अधिशासी अधिकारी वेदप्रकाश यादव ने छात्रा स्नेहा सागर का स्वागत किया।

# मिशन शक्ति फ़ेज-5 के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल/गुन्नौर। मिशन शक्ति फ़ेज-5 के तहत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से नवोदय विद्यालय रसूलपुर में गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा, महिला अधिकारों, साइबर अपराधों से बचाव और लैंगिक समानता से जुड़ी जानकारियाँ दी गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उप जिलाधिकारी गुन्नौर अबधेश कुमार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की बेटियाँ हर क्षेत्र में अग्रसर हैं, इसलिए उनका आत्मनिर्भर और सजग होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीड़न की स्थिति में वे तुरंत प्रशासन या पुलिस से संपर्क करें और निडर होकर अपनी बात रखें। थाना प्रभारी गुन्नौर अखिलेश प्रधान ने छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाना है। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1930 आदि के बारे में विस्तार से बताया और छात्राओं को सतर्क रहने तथा दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक जाहरी सिंह, महिला उपनिरीक्षक अपर्णा बंसल, उप निरीक्षक संदीप कुमार, चौकी प्रभारी अमित कुमार, महिला आरक्षी राधा, पूनम, कल्पना, आरक्षी अमित कुमार, सुमित कुमार, नितिन कुमार तथा महिला लेखपाल प्रेरणा मौजूद रहीं। सभी अधिकारियों ने अपनी-अपनी ओर से छात्राओं को उपयोगी सुझाव दिए और आत्मरक्षा से संबंधित व्यवहारिक टिप्स भी साझा किए।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन ने मिशन शक्ति टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास व सजगता की भावना को और मजबूत करते है।

# ट्रांसपोर्ट अदा करे गुम हुए समान की कीमत : उपभोक्ता आयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहजोई। बहजोई निवासी शिवम वार्ष्णेय काली मंदिर रोड पर शिवसार मेडिकल चलाते हैं उन्हें अपने मरीजों के लिए मुरादाबाद से कुछ दवाओं को महा सितंबर 2024 में जय देश ट्रांसपोर्ट से मंगाया था जो व्यापारी ट्रांसपोर्ट बहजोई के माध्यम से प्राप्त होनी थी । जब दवाईयां प्राप्त नहीं हुई तो उन्होंने दोनों ट्रांसपोर्ट पर संपर्क किया तो दोनों एक दूसरे पर टालम टोल करने लगे जब वास्तविकता पता चली तो शिवम द्वारा बुक कराए गए दो नगों में से एक नग गुम हो गया और ट्रांसपोर्ट वाले एक ही नग की बात कह कर पल्ला झाड़ रहे थे परेशान हो कर वो उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय से मिले और सारी बात बताई तब उनकी ओर से एक परिवाद जिला उपभोक्ता आयोग में दाखिल किया गया जहां आयोग दे दोनों पक्षों को तलब किया तो उन्होंने बताया कि हमारे यहां एक ही नग बुक किया था जो गुम हो गया है । वादी के अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय ने बताया कि खोए हुए नागो के संबंध में कोई भी गुमशुदी कही दर्ज नहीं कराई गई है और न ही बिल्टी पर उनका मूल्य अंकित किया गया है ऐसी स्थिति में विपक्षी खोए हुए माल की कीमत 29290 रुपए परिवादी को अदा करने के लिए जिम्मेदार है। आयोग ने दोनों पक्षों की बहस को सुना और आदेश दिया कि विपक्षी जयदेश ट्रांसपोर्ट एण्ड फावर्डिंग ऐजेंसी मुरादाबाद के संचालक को आदेशित किया जाता हैं कि वह परिवादी शिवम् वार्ष्णेय को बुक की गई दवाओं की कुल कीमत महालिंग 29290 रुपए उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 7% वार्षिक ब्याज सहित अंदर दो माह में अदा करें। इसके अलावा विपक्षी परिवादी को मुबलिग बीस हजार रुपए मानसिक कस्ट एवं आर्थिक हानि के मद में तथा पांच हजार रुपए वाद व्यय के मद में भी अदा करेगी। नियत अवधि में धनराशि अदा न किए जाने की दशा में ब्याज 9% वार्षिक की दर से देय होगा।

## गुन्नौर मदरसा में राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौलाना ने किया पौधारोपण

बदायूँ। मदरसा एम. ए. हिदायतुल उलूम प्रबंधक मशकूर अहमद के कस्बा गुन्नौर में राष्ट्रीय युवा वाहिनी (भारतीय जागरूक परिषद) भाजपा सहयोगी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित हरीश गौतम एवं संगठन के पदाधिकारी व मदरसे के सचिव मौलाना साजिद सफदर ने मदरसे के बच्चों को साथ लेकर एकता का संदेश देने के लिए वृक्षारोपण किया पंडित हरीश गौतम ने कहा की वायु प्रदूषण की रोक थाम के लिए सभी को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना चाहिए और उनके संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए अध्यक्ष जी ने कहा प्रधानमंत्री मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी जी जी की मंशा के अनुसार दीनी तालीम कुरान के साथ – साथ कंप्यूटर साइंस की भी शिक्षा छात्रों के लिए अति आवश्यक हैं जिससे देश के अंदर एक अच्छा वैज्ञानिक अच्छा साइंटिस्ट अच्छा डॉक्टर अच्छा इंजीनियर मदरसे से निकलकर देश सेवक बन सकें। इस अवसर पर मुख्य रूप से राशिद खान इंजीनियर इमरान खान रहें।

# कर्मयोगी बनें! संभल एक धर्म की भूमि है : स्वामी कृष्णानंद झा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल ( बहजोई )। बड़ा मैदान बहजोई में 6 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव 2025 में आज चतुर्थ दिवस के प्रथम सत्र में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ जन सम्मेलन सोशल सेक्टर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि मा. सदस्य विधानपरिषद उत्तर प्रदेश सतपाल सैनी रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि का जनपद संभल की सम्मान की नई परंपरा पंचोपचार के द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि सतपाल सैनी एवं जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अन्य अतिथि गणों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अंतर्गत डीडीआरएस योजना के अंतर्गत एस जे हाई स्कूल संस्था आवासीय विद्यालय रतनपुर खुर्द एवं परिषदीय विद्यालय की बालिकाओं एवं दिव्यांगजन छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गयी।

भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान नई दिल्ली से आए स्वामी कृष्णानंद झा ने कर्मयोगी विषय पर चर्चा की उन्होंने कहा कि कर्मयोगी बने। संभल एक धर्म की भूमि है यहाँ ?भगवान कल्कि का अवतार होना है। उन्होंने बताया कि मिशन कर्मयोगी एक ऐसी योजना है जो आपको आपके परिवार से राज्य तक राज्य से देश तक और देश से विश्व तक जोड़ती है। उन्होंने कहा कि कर्म योगी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है हमें निस्वार्थ भाव से कार्य करना चाहिए । हमें परमार्थ के लिए कार्य करना चाहिए तथा लोकहित कर्मयोगी का संकल्प होता है। उन्होंने जनपद संभल में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को लेकर भी चर्चा की? । जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पाण्डेय द्वारा दिव्यांगजनों से संबंधित विभागीय योजनाओं के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांगजन विभाग के लिए अलग से बैठक की जाती है ताकि बैठक के अंतर्गत दिव्यांग जनों से संबंधित समस्याओं एवं कार्यों की अच्छे से समीक्षा की जा सके। विभाग द्वारा पीपीटी के द्वारा भी दिव्यांगजनों के लिए किया जा रहे कार्यों के विषय में बताया गया।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव वृहद स्तर पर किया जाता है इसमें काफी संख्या में लोग आते है तथा शासन? की विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त करते हैं।उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन क्षेत्र के अंतर्गत संभल में बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। दिव्यांगजन पेंशन में जनपद संभल प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। जिलाधिकारी ने सम्भल संवाद एप के विषय में भी जानकारी प्रदान की और उन्होंने कहा कि अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन के माध्यम से सम्भल संवाद एप को डाउनलोड कर जनपद के निजी एवं सार्वजनिक संस्थाओं की जानकारी ,अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विवरण तथा सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा डिजिटल इंडिया का स्वप्न देखा है इसके अंतर्गत इंडिया डिजिटल तब होगा जब प्रशासन तक मोबाइल के माध्यम से आमजन की पहुंच होगी। यह एप इसी की दिशा में बढता कदम है।दिव्यांगजन सशक्तिकरण में यह एप महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा क्योंकि इसके माध्यम से जनपद एवं दिव्यांगजन विभाग से जुड़ी जानकारियां आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।मिशन शक्ति 5.0 अभियान पर भी चर्चा की तथा इसकी थीम नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन पर चर्चा की । उन्होंने कहा कि जनपद में उनके द्वारा अभिभावकों को पत्र लिखने की परम्परा शुरू की गयी है। विद्यालयों में पीटीएम एवं एसएमसी की बैठकों में इन पत्रों पर चर्चा की जाए तथा विद्यालय में होने वाली प्रार्थना सभा में भी इनका वाचन किया जाए जिलाधिकारी ने विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दीअ 2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए लोगों को अधिक से अधिक सुझाव देने के लिए भी कहा। मुख्य अतिथि मा. विधान परिषद सदस्य श्री सतपाल सैनी जी ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा दिव्यांगों के लिए एक सम्मान जनक नाम दिव्यांगजन नाम दिया गया। उन्होंने कहा कि आज भारत माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश को विकसित उत्तर प्रदेश बनाने से पहले उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना होगा और इसमें हम सबको अपना योगदान देना होगा साथ ही हम सभी को भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर देश बनाने में भी अपना प्रमुख योगदान देना होगा । उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट के लिए आप अच्छे-अच्छे सुझाव दें ताकि अच्छी नीतियां बन सकें और उन्होंने कहा कि जो थोड़ी बहुत समस्याएं हैं उनको दूर करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है और उन्होंने कहा की सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम किया जा रहे हैं और उनमें से सम्भल कल्कि महोत्सव भी एक है। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें अगर स्वास्थ्य एवं निरोगी रहना है तो श्री अन्न का उपयोग करें हम लोगों को स्वदेशी भोजन पर जाना होगा। हमें आत्मनिर्भर बनना पड़ेगा, ग्राम पंचायतों को भी आत्मनिर्भर बनाना पडेगा तथा निकायों को भी आत्मनिर्भर बनाना पड़ेगा।

## पांच हजार रुपये रिश्वत लेते ग्राम विकास अधिकारी गिरफ्तार

**बदायूं।** एंटी करप्शन टीम ने बृहस्पतिवार को बड़ी कार्रवाई की। टीम ने ग्राम विकास अधिकारी को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूर्व सैनिक से राशन की दुकान खोलने के प्रस्ताव पर रिपोर्ट देने के एवज में रिश्वत ली थी। बदायूं जिले के आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र में तैनात ग्राम विकास अधिकारी गौरव कुमार को एंटी करप्शन टीम ने पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को बिसौली कोतवाली ले जाया गया, जहां उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। जानकारी के अनुसार इस्लामनगर कस्बे के मोहल्ला काजी टोला निवासी पूर्व सैनिक सुरेश ने शिकायत की थी कि पिपरिया गांव में राशन की दुकान खोलने के प्रस्ताव पर रिपोर्ट देने के लिए गौरव कुमार ने 25 हजार रुपये की मांग की थी। बाद में पांच हजार रुपये तय हुए थे।बृहस्पतिवार को ग्राम विकास अधिकारी ने सुरेश को मिलने बुलाया। सुरेश की सूचना पर एंटी करप्शन टीम भी पहुंच गई। ग्राम विकास अधिकारी ने सुरेश से पांच हजार रुपये लिए। इसी दौरान टीम ने रंगेहाथ उसे दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बिना पंजीकरण झोलाछाप कर रहे इलाज, नोटिस के नाम पर उगाही

**बदायूं।** सहसवान क्षेत्र में सीएचसी प्रभारी की लापरवाही और भ्रष्टाचार ने अवैध अस्पताल संचालकों को 'कानूनी सुरक्षा कवच' दे रखा है। शहर से लेकर देहात तक बिना रजिस्ट्रेशन अप्रशिक्षित डॉक्टर खुलेआम अस्पताल चला रहे हैं जहां मरीजों की जान खिलवाड़ कर रहे हैं। अस्पतालों के बाहर नामी डॉक्टरों के झूठे होर्डिंग्स और डिग्रियों के पोस्टर लगे हुए हैं, जिससे आम लोगों को भ्रमित कर इलाज के नाम पर भारी रकम वसूली की जाती है। जबकि हकीकत यह है कि जिन डॉक्टरों के नाम से यह खेल खेला जा रहा है, उनका क्षेत्र से कोई वास्ता और सरोकार तक नहीं है क्षेत्र में कई अस्पतालों में फर्जी ऑपरेशन थिएटर बनाकर अलीगढ़ या बदायूं से ओटी टेक्नीशियन को कुछ हजार रुपये में बुलाकर ऑपरेशन कराए जाते हैं। ऑपरेशन में गड़बड़ी होने पर मरीजों को रेफर कर दिया जाता है जान सस्ती है महंगा इलाज है।सूत्रों के अनुसार, इन अस्पतालों की जड़ें सीधे स्वास्थ्य विभाग के कुछ अधिकारियों तक जाती हैं। विभाग के अधिकारी इन अवैध क्लीनिकों से कथित तौर पर ल्लमहीनेदारीड्ड वसूलते हैं, और बदले में आंखें मूंदे रहते हैं। जब कभी कार्रवाई की चर्चा होती है, तो सिर्फ औपचारिक नोटिस थमा दिए जाते हैं उसके बाद उगाही शुरू होती है। शहर के नवादा स्थित बिना मानकों चल रहे अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक को सील कर दिया था। अन्य अस्पताल बिना पंजीकरण के धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में निजी अस्पतालों के मुद्दों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह ने अवैध अस्पतालों का संचालन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि शहर के नवादा पर कई अस्पताल मानकों के विपरीत कार्य कर रहे हैं । जबकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी है।पिछले काफी दिनों से स्वास्थ्य विभाग को ब्लूमिंगडेल स्कूल के पास सायरा हॉस्पिटल बगैर रजिस्ट्रेशन के संचालित होने की शिकायत मिल रही थी। जिसको स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया था उसके बावजूद भी नवादा इलाके में मानवों के विपरीत काफी निजी अस्पताल चल रहे हैं जिन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## पति-पत्नी का अनोखा संकल्प: बबराला के दंपति 18 वर्षों से साथ रखते हैं करवाचौथ का व्रत

**संभल/बबराला।** परंपरागत रूप से करवाचौथ का व्रत महिलाएँ अपने पति की दीर्घायु के लिए रखती हैं, लेकिन बबराला नगर में एक दंपति ऐसा भी है जो इस परंपरा को एक नई दिशा दे रहे हैं। नगर के रेलवे रोड स्थित शूज स्टोर के संचालक समाजसेवी नितिन वार्ष्णेय और उनकी पत्नी रेनू वार्ष्णेय बीते 18 वर्षों से साथ-साथ करवाचौथ का व्रत रख रहे हैं। नितिन वार्ष्णेय पुत्र रामोतार वार्ष्णेय का विवाह 27 नवंबर 2001 को चंदौसी निवासी रेनू वार्ष्णेय के साथ हुआ था। विवाह के कुछ वर्षों बाद उन्होंने यह निर्णय लिया कि वे अपनी पत्नी के लिए भी करवाचौथ का व्रत रखेंगे। तब से लेकर आज तक हर साल दोनों पति-पत्नी यह व्रत साथ रखते हैं और चंद्रमा के दर्शन के बाद एक-दूसरे को पानी पिलाकर व्रत खोलते हैं। नितिन वार्ष्णेय ने बताया कि, ल्लजैसे पत्नी अपने पति की लंबी आयु की कामना करती है, वैसे ही पति को भी अपनी पत्नी की दीर्घायु की कामना करनी चाहिए। व्रत केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि एक भावनात्मक बंधन है जो पति-पत्नी के रिश्ते को और मजबूत बनाता है।ङ्क रेनू वार्ष्णेय ने भी मुस्कुराते हुए बताया कि जब पहली बार नितिन ने यह व्रत उनके साथ रखने की बात कही थी तो उन्हें बहुत अच्छा लगा। आज यह परंपरा उनके जीवन का हिस्सा बन चुकी है और दोनों हर वर्ष पूरे श्रद्धा और प्रेम के साथ करवाचौथ का व्रत करते हैं।बबराला नगर के लोगों के लिए यह दंपति समानता और प्रेम का प्रतीक बन गया है। स्थानीय लोग कहते हैं कि नितिन और रेनू वार्ष्णेय ने यह साबित कर दिया है कि करवाचौथ केवल महिलाओं का त्योहार नहीं, बल्कि पति-पत्नी के आपसी स्नेह और सम्मान का उत्सव है।

## सेवा भारती केंद्र पर महिलाओं ने लगवाई मेहंदी

**अनूपशहर।** सेवा भारती द्वारा करवा चौथ पर महिलाओं ने सेवा केन्द्र की छात्राओं से हाथों मे मेहंदी लगवाकर एक दूसरे को शुभकामना दी। सेवा भारती के वीरांगना झांसी की रानी (निशुल्क) सिलाई संस्कार केंद्र पर करवा चौथ पर छात्राओं सेवा भारती से जुड़ी महिलाओं की हथेली पर मेहंदी से सुंदर-सुंदर आकृति उकेरी। भाजपा नेत्री दामिनी गौड़ ने कहा कि करवा चौथ विवाहित महिलाओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। करवा चौथ पर महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पति की दीर्घायु के साथ परिवार में खुशहाली की कामना करती है। इस अवसर पर दामिनी गौड़, रितु गुप्ता, सौम्या गुप्ता, आरती मिश्रा आदि महिलाओं ने मेंहदी लगवाकर एक दूसरे को करवा चौथ की शुभकामनाएं दी। मेहंदी लगवाने वाली सेवा भारती से जुड़ी महिलाओं ने मेहंदी लगवाने की रस्म के रूप में सेवा भारती केंद्र से जुड़ी छात्रों की आर्थिक मदद के लिए धनराशि भेंट की।

## जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल ने अनूपशहर के वाहिद को किया सम्मानित

**अनूपशहर।** श्रीनगर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में कश्मीर यूनिवर्सिटी श्रीनगर के संस्कृत भाषा के प्रोफ़ेसर के रूप में नगर के वाहिद को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा सम्मानित करने पर नगर में हर्ष की लहर दौड़ गई। अनूपशहर नगर के मुहल्ला गदियाना निवासी नसरुद्दीन गाजी के पुत्र प्रोफ़ेसर नाहिद ने प्रारंभिक शिक्षा नगर के एलडीएवी इंटर कालेज से दसवीं उत्तीर्ण कर अलीगढ़ विश्वविद्यालय से अपनी उच्च शिक्षा पूर्ण की। वर्ष 2004 में कश्मीर यूनिवर्सिटी श्रीनगर में संस्कृत के प्रोफ़ेसर बन गए। उन्होंने संस्कृत को मातृभाषा के रूप में अपनाने के साथ आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रयास किया। जिसके चलते कश्मीर के हजारों विद्यार्थियों को संस्कृत बोलने, समझने तथा लिखने में पारंगत बना दिया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान श्रीनगर तथा राजभाषा सेल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रोफ़ेसर वाहिद को उनके भारतीय भाषा के प्रति अत्यधिक लगाव तथा आगे बढ़ाने के प्रयास में विशेष रूप से जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी भारतीय भाषा जाति धर्म का भेद नहीं मानती है। इस बात को समझते हुए प्रोफ़ेसर वाहिद ने संस्कृत को अच्छी तरह से जाना और समझा। इसके बाद संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए प्रयास किया। अपने देश की भाषा को सर्वोपरि माना अन्य भाषाओं का भी सम्मान किया। उनके संस्कृत के प्रति विशेष लगाव के कारण उन्हें सम्मानित किया गया है। प्रोफ़ेसर वाहिद को उपराज्यपाल द्वारा सम्मानित किए जाने की सूचना से नगर में हर्ष की लहर दौड़ गई।

## 8 आईएएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार की देर रात को 8 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इनमें प्रतीक्षारत रहे दो अधिकारियों का भी प्रभार मिला है। तबादले के क्रम में आईएएस सेल्वा जे कुमारी को सचिव, नियोजन विभाग व महानिदेशक अर्थ एवं संख्या के पद से मुक्त करते हुए महानिदेशक प्राविधिक शिक्षा एवं सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग बनाया है। प्रतीक्षारत रहे समीर वर्मा को सचिव, नियोजन विभाग व महानिदेशक अर्थ एवं संख्या, प्रभु नारायण सिंह को प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, मासूम अली सरवर को प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड बनाया गया है। इसी तरह आशीष कुमार को विशेष सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग एवं अपर महानिरीक्षक निबंधन से प्रबंध निदेशक उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के पद पर तैनात किया गया है। कानपुर के नगर आयुक्त सुधीर कुमार को विशेष सचिव, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग तथा अपर महानिरीक्षक निबंधन की जिम्मेदारी मिली है।रायबरेली के मुख्य विकास अधिकारी रहे अर्पित उपाध्याय को नगर आयुक्त कानपुर, अंजुलता को सचिव मुरादाबाद से रायबरेली के मुख्य विकास अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है।

## अखिलेश बताएं , क्यों किया था कांशीराम का अपमान: असीम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि कांशीराम के नाम पर बने जिलों, मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों से उनका नाम काटने का काम किया है। लखनऊ के भाषा विश्वविद्यालय और सहारनपुर के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब उनके पास गलती से मुख्यमंत्री की कलम आई थी, तब भी उन्होंने केवल अपमान करने का काम किया। मंत्री असीम अरुण ने अखिलेश यादव से सवाल किया कि उन्हें आज क्यों बाबा साहब और मान्यवर कांशीराम की याद आ रही है, जबकि उन्होंने पूर्व में उनके अपमान में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता इस छल-कपट को समझ चुकी है और समाज के सशक्त निर्माण के लिए आज वास्तविक काम ही महत्व रखता है। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि आज कांशीराम की पुण्यतिथि है और इस अवसर पर वे उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं।

# मिशन शक्ति के तहत आईजी की अध्यक्षता में ने लगाई चौपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । सरकार की महत्वाकांक्षी ल्लमिशन शक्ति 5.0ङ्क अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 09 अक्टूबर 2025 को थाना धानेपुर क्षेत्र के ग्राम दुल्हापुर बनकट में पुलिस महानिरीक्षक देवीपा टन परिक्षेत्र की अध्यक्षता में एक भव्य मिशन शक्ति चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में जिलाधिकारी गोण्डा,मुख्य विकास अधिकारी,अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा,पंचायत राज,विद्युत समेत अनेक विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के संबंध में जन-जागरूकता फैलाना तथा स्थानीय बरूआर जाति समुदाय की समस्याओं को जानकर उनका मौके पर ही समाधान कराना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, विशेष



रूप से बरूआर जाति समुदाय के लोगों ने प्रतिभाग किया और अपनी समस्याएं पुलिस महानिरीक्षक देवीपा टन रेंज तथा जिलाधिकारिओ के समक्ष प्रस्तुत कीं।इस दौरान उपस्थित अधिकारीगण द्वारा समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस अवस र पर अधिकारियों द्वारा उपस्थित जनसमूह को महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा संचालित योजना जैसे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना,रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मा न कोष,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, एवं हेल्पलाइन सेवाओं सीएम हेल्पलाइन 1076, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सायबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस हेल्पलाइन 112, एम्बुलेंस 102(केन्द्रीय 108(राजकीय) आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, किसी भी प्रकार की हिंसा या भेदभाव की स्थिति में तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन से संपर्क करने, तथा आत्मरक्षा के प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा बताया गया कि पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा और सम्मा न के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है,और प्रत्येक थाने में मिशन शक्ति डेस्क स्थापित कर महिलाओं की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है।इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों की सहभागिता रही। महिला ओं ने प्रशासन के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से शास न-प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है,जिससे समस्याओं के समाधा न में पारदर्शिता व त्वरित कार्यवाही संभव हो पाती है।

# पशु चिकित्सा सेवा वेंटिलेटर पर पशुपालक परेशान, जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले कर्नलगंज स्थानीय तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत हलधरमऊ विकास खंड क्षेत्र के पशु चिकित्सा सेवाएं गंभीर संकट से जूझ रही हैं। क्षेत्र के दो पशु अस्पताल और चार पशु सेवा केंद्रों में डॉक्टरों और कर्मचारियों की भारी कमी के कारण पशुपालकों को अपने बीमार पशुओं के इलाज के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पिछले पांच सालों से दो पशु सेवा केंद्र बंद पड़े हैं,जिससे क्षेत्र की पशु चिकित्सा व्यवस्था बदहाल हो चुकी है।हलधरमऊ ब्लॉक के पशु अस्पताल में डॉक्टर अच्छेलाल वर्मा के नवंबर 2023 में सिद्धार्थ नगर तबादले के बाद से कोई नियमित डॉक्टर नहीं है।इस अस्पताल का चार्ज भभुआ पशु अस्पताल के डॉक्टर अनिल कुमार कटियार देख रहे हैं,जबकि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बृज नाथ पाण्डेय अकेले बीमार पशुओं का इलाज कर रहे हैं। दूसरी ओर, बालपुर पशु अस्पताल का भवन जर्जर हो चुका है।बरसात में छत से पानी टपकता है, और कर्मचारी बाल्टियों में पानी इकट्ठा करने को मजबूर हैं।यहां डॉक्टर विनोद कुमार पाण्डेय के जुलाई 2022 में तबादले के बाद से कोई नियमित डॉक्टर नहीं है। केवल फार्मासिस्ट पंकज चौधरी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मोहम्मद इसरार कार्यरत हैं। यह अस्पताल हलधरमऊ,कटरा बाजार,परस पुर और झंझरी क्षेत्रों के पशुपालकों की जरूर तें पूरा करता है।क्षेत्र के चार पशु सेवा केंद्रों बरांव, नहवा परसौरा,मैजापुर और भुलभुलिया में भी स्थिति दयनीय है।नहवा परसौरा और मैजापुर केंद्र पिछले पांच साल से बंद हैं। नहवा परसौरा केंद्र के खिड़की-दरवाजे सड़ चुके हैं, और मैजापुर का भवन जर्जर होकर झाड़ियों से घिर गया है।भुलभुलिया केंद्र ड्रेसर शरद श्रीवा स्तव के भरोसे चल रहा है, जबकि बरांव केंद्र का कार्यभार कटरा बाजार की पशुधन प्रसार अधिकारी सावित्री सिंह संभाल रही हैं।पशुधन प्रसार अधिकारियों और फार्मासिस्टों की कमी

डॉ.अनिल कटियार के अनुसार,विभाग में डॉक्टरों,पशुधन प्रसार अधिकारियों और फार्मासिस्टों की भारी कमी है। जिले में तीन दर्जन से अधिक पशु अस्पतालों के मुकाबले केवल डेढ़ दर्जन डॉक्टर हैं,जिससे पशु चिकित्सा सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हैं। पशु पालकों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं, और विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग उठ रही है।

# आईजी ने धानेपुर थाने का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमित पाठक ने थाना धानेपुर का भ्रमण कर मिशन शक्ति अभियान के क्रियान्वय न एवं प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा महिला सम्बन्धी अपराधों को उच्च प्राथमि कता व गुणवत्तापूर्ण तरीके से त्वरित निस्तारित करने के निर्देश दिए गएम् मिशन शक्ति अभिया न के तहत नियमित पैदल गस्त किये जाने, बा जारों,स्कूल-कालेजों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में एण्टी रोमियो टीम द्वारा शोहदों,मनचलों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने तथा आगामी त्यौ हारों की तैयारियों के सम्बन्ध में आवश्यक दि शा- निर्देश दिए गए।आईजी अमित पाठक के द्वारा थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि मिशन शक्ति



अभियान के तहत गाँवों-कस्बों, स्कूल-कालेजों आदि में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को टोल फ्री नम्बरों तथा शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में जागरुक करेंम् निरीक्षण के क्रम में आईजी अमित पाठक द्वारा अपराध रजिस्टर,आगंतुक रजिस्टर,एण्टी रोमियो रजिस्टर आदि को चेक किया गया तथा महिला हेल्प डेस्क व एंटीरोमियो टीम में तैनात पुलिसकर्मियों से वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# मजिस्ट्रेट के आदेश को मोतीगंज पुलिस दिख रही ठेंगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोतीगंज,गोण्डा । ग्राम समाज व आबादी की विवादित जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करने के दो मामलों में उपजिलाधिकारी सदर द्वारा दिए गए आदेश को मोतीगंज पुलिस ठेंगा दिखा रही है।दोनों मामलों में आठ व नौ अक्टूबर को किए गए अवैध निर्माण व कब्जा न होने देने तथा मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने का फरमान हवाई साबित हो रहा है और पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं, जबकि दबंग पुलिस की शिथिलता के चलते जमीन पर बेखौफ होकर कब्जा कर रहे हैं।मोतीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डड़वा दसौतिया के खुटेहना गांव के रहने वाले अमृतलाल मिश्र ने 08 अक्टूबर को एसडीएम गोण्डा सदर को प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें कहा कि उसके कब्जे की आबादी की जमीन पर गलत तरीके से दबंगई के बल पर निर्माण कराकर कब्जा किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में तत्काल अवैध निर्माण कार्य रोका जाना



आवश्यक है।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने नायब तहसीलदार गोण्डा सदर व प्रभारी निरीक्षक थाना मोतीगंज को आदेशित किया कि उक्त प्रकरण की जांच कर लें। यदि अवैध निर्माण हो रहा हो तो ऐसा न होने पाए। मौके पर शांति व्यवस्था कायम रखें। कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अविलंब अवगत कराएं।इस मामले में नायब तहसीलदार द्वारा बताया गया कि वह जिले से बाहर हैं, जबकि मोतीगंज थाना प्रभारी निरीक्षक ने कार्रवाई करने से हाथ खड़ा कर दिया। कहा कि बिना नायब तहसीलदार के वह इस मामले में कुछ नहीं कर सकते हैं। इस बीच पुलिस की शिथिलता का लाभ उठाते हुए विपक्षी आबादी की जमीन पर निर्माण कर कब्जा करता रहा और शिकायतकर्ता निर्माण कार्य रोकवाने के लिए मोतीगंज थाना व कहोबा चौकी पुलिस तथा नायब तहसीलदार की मनुहार करता रहा। वहीं दूसरी तरफ, मोतीगंज थाना क्षेत्र के ही गौरवा कानूनगो की रहने वाली संवारी देवी पत्नी सीताराम ने 09 अक्टूबर को एसडीएम गोण्डा सदर को प्रार्थना पत्र दिया जिसमें कहा कि उसकी क्रयशुदा आराजी रकबा भूमि गाटा संख्या 241/0.061 स्थित ग्राम गौरवा कानूनगो पर विपक्षी बलराम, नरेंद्र व ननके अवैध कब्जा कर रहे हैं। मांग की कि विपक्षीगणों का अवैध कब्जा रोकते हुए खलिहान, बंजर भूमि नवीन परती 243 की पैमाइश राजस्व टीम एवं पुलिस बल की उपस्थिति में कराया जाए। इस मामले को भी गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी सदर ने राजस्व निरीक्षक व एसएचओ थाना मोतीगंज को आदेशित किया कि ग्राम समाज की भूमि पर अवैध अतिक्रमण व अवैध निर्माण न होने पाए। शांति व्यवस्था बनी रहे। इस प्रकरण में भी राजस्व निरीक्षक और मोतीगंज पुलिस का रवैया नकारात्मक रहा।पुलिस ने राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी की मौजूदगी के बिना अवैध निर्माण कार्य अथवा अवैध कब्जा रोकवाने को हाथ खड़े कर दिए।ऐसे में उपजिलाधिकारी सदर का आदेश न सिर्फ हवाई साबित हो रहा है,बल्कि पीड़ितों, शिकायतकर्ताओं का भरोसा भी उठ रहा है। दोनों प्रकरणों के शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जब एसडीएम के आदेश का कोई मायने ही नहीं है तो उनसे फरियाद करना बेमानी ही है।

# आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में नानपारा बनी जिले की अव्वल तहसील



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जन शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर लगातार सख्त निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस मिशन को आगे बढ़ाते हुए नानपारा तहसील ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी के कुशल नेतृत्व और परिश्रम के परिणामस्वरूप तहसील ने लगातार दो माह तक आईजीआरएस निस्तारण में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मोनालिसा जौहरी, जो अपनी निष्पक्ष कार्यशैली, तत्परता और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए जानी जाती हैं, ने नानपारा तहसील की कार्यप्रणाली में उल्लेखनीय सुधार किया है। शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए उन्होंने प्रशासनिक दक्षता का नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस उपलब्धि के बाद जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने एसडीएम मोनालिसा जौहरी की मेहनत और कार्यशैली की सराहना की है। एसडीएम ने कहा कि—जन शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापरक निस्तारण ही हमारी प्राथमिकता है। शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना सबसे अहम लक्ष्य है। यह सफलता पूरी टीम के संयुक्त प्रयास का परिणाम है, और आगे हम और बेहतर परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# फार्मासिस्ट की लापरवाही से मरीज बेहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपईडीह पर फार्मासिस्ट की मनमानी से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बिना शुल्क लिए मुफ्त की दवाएं नहीं दी जा रही है।केंद्र पर तैनात डॉ.जितेंद्र मिश्रा द्वारा मरीजों को लिखी गई कई दवाएं फार्मासिस्ट उपलब्ध न होने का बहाना बनाकर नहीं देते, सुविधा शुल्क उपलब्ध कराने पर तुरंत दवा उपलब्ध हो जाती है।लेकिन गरीब मरीजों को इधर-उधर भटकना पड़ता है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दवा लेने पहुंचे बुजुर्ग रामतीर्थ को फार्मासिस्ट ने 'आई ड्रॉप' देने से यह कहते हुए मना कर दिया कि दवा दो दिनों से खत्म है।जब मरीज ने इसकी शिकायत डॉ.



जितेंद्र मिश्रा से की तब जाकर दवा उपलब्ध कराई गई।ग्रामीण क्षेत्र के लोगो का कहना है कि यह कोई पहली घटना न हीं है।

आए दिन मरीजों को ल्लदवा खत्म हैङ्क कह कर वापस भेज दिया जाता है,लेकिन सुविधा शुल्क उपलब्ध कराने पर अंदर से दवाएं मिल जाती है।जबकि केंद्र पर पर्याप्त स्टॉक होने की बात कही जाती है।इस बाबत पूछे जाने पर कें द्र प्रभारी डॉ.जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि बुजुर्ग मरीज को दवा उपलब्ध करा दी गई है और फि लहाल सभी दवाएं पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जनता के लिए जीवन रेखा माने जाते हैं, यदि मुफ्त दवाओं के वितरण में लापरवाही और मनमानी हो, तो यह व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा कमजोर करती है।बुजुर्ग मरीज न उच्च अधि कारियों से म मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाने की मांग की है और यह सुनिश्चित किया जाए कि हर मरीज को केंद्र से मुफ्त, समय पर और सम्मानपूर्वक दवा मिले।स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही ही ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मज़बूत बना सकती है।

## प्रतापगढ़ में अर्टिगा कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश प्रतापगढ़ जिले के जेठवारा थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुए सड़क हादसे में अर्टिगा कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई । हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों में युवक का शव देखते ही कोहराम मच गया। अर्टिगा चालक वाहन सहित फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक जेठवारा सुभाष यादव ने बताया कि, कांछा निवासी गंगा प्रसाद यादव पुत्र रामदुलारे यादव डीएपी खाद लेने के लिए रेंडी समिति जा रहे थे। इसी दौरान जब वह जेठवारा पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे, तो प्रतापगढ़ की ओर से आ रही एक अर्टिगा कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। हादसे में गंगा प्रसाद यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत पुलिस व 108 एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघराय भेजा गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

## विज्ञान और गणित मेला एवं टी एल एम प्रदर्शनी का आयोजन



कैसरगंज बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । राजकीय हाईस्कूल बदरौली कैसरगंज बहराइच में विज्ञान और गणित मेला एवं टी एल एम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले में छात्र–छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, नवाचार और समस्या–समाधान कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। उक्त कार्यक्रम छात्रों को व्यावहारिक गतिविधियों और परियोजनाओं के माध्यम से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (द्व्ट्ठक्ख्न) की विभिन्न अवधारणाओं का अन्वेषण करने के लिए प्रोत्साहित करते है। छात्र एवं छात्राओं के द्वारा विभिन्न मॉडल बनाए गए। जिसमे , शिवा यादव, माधवी देवी , शिवानी, कुर्बान, अंकित, साक्षी, आमिर, अजली, सम्मी, आदित्य, सहबान आदि छात्रों ने अपने मॉडल के बहुत ही रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। अंत में प्रधानाध्यापिका नीतू के द्वारा बताया गया कि आमतौर पर विज्ञान का छात्र प्रयोग करते हैं, आँकड़े एकत्र करते हैं और अपने निष्कर्षों को एक संरचित प्रारूप में प्रस्तुत करते हैं। दूसरी ओर गणित मेले गणितीय अवधारणाओं, मॉडलों और अनुप्रयोगों पर केंद्रित होते हैं। दोनों प्रकार के मेलों का उद्देश्य छात्रों में आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक कौशल को बढ़ावा देना है। श्रीमती सुदामा देवी,स्नेहा वर्मा,विभा ,सुनीता मौर्य ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## बाल विवाह को 'नो' कहने वाली साहसी बालिका हुई सम्मानित

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । महिला ''मिशन शक्ति'' विशेष अभियान फ़ेज 5.0 के अन्तर्गत जिलाधिकारी के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला प्रोबेशन कार्यालय में आयोजित ''बाल विवाह को न–चैम्पियन का सम्मान'' कार्यक्रम के दौरान स्वयं अपना बाल विवाह रोकवाने वाली एक साहसी बालिका गुड़िया (काल्पनिक नाम) जिसने ''बाल विवाह को न–शिक्षा को हाँ'' कहने का साहस दिखाया, उसे पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने कहा कि समाज में दूसरी बेटियां भी आपसे प्रेरणा लेंगी। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरूतियों के दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि बाल विवाह न केवल बालिकाओं के भविष्य को प्रभावित करता है, बल्कि उनके स्वास्थ्य और शिक्षा पर भी गम्भीर प्रभाव डालता है।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने विद्यालय निरीक्षण में ली शिक्षण व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नानपारा की उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी गुरुवार को अचानक मेहरबाननगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचीं। उनके आगमन से विद्यालय परिसर में हलचल का माहौल बन गया। एसडीएम ने सबसे पहले विद्यालय की उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया, फिर कक्षाओं में जाकर शिक्षण व्यवस्था का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से गणित, हिंदी और अंग्रेजी के सवाल पूछे। कुछ छात्रों ने आत्मविश्वास के साथ सही उत्तर दिए, जिनकी उन्होंने सराहना की। वहीं, जिन बच्चों को जवाब देने में कठिनाई हुई, उनके लिए एसडीएम ने शिक्षकों को विशेष ध्यान देने और अतिरिक्त अभ्यास कराने के निर्देश दिए। मोनालिसा जौहरी ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय बच्चों की शिक्षा का पहला पड़ाव होता है, इसलिए यहां की नींव



जितनी मजबूत होगी, उनका भविष्य उतना ही उज्जवल बनेगा। उन्होंने शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर बच्चों को सामान्य ज्ञान और समसामयिक विषयों की भी जानकारी दें, ताकि उनका समग्र विकास हो सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मिड-डे मील की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया। उन्होंने स्वयं भोजन का स्वाद लेकर उसकी गुणवत्ता जांची और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर व रसोई की सफाई पर उन्होंने असंतोष जताया और तुरंत व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। एसडीएम ने शिक्षकों से कहा कि वे बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके व्यवहार और आत्मविश्वास पर भी नज़र रखें। उन्होंने कहा– शिक्षक सिर्फ ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि बच्चों के जीवन निर्माण के मार्गदर्शक होते हैं। विद्यालय का वातावरण ऐसा हो जो बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित करे।

# निजी डॉक्टरों के अपने मेडिकल स्टोर, कहां जाएं छोटे दवा व्यवसाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा । जिले में दवा का कारोबार कर रहे छोटे व्यापारियों के सामने समस्याओं का अंबार है। इस व्यवसाय के बढ़ते दायरे के बीच उन्हें कारो बार करने में कई अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है।जिले में मरीजों और अस्पतालों की संख्या पहले की तुलना में अब काफी बढ़ गई है।फार्मा कंपनियों भी बड़ी तादाद में बढ़ी हैं। हर दवा कंपनी की दवाइयां रख पाना छोटे दुकानदारों के लिए संभव नहीं होता।इसे लेकर उन्हें मेडिकल स्टोर चलाने में इनको नुकसान होता है अक्सर लोग लौट जाते हैं।छोटे कस्बों में जहां डाक्टर नहीं बैठते हैं वहां पर्चे नहीं आते हैं ऐसे में मरीजों की डिमांड पर बिना पर्चे के द वा देना इनकी मजबूरी बन जाती है।इससे द वाओं की बिक्री प्रभावित होती है।सरकारी डाक्टर दवा बाहर की लिखते नहीं लिखते भी हैं तो उनके अपने मेडिकल स्टोर हैं।निजी चि कित्सक भी अपने क्लिनिको में मेडिकल स्टोर चला रहे हैं। रायबरेली,संवाददाता।जिले वा सियों को स्वास्थ्य सेवा देने वाले दवा कारो बारियों को अक्सर बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मरीजों के दर्द को दूर करने वाले दवा व्यवसायियों के दर्द को सुनने वाला कोई नहीं है।अक्सर इन्हें विभाग से लेकर जीएसटी तक की उलझनों को दूर करने के लिए दिन रात उलझना पड़ता है।नई दवा की दुकानों के लाइसेंस से लेकर इनके नवीनीकरण में भी समस्याएं आती हैं। वहीं ऑनलाइन दवा कारोबार ने भी इन व्यवसायों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जीएसटी पोर्टल पर आए दिन नए नियम परेशानी बढ़ा देते हैं। इसकी जानकारी देने के लिए कोई समुचित मंच नहीं जो इनसे जुड़ी समस्याओं को दूर करा सके।हर कस्बे में दवा की दुकानें मिल जाएंगी।फिर भी न कोई सरका री डाक्टर बाहर के पर्चे लिखता है न ही निजी चिकित्सक लिखता है उसके अपने मेडिकल स्टोर खुद खुले हुए हैं।ऐसे में यह दवा व्यवसाई किस तरह अपना घर चला रहे हैं यह कहना क ठिन है।इन लोगों को सरकार से कई उम्मीदें हैं। जिससे इनको भी राहत मिल सके।ऐसे में दवा व्यापारियों से कैनविज की टीम ने पड़ताल की तो उन्होंने खुले मन से अपनी समस्याओं को साझा किया।छोटे दवा व्यापारियों ने कहा कि वह हर विषम परिस्थितियों में दवा व्यवसाई काम करते हैं।दवा दुकानदारों ने कहा कि आज के दौर में मेडिकल स्टोर चलाना एक चुनौती से कम नहीं है।सरकार जेनरिक दवाओं को बढ़ाए जाने पर जोर दे रही है फिर भी इनके प्रचार- प्रसार न होने पर मरीज उसे कम ही लेते हैं। फिर भी इन्हें रखना पड़ता है।अक्सर कई कंप नियों को दवाएं एक्सपायरी हो जाती हैं तो उन्हें फेंकना पड़ता है।कुछ कम्पनियां तो वापस कर लेती हैं जबकि सभी ऐसा नहीं करती हैं। इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए।आज भी ब्रांडेड दवाओं की ओर लोगों का रुझान अधिक है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन दवा कारोबार से मुश्किलें बढ़ी हैं।इससे लोगों के स्वास्थ्य पर असर होता है और हम स्थानीय दवा कारो बारियों का नुकसान भी होता है।इसके लिए लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी विभाग की है।उन्होंने कहा कि दवा कारोबारियों पर जीएसटी लगाना नहीं चाहिए।इससे दवा के दाम पर असर पड़ता है। इससे दवा महंगी होती है।मरीज की जेब पर प्रभाव पड़ता है।अब सर कार ने जीएसटी कम की है लेकिन यह मुक्त होनी आवश्यक है।इससे लोगों को दवाएं सस्ती मिलेंगी।इसके साथ ही यहां नकली दवा पर रोक के लिए प्रभावी व्यवस्था नहीं है।इससे सभी को दिक्कत होती है। इसके लिए जिले में प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। क्योंकि हम कारोबारियों के पास उसे परखने का कोई विकल्प नहीं है। इससे हम लोग यह नहीं जान सकते कि कौन से दवा नकली और कौन सी असली है। इसके लिए पूरी तरह से कंपनी पर ही निर्भर होना पड़ता है। इसके साथ ही नई दुकानों के पंजीकरण में लोगों को परेशान किया जाता है। कई तरह की जटिल प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। इससे सबको दिक्कत होती है। इसे आसान बनाने की जरूरत है। तभी यहां सब लोगों को लाभ मिलेगा। इन्होंने कहा कि सुबह से लेकर रात तक इसी कार्य में लगे रहते हैं।दवा कारोबारियों को सरकार की ओर से कोई विशेष सुविधा नहीं दी जा रही है। सभी ने एक स्वर में कहा कि जीएसटी की दिक्कतों को दूर करने के लिए कोई समुचित व्यवस्था की जाए।

# जनप्रतिनिधियों की शिकायतों एवं प्रस्तावों को गम्भीरता से लेकर निस्तारण करें अधिकारी : किशोरी लाल शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक हुई सम्पन्न

अमेठी । जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति ''दिशा'' की बैठक विकास भवन के प्रेरणा सभागार में सांसद किशोरी लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह,गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह,जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन योजना (शहरी/ग्रामीण), ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना परंपरागत कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रक नियंत्रण कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव ने पूर्व दिशा की बैठक में जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर की गई कार्यवाहियों के महत्वपूर्ण बिंदुओं को समिति के समझ प्रस्तुत किया जिस पर समिति के सदस्यों द्वारा सहमति दी गई।सांसद ने कहा कि सभी योजनाएं सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं सभी अधिकारीगण योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से करें। सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों से सतत संवाद बनाए रखें तथा जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर शासन की योजनाओं को बेहतर दिशा दें तथा उन्हें धरातल पर उतारे और पात्र लोगों को लाभान्वित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक में उक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, ब्लॉक प्रमुख भादर प्रवीण सिंह, भेटुआ आकर्ष शुक्ला, शाहगढ़ सदाशिव यादव सहित अन्य ब्लाक व ग्राम स्तर के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बीएसए ने नवाचार महोत्सव एवं नालेज शेयरिंग कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### ब्लाक संसाधन केंद्र गौरीगंज के प्रांगण में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया

अमेठी। ब्लाक संसाधन केंद्र गौरीगंज मुख्यालय पर गुरुवार को नवाचार महोत्सव एवं नालेज शेयरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने किया।ब्लाक संसाधन केन्द्र मुख्यालय पर आयोजित नालेज शेयरिंग कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी में विकास क्षेत्र गौरीगंज की नौ न्याय पंचायत के अलग अलग स्टाल लगाये गये जिसमें विभिन्न न्याय पंचायत के शिक्षकों ने विद्यालयों में प्रयुक्त किया जा रहे नवीन नवाचारों, टीएलएम आदि की प्रदर्शनी के माध्यम से एक दूसरे के यहां हो रहे नवाचार टीएलएम प्रयोग को शेयर किया।शिक्षकों के द्वारा भाषा, गणित ,विज्ञान आदि विषयों पर आधारित उत्कृष्ट माडल टीएलएम का प्रदर्शन किया गया जिसके माध्यम से बच्चों को कठिन विषय वस्तुओं को भी सरल भाषा में सिखाया जा सकता है।प्रदर्शनी का प्राथमिक विद्यालय गौरीगंज प्रथम, गौरीगंज द्वितीय के साथ ही कम्पोजिट विद्यालय गौरीगंज आदि विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने शिक्षकों द्वारा विभिन्न नालेज शेयरिंग कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुये प्रतिदिन प्रार्थना सभा में तथा कक्षाओं में टीएलएम के माध्यम से बच्चों को विभिन्न विषय वस्तुओं को सिखाने पर जोर दिया।खण्ड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने कक्षा शिक्षण में टीएलएम के प्रभाव और महत्व के विषय में बताते हुए सभी कक्षाओं को टीएलएम के माध्यम से सुसज्जित करने के लिये कहा।खण्ड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने समस्त सक्रिय रूप से प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र के माध्यम से सम्मानित किया।इस अवसर पर एआरपी प्रमोद तिवारी,अरविंद पाण्डेय,बद्री विशाल हरिकेश विष्णु कांत अश्विनी कुमार,अमित, नन्हे, वसीम,अनुपम सिंह, रणजीत, रमा शंकर अभिषेक महेंद्र समस्त शिक्षक संकुल सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# महिला बंदियां अपने पतियों संग मनाएंगी करवाचौथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### बंदीगृह की दीवारों में भी सजेगा स्नेह का चांद

### महिला आयोग की पहल से करवा चौथ बनेगा प्रेम और मिलन का पर्व

अमेठी । महिलाओं के अधिकारों एवं उनके सम्मान की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने एक अभूतपूर्व और संवेदनशील पहल की है। आयोग द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित महिला बंदीगृहों में आवासित महिलाए आगामी दस अक्टूबर को करवा चौथ का पर्व अपने पतियों की उपस्थिति में पारम्परिक रूप से मनाएँगी। यह निर्णय राज्य महिला आयोग अधिनियम की धारा नौ के अंतर्गत आयोग के निर्धारित कार्यों के क्रम में लिया गया है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिला बंदियों को भी अपने भावनात्मक और पारिवारिक अधिकारों से वंचित न रहना पड़े। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान ने बताया कि करवा चौथ केवल एक व्रत नहीं बल्कि प्रेम, निष्ठा और विश्वास का प्रतीक पर्व है। महिला आयोग का यह प्रयास बंदीगृहों की दीवारों के भीतर भी स्नेह, सम्मान और आत्मिक जुड़ाव की भावना को पुनर्जीवित करेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकार केवल कानूनी नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक भी हैं और आयोग इन सभी पहलुओं की समान रूप से संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ0बबिता सिंह चौहान ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर अनुरोध किया है कि अपने-अपने जनपदों में महिला बंदीगृहों की पात्र महिलाओं के पतियों को तथा बंदीगृह में निरूद्ध पुरुष बंदियों की पत्नियों को कारागार में आमंत्रित कर करवा चौथ का पर्व पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाए जाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करें।डॉ बबिता सिंह चौहान ने बताया कि यह आयोजन महिला आयोग की उस सोच का प्रतीक है जो हर परिस्थिति में महिला के सम्मान और संवेदना की रक्षा के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## जिला अस्पताल पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमंडल

पीलीभीत।धान खरीद को लेकर किसानों की बढ़ती समस्याओं और किसान नेता रंजीत सिंह कहलो पर हुए जानलेवा हमले के बाद समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह ल्लजग्गाङ्क के नेतृत्व में जिला अस्पताल, पीलीभीत पहुँचा एवं उच्च अधिकारियों से वार्ताकर उचित इलाज के कहा।प्रतिनिधिमंडल ने घायल किसान नेता से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा इस हमले की कड़ी निंदा की।यह हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं बल्कि किसान की आवाज़ पर किया गया हमला है। यदि प्रशासन ने 3 दिन के भीतर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, तो समाजवादी पार्टी किसानों के साथ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।उन्होंने आगे कहा कि किसानों को सरकारी समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है और मिल माफियाऽप्रशासन गठजोड़ किसानों की मेहनत का शोषण कर रहा है। समाजवादी पार्टी किसानों की लड़ाई हर स्तर पर लड़ेगी। प्रतिनिधिमंडल ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर चार माँगें रखीं है। किसान नेता रंजीत सिंह कहलो पर हमले की निष्पक्ष जांच हो।

# लेखपाल संघ भवन अवैध करार किस पर होगी कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### दो डीएम व एक एसडीएम भी जांच दायरे में

### आरटीआई कार्यकर्ता रामानंद मिश्रा की पहल पर हुआ खुलासा

सुल्तानपुर। जनपद में शासन की आंखों के सामने ही नियमों की धज्जियाँ उड़ती दिख रही हैं। तहसील सदर क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृति के लेखपाल संघ भवन का निर्माण कर लिया गया। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा निर्माण मानचित्र विभाग के मुखिया और अफसरों की नाक के नीचे हुआ, लेकिन किसी ने भी इसे रोकने की जहमत नहीं उठाई। सूत्रों के अनुसार, यह निर्माण कार्य लंबे समय से चल रहा था और विभागीय अधिकारियों की जानकारी में भी था। फिर भी मानचित्र विभाग के अधिकारियों ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। स्थानीय लोग इसे ल्लकमाऊ पूतोंङ्क की करतूत बता रहे हैं, जबकि विभागीय अफसरों की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। लेखपाल संघ के अध्यक्ष राधेश्याम शुक्ला से जब इस संबंध में पूछा गया, तो उन्होंने स्वीकार किया कि ल्लसंघ कार्यालय में मानचित्र स्वीकृति से जुड़े कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं हैं। वहीं, संघ के पूर्व मंत्री राजेश श्रीवास्तव ने मानचित्र स्वीकृति के सवाल पर कहाकि डीएम के संज्ञान में है। विनियमित क्षेत्र के अवर अभियंता उमेश चंद्र ने पुष्टि की कि विभाग के अभिलेखों में लेखपाल संघ भवन से जुड़ी कोई फाइल उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस बारे में एसडीएम सदर को सूचित कर दिया है कि भवन निर्माण के लिए कोई मानचित्र पास नहीं है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि आम जनता के मकान या दुकान के निर्माण में विभाग नोटिस थमा देता है, लेकिन सरकारी कर्मचारियों के भवन पर प्रशासन आंखें मूंद लेता है। लोगों ने शासन से मांग की है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। सुल्तानपुर में तहसील सदर स्थित यह मामला इस बात का प्रतीक बन गया है कि कैसे नियम केवल आम नागरिकों के लिए सख्त हैं, जबकि सरकारी कर्मचारी मनमानी करने में पीछे नहीं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस ल्लबिना नक्शे के बने भवन पर क्या कदम उठाता है।

न्यूज 2 नगर पालिका पहुंचे प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख

पूरनपुर।नगर पालिका सभागार पूरनपुर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख कृषि राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार रहे। मंत्री ने उपस्थित व्यापारी बंधुओं से जीएसटी में कमी के बाद वस्तुओं के घटे मूल्यों पर विस्तार से चर्चा की तथा कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनहित के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से आमजन को राहत मिली है और बाजार में सकारात्मक वातावरण बना है।इस अवसर पर सभी उपस्थित व्यापारीगणों,जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस निर्णय का स्वागत करते हुए घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार का नारा लगाकर केंद्र सरकार के इस कदम की सराहना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे विधायक बाबूराम पासवान,भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य रितुराज पासवान, नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान, घुंघचिहाई मंडल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, व्यापार मंडल प्रदेश

# अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर पीडब्ल्यूडी का साइन बोर्ड गिरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### राम वन गमन मार्ग पर टला बड़ा हादसा

### पुलिस बैरिकेडिंग से अनहोनी होने से टली

सुल्तानपुर। अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर एक बड़ा हादसा टल गया है। टेढ़ूई के पास लोक निर्माण विभाग का एक साइन बोर्ड अचानक गिर गया। गनीमत रही कि दुर्गा पूजा विसर्जन शोभायात्रा के कारण पुलिस बैरिकेडिंग होने से पहले उस समय मौके पर कोई मौजूद नहीं था। आज गुरुवार दोपहर करीब दो बजे कोतवाली नगर के टेढ़ूई क्षेत्र में यह घटना हुई। साइन बोर्ड गिरने के समय उसके आसपास कोई राहगीर या बड़ा वाहन नहीं था, जिससे किसी बड़े नुकसान होने से बचा गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस स्थान पर साइन बोर्ड गिरा,वहां दुर्गापूजा विसर्जन शोभा यात्रा के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा रखी थी। इस वजह से आमतौर पर व्यस्त रहने वाले इस मार्ग पर भीड़भाड़ कम थी और कोई बड़ा वाहन भी मौजूद नहीं था। साइन बोर्ड के अचानक गिरने से यह स्पष्ट हो गया है कि वह पहले से ही जर्जर स्थिति में था। ऐसे में पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं कि जर्जर बोर्ड को समय रहते क्यों नहीं हटाया या बदला गया। विभाग द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य भी चल रहा है, जिसके बावजूद अधिकारियों की नजर इस पर नहीं पड़ी। यह मार्ग अयोध्या और प्रयागराज को जोड़ता है, जिस पर प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु और अन्य वाहन गुजरते हैं। यदि यह मार्ग विसर्जन यात्रा के कारण बंद न होता, तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। स्कूल-कॉलेज के छात्र और निजी वाहन भी आमतौर पर इस रास्ते से बड़ी संख्या में गुजरते हैं।

# श्री श्री जय दुर्गा क्रिकेट टूर्नामेंट समिति 2025 का हुआ भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू हुए सम्मिलित

पूरनपुर।विकास खंड की ग्राम पंचायत गभिया सहराई में ल्लश्री श्री जय दुर्गा क्रिकेट टूर्नामेंट समिति 2025ङ्क के तत्वावधान में भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ग्रीन पार्क स्टेडियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ल्लराजूङ्क मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।आयोजक समिति के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत एवं बैच लगाकर सम्मान किया और उन्हें खेल के उद्घाटन अवसर पर आमंत्रित किया। राजकुमार ल्लराजूङ्क ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ल्लखेल युवाओं में अनुशासन,भाईचारा और एकता की भावना को मजबूत करता है। ऐसे आयोजन गाँव-गाँव में समाज को जोड़ने और नई ऊर्जा देने का काम करते हैं।उन्होंने समिति के सभी सदस्यों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर ग्राम महाराजपुर और गभिया सहराई के बीच एक रोमांचक क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैदान पर उपस्थित दर्शकों ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और खेल भावना की मिसाल पेश की इस दौरान उनके साथ समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी,अमल मिस्त्री,प्रहलाद मंडल भी रहे। आयोजन समिति के सदस्यों मे प्रमुख रूप से सुभाष सिरसाट, अंजन बली, विवेक साना, समीर विश्वास, विजय बली, आनंद राय, ओमप्रकाश एवं अन्य साथियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## किसान नेताओं ने एसडीएम सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन भानु ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पंचायत की और सात सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह को सौंपा। संगठन ने कहा कि जनपद पीलीभीत में अन्य जिलों से धान की आमद पर तत्काल रोक लगाई जाए,जिससे स्थानीय किसानों का शोषण न हो। खाद वितरण में हो रही अनियमितताओं पर भी किसानों ने नाराजगी जताई और जांच की मांग की। उन्होंने बताया कि बिना भूमि वाले लोगों को खाद मिल रही है जबकि असली किसान वंचित हैं।ज्ञापन में कहा गया कि शेरपुर क्षेत्र में पुलिस की अनावश्यक चेकिंग से किसानों का उत्पीड़न हो रहा है, जिसे रोका जाए। अवैध लकड़ी कटान पर रोक लगाने और ग्राम पंचायत लाह में दबंगों द्वारा रास्ता बाधित करने के मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही शेरपुर कला के वाल्मीकि श्मशान घाट पर चारदीवारी निर्माण के लिए विधायक निधि से बजट स्वीकृत करने तथा आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा के ठोस उपाय करने की मांग की गई। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा,दिलशाद खान,सबलू खा,इजहार खान, सलमान, फैजान,मीनू बरकाती सहित दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे हैं।

## मिशन शक्ति के तहत जीजीआईसी की छात्राओं ने कोतवाली का किया भ्रमण उपस्थित रहा स्टाफ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर में स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने कोतवाली का भ्रमण किया इस दौरान उन्होंने कोतवाली में आने वाले फरियादियों की शिकायत किस प्रकार की जाती है। उनकी समस्याओं का समाधान कैसे किया जाता है।अन्य कोतवाली से संबंधित कार्यों को भी देखा मिशन शक्ति के तहत लगातार छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए पूरे जनपद में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर जाहिदा खातून, सत्यवती, पार्वती सहित कोतवाली की महिला दरोगा, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा है।

## बाल विवाह को न शिक्षा को हां थीम पर जीजीआईसी में हुआ कार्यक्रम

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु 90 दिवसीय कार्यक्रम ल्लमिशन शक्तिङ्क फ़ेज 5.0 के अंतर्गत आज पूर्वाहन बाल विवाह को न शिक्षा को हां थीम पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन पी.एम.श्री.राजकीय बालिका इंटर पूरनपुर में किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं को चाइल्ड हेल्पलाइन से काउंसलर मानिष्ता गुल अंसारी के द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर चर्चा करते हुए बताया, कि बाल विवाह एक कानूनन अपराध है, ऐसा कोई बालिका जिसकी आयु 18 वर्ष पूर्ण न हुई हो या बालक जिसकी आयु 21 वर्ष पूर्ण न हुई हो, यदि ऐसे बच्चों का विवाह कराया जाता है, तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत, जो व्यक्ति किसी भी बच्चे का बाल विवाह करता है, उसे 2 साल तक का कठोर कारावास या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। इसी तरह जो कोई भी बाल विवाह संपन्न करता है। संचालित करता है, या उकसाता है।उसे भी इसी तरह की सजा का सामना करना पड़ सकता है यदि आपको ऐसा कोई भी बाल विवाह की सूचना प्राप्त हो तो आप इसकी जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर कर सकते है, ये नंबर 24 घंटे संचालित बच्चों की मदद करने वाला नंबर है । साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि की जानकारी दी गई। राजकीय विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण पीलीभीत से कॉर्डिनेटर व मैनेजर शाहीना बी द्वारा हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1076, 102, 108 नंबरों आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ जाहिद खातून,चाइल्ड हेल्पलाइन से केस वर्कर प्रतुल सिंह एवं स्कूल के समस्त स्टाफ ने प्रतिभाग किया है।

## बच्चों के मामूली विवाद मे जमकर चले लाठी डंडे

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव चाट फिरोजपुर में सुबह करीब 11 बजे बच्चों के मामूली विवाद के बाद दो पक्षों में भयंकर मारपीट हो गई। गांव निवासी द्रोपती पत्नी हरीबाबू ने बताया कि उसकी देवरानी पूनम के बच्चे का गांव के ही सुनील के बच्चे से झगड़ा हो गया था। उसने विवाद शांत कराने के लिए दोनों बच्चों को अलग कर दिया इसी बात पर नाराज होकर सुनील, पूरनलाल, अजय, गंगा देवी और सुमन ने मिलकर द्रोपती के घर में घुसकर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों से पिटाई करने के साथ धारदार हथियार से वार कर द्रोपती को घायल कर दिया।

# किसान संगठन के जिलाध्यक्ष पर रंगदारी मांगने और फर्जी मुकदमा कराने को लेकर राइस मिल एसोसिशन ने व्यापार किया बंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।गुरुवार दोपहर 12 बजे नगर की के टी राइस मिल पर संरक्षक अजमेर सिंह छीना और अध्यक्ष बृजेश गुप्ता के अध्यक्षता मे आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राइस मिलर्स एसोसिएशन ने गंभीर आरोप लगाए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दावा किया कि किसान संगठन के कुछ नेताओं ने मिल संचालक अजमेर सिंह से दस लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी रंगदारी की रकम न देने पर राइस मिलर को शाम तक अंजाम भुगतने की धमकी दी थी जिसकी साजिश के तहत संगठन ने उन पर फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया वही किसान संगठन और राइस मिलर्स एसोसिएशन के बीच विवाद गहरा गया है फर्जी मुकदमे दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए राइस मिलरो ने अपना कारोबार बंद कर दिया किसान संगठन द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर अजमेर सिंह छीना और कुलदीप सिंह पन्नू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया मिलर्स का कहना है कि किसान संगठन के जिलाध्यक्ष पर फायर झोंकने और अन्य पदाधिकारी पर ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या के प्रयास जैसे आरोप बेबुनियाद हैं। मिलर्स ने इसे आर्थिक और व्यावसायिक दबाव बनाने की कोशिश बताया वही प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मिलर्स ने साफ शब्दों मे चेतावनी दी कि जब तक यह मुकदमा वापस नहीं लिया जाता,जिले की सभी राइस मिलें अपना संचालन बंद रखेंगी जिससे आम किसानो को धान की विक्री मे परेशानी आ सकती है वहीं, राइस मिलर्स का कहना है कि जब तक मुकदमा खत्म नही होता तब तक वापस नही लौटेंगे पूरनपुर में यह विवाद प्रशासन के लिए एक चुनौती बनता जा रहा है। वही राइस मिलरो ने अपने मिलो की चाबी प्रशासन को सौंपने की बात भी कही समस्या का समाधान और सुरक्षा दिलाने को लेकर राइस मिल एसोसिएशन ने एसडीएम और जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख को ज्ञापन सौंपा है।

# मछरेहटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का हुआ उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। डॉक्टर राजशेखर सिंह नोडल अधिकारी एवं मिश्रिख सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी जी के द्वारा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया गया सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी ने बताया की इस औषधि केंद्र में उच्च क्वालिटी की दवाएं मिलेंगी जो 60 से 80 परसेंट की छूट पर उपलब्ध रहेंगी क्षेत्र के मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा नोडल अधिकारी राजशेखर सिंह ने दवाओं की गुणवत्ता के बारे में मौजूद लोगों को बताया मौके पर मौजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर कमलेश, डॉक्टर आकाक्षा ,डॉक्टर अवनीश ,डॉक्टर अमित, डॉक्टर ओपी चौरसिया ,डॉक्टर अजीत सिंह सहित सत्यम सोनी, ओमप्रकाश, हिमांशु सोनी, अभिषेक यादव, अंशु सिंह,राजन रस्तोगी, राजेश शुक्ला गणमान्य लोग तथा फार्मासिस्ट एवं स्टाफ मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# बिहार में चुनावी बहार

आखिरकार, चुनाव आयोग द्वारा बिहार विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। दो दशक में पहली बार इतनी कम अवधि तथा दो चरणों में मतदान छह व ग्यारह नवंबर को होगा और मतगणना चौदह नवंबर को होगी। विवादों के केंद्र में रही चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पर विपक्ष की राजनीति राजग गठबंधन को चुनौती देगी। एक घटक, जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। जो पलायन व भ्रष्टाचार के मुद्दे को पार्टी का लक्ष्य बता रहे हैं। बहरहाल, लोकसभा चुनाव सात चरण में कराने के खट्टे अनुभवों से सबक लेकर चुनाव आयोग ने विपक्षी दलों की मांग पर विधानसभा चुनाव दो चरणों में समेटने का निर्णय लिया है। लेकिन यह तय है कि जिस तरह आनन-फानन में पर्याप्त तैयारियों की कमी के बीच एसआईआर को अंजाम दिया गया, उसको लेकर तमाम तरह के सवाल उभरते ही रहेंगे। यहां तक कि मामले में बार-बार शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा। अभी आयोग को उन लोगों की शिकायत का सामना करना पड़ेगा, जो वोटर लिस्ट में अपना नाम नहीं देख पा रहे हैं। बहरहाल, एक बात तो तय है कि दो दशक से बिहार की राजनीति के केंद्र में बने हुए नीतीश कुमार को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि राजग नेतृत्व को उम्मीद है कि हाल के दिनों में कराए गए विकास कार्य तथा लोकलुभावनी योजनाओं की बरसात से वोटों की फसल सींची जा सकेगी। ये आने वाला वक्त बताएगा कि बिहार का जनमानस नीतीश को फिर से गद्दी सौंपता है या फिर उत्साहित महागठबंधन को सत्ता में आने का मौका देता है। कांग्रेस व राजद का कई मतभेदों के बावजूद एकजुट रहना सुशासन बाबू के लिये मुश्किलें जरूर पैदा कर सकता है। इन चुनावों में मोदी-शाह की प्रतिष्ठा का भी मूल्यांकन होगा। नीतीश कुमार की प्रतिष्ठा भी इन चुनावों में दांव पर लगी है कि क्या वे दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले पाएंगे। बहरहाल, इस बार सुशासन बाबू की प्रतिष्ठा भी दांव पर है, जब विपक्ष ने भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था के सवाल को बड़ा मसला बना दिया है। जिस मुद्दे पर नीतीश अब तक राजद सरकार को जंगल राज बताकर घेरते रहे हैं, वही अस्त्र अब महागठबंधन की ओर से चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर विपक्ष एसआईआर विवादों के आलोक में मतदाताओं में असमंजस की बात कह रहा है। उसकी दलील है कि अब जब चुनाव में कुछ ही हफ्ते बाकी हैं विशेष गहन पुनरीक्षण अभी भी न्यायिक जांच के दायरे में है। दरअसल, शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से अंतिम मतदाता सूची से बाहर किए गए 3.66 लाख मतदाताओं का विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। दरअसल, 24 जून को चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर अभियान शुरू करने के बाद मतदाताओं की संख्या में खासा फ़ेरबदल होता रहा है। अभियान शुरू करते वक्त बिहार में मतदाताओं की संख्या 7.9 करोड़ थी, फिर एक अगस्त को जारी मसौदा सूची में यह संख्या घटकर 7.24 करोड़ रह गई। मृत्यु,प्रवास और दोहराव सहित विभिन्न आधारों पर 65 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए थे। अब अंतिम सूची में 7.42 करोड़ मतदाता हैं। मसौदा सूची में 21.53 लाख नाम जोड़े गए हैं और कुल 3.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों की दुविधा दूर करने के लिये चुनाव आयोग से कुछ सवालों का जवाब तुरंत देने को कहा है। निस्संदेह, न्यायालय के हस्तक्षेप के कारण, एसआईआर में कुछ हद तक पारदर्शिता देखी गई है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग को उन अवैध प्रवासियों की संख्या साझा करने की जरूरत है, जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए थे। उम्मीद की जानी चाहिए कि अखिल भारतीय एसआईआर शुरू करने से पहले बिहार से सबक लेकर सामने आई कमियों को दूर करने की दिशा में चुनाव आयोग पहल करेगा। अब ये आने वाला वक्त बताएगा कि महिलाओं, दिव्यांगों व बुजुर्गों के लिये बड़े पैमाने पर की गयी घोषणाओं का कितना लाभ सुशासन बाबू को मिलता है।

# मानसिक स्वास्थ्य है रोगमुक्त जीवन की मुस्कान

**विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर विशेष**

महिलाओं की स्थिति भी कम कठिन नहीं है। घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारियों, सामाजिक बंधनों और लैंगिक भेदभाव ने उनके मानसिक स्वास्थ्य को गहरे रूप से प्रभावित किया है। घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और सामाजिक असमानता की स्थितियाँ उन्हें भीतर से तोड़ देती हैं। फिर भी वे समाज की धुरी बनी रहती हैं। उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाना, उनके लिए सुरक्षित वातावरण और परामर्श की सुविधाएँ उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जब महिलाएँ स्वस्थ और संतुलित मन से कार्य करेंगी, तभी समाज स्वस्थ दिशा में आगे बढ़ सकेगा। इसी तरह वृद्धों का जीवन भी मानसिक स्वास्थ्य के मामले में अधिक जटिल होता जा रहा है। आत्महत्या की बढ़ती घटनाएँ एक चेतावनी हैं कि हम किसी बड़ी भूल के शिकार हैं। यह केवल व्यक्ति की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज का दर्पण है। जब कोई व्यक्ति यह मानने लगता है कि अब उसके जीवन का कोई अर्थ नहीं बचा, तब उसकी आत्मा में आशा का दीप बुझ जाता है। उसे बचाने के लिए आवश्यक है कि हम उसके पास जाएँ, उसकी बात सुनें, उसे यह एहसास दिलाएँ कि वह अकेला नहीं है। समाज, परिवार, शिक्षण संस्थान और सरकार सभी को मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा जहाँ निराश व्यक्ति के लिए तुरंत सहायता उपलब्ध हो। मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ गाँव-गाँव तक पहुँचें, स्कूलों और कार्यस्थलों में परामर्श केंद्र स्थापित हों, यह समय की पुकार है। नशा मानसिक अस्वास्थ्य का सबसे बड़ा सहचर बन चुका है। शराब, तंबाकू, मादक पदार्थ, यहाँ तक कि दवाओं के दुरुपयोग ने मनुष्य की चेतना को कुंद कर दिया है। नशा अस्थायी आनंद देता है, परंतु दीर्घकालिक विनाश का कारण बनता है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष हमें यह सोचने का अवसर देता है कि मनुष्य का सबसे बड़ा धन उसका मन है, और जब मन अस्वस्थ होता है तो समूचा जीवन बिखर जाता है। इस वर्ष की थीम है संकट और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना। यह थीम प्राकृतिक आपदाओं या अन्य आपात स्थितियों के दौरान लोगों के मानसिक स्वास्थ्य की जरूरतों को पूरा करने और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है, जो मानसिक स्वास्थ्य समर्थन तक पहुंच की बाधाओं को दूर करने और संकटग्रस्त लोगों के लिए प्रभावी सहायता तंत्र स्थापित करने के महत्व को रेखांकित करती है। आज दुनिया ऐसी परिस्थितियों से गुजर रही है जहाँ महामारी, युद्ध, आर्थिक संकट, सामाजिक अस्थिरता, बेरोजगारी और जलवायु परिवर्तन जैसी घटनाएँ लगातार मनुष्य के मन पर चोट कर रही हैं। इन आपदाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य की समस्या एक मौन महामारी बन गई है। भारत में यह चुनौती और भी बड़ी है क्योंकि यहाँ मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कम है और कलंक अधिक। मानसिक स्वास्थ्य दिवस सभी के लिए है-यह वर्ष के 365 दिन महत्वपूर्ण है, लेकिन 10 अक्टूबर दुनिया भर के सभी लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने हेतु एकजुट होने का एक अवसर है। यह सभी को अधिक समझ और सहानुभूति के माध्यम से अपने और दूसरों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित करता है। आज का युग आभासी दुनिया का युग है। मोबाइल, इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल साधनों ने हमारे जीवन को जितना आसान बनाया है, उतना ही जटिल भी। आभासी संबंधों ने संवाद के नए मार्ग खोले हैं, परंतु भावनाओं की सच्चाई को खोखला कर दिया है। हम हर समय आभासी दुनिया से जुड़े रहते हैं, लेकिन भीतर से अत्यंत अकेले हो गए हैं। दूसरों के सुख और सफलता के प्रदर्शन से तुलना और हीनता की भावना बढ़ती जा रही है। इस निरंतर प्रतिस्पर्धा और प्रदर्शन ने लोगों के मन में चिंता, अवसाद और असंतोष को गहरा कर दिया है। सोशल मीडिया का अति प्रयोग मनुष्य को कल्पना और भ्रम की दुनिया में धकेल रहा है, जहाँ असली जीवन की सादगी और आत्मीयता खोती जा रही है। युवा पीढ़ी सबसे अधिक मानसिक दबाव में है। प्रतिस्पर्धा, परीक्षा, करियर और परिवार की अपेक्षाएँ उन्हें उस स्तर तक पहुँचा रही हैं जहाँ असफलता आत्मघाती कदमों में बदलने लगी है। अनेक अध्ययन बताते हैं कि आत्महत्या करने वालों में सबसे बड़ी संख्या किशोरों और युवाओं की है। वे जीवन से नहीं, अपनी असफलता से भागना चाहते हैं, परंतु संवादहीनता, समझ की कमी और मानसिक परामर्श की अनुपलब्धता उन्हें अंधकार की ओर धकेल देती है। युवा जीवन में ऊर्जा और आशा के प्रतीक हैं, लेकिन जब उन पर अपेक्षाओं का बोझ हावी हो जाता है, तब वही ऊर्जा विनाशकारी रूप ले लेती है। परिवार और समाज को चाहिए कि वे उन्हें समझें, संवाद करें, उनके मन की सुनें, और उन्हें यह विश्वास दें कि असफलता अंत नहीं है, बल्कि आगे बढ़ने का अवसर है। महिलाओं की स्थिति भी कम कठिन नहीं है। घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारियों, सामाजिक बंधनों और लैंगिक भेदभाव ने उनके मानसिक स्वास्थ्य को गहरे रूप से प्रभावित किया है। घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और सामाजिक असमानता की स्थितियाँ उन्हें भीतर से तोड़ देती हैं। फिर भी वे समाज की धुरी बनी रहती हैं। उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाना, उनके लिए सुरक्षित वातावरण और परामर्श की सुविधाएँ उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जब महिलाएँ स्वस्थ और संतुलित मन से कार्य करेंगी, तभी समाज स्वस्थ दिशा में आगे बढ़ सकेगा। इसी तरह वृद्धों का जीवन भी मानसिक स्वास्थ्य के मामले में अधिक जटिल होता जा रहा है। आत्महत्या की बढ़ती घटनाएँ एक चेतावनी हैं कि हम किसी बड़ी भूल के शिकार हैं। यह केवल व्यक्ति की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज का दर्पण है। जब कोई व्यक्ति यह मानने लगता है कि अब उसके जीवन का कोई अर्थ नहीं बचा, तब उसकी आत्मा में आशा का दीप बुझ जाता है। उसे बचाने के लिए आवश्यक है कि हम उसके पास जाएँ, उसकी बात सुनें, उसे यह एहसास दिलाएँ कि वह अकेला नहीं है। समाज, परिवार, शिक्षण संस्थान और सरकार सभी को मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा जहाँ निराश व्यक्ति के लिए तुरंत सहायता उपलब्ध हो। मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ गाँव-गाँव तक पहुँचें, स्कूलों और कार्यस्थलों में परामर्श केंद्र स्थापित हों, यह समय की पुकार है। नशा मानसिक अस्वास्थ्य का सबसे बड़ा सहचर बन चुका है। शराब, तंबाकू, मादक पदार्थ, यहाँ तक कि दवाओं के दुरुपयोग ने मनुष्य की चेतना को कुंद कर दिया है। नशा अस्थायी आनंद देता है, परंतु दीर्घकालिक विनाश का कारण बनता है। यह व्यक्ति की आत्मनियंत्रण शक्ति को नष्ट कर देता है, निर्णय क्षमता को कमजोर करता है और अवसाद तथा आत्महत्या की प्रवृत्ति को बढ़ाता है। नशे की लत से ग्रस्त व्यक्ति समाज से कट जाता है और उसकी आत्मा में एक गहरा शून्य भर जाता है। इस समस्या का समाधान केवल दंड से नहीं, बल्कि संवेदनशील पुनर्वास और मानसिक परामर्श से संभव है। समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति शिक्षित करना और युवाओं को इसके जाल से बचाना हर घर की जिम्मेदारी होनी चाहिए। मानसिक अस्वस्थता से जूझ रहे व्यक्ति को सबसे पहले आवश्यकता होती है आशा की। निराशा की अंधेरी सुरंग में यदि कोई हाथ थाम ले, यदि कोई मुस्कान दे दे, यदि कोई कह दे कि सब ठीक हो जाएगा, तो वही वाक्य जीवनदान बन सकता है। आत्महत्या की रोकथाम का आरंभ संवेदनशील संवाद से होता है। हमें अपने बच्चों, मित्रों, सहकर्मियों और परिवारजनों से यह रिश्ता बनाना होगा कि वे अपने मन की बात कह सकें, बिना किसी भय या लज्जा के। आज का हर व्यक्ति तनावग्रस्त है। तनाव उनको होता है, जो निरंतर मन, वाणी और शरीर की प्रवृत्ति में लगे रहते हैं, विश्राम नहीं करते। यानी कि आज की भाषा में जो 'बिजी' रहते हैं। बिजी रहने की इस आदत ने जीवन में बहुत टेंशन पैदा किए हैं। जीवन में बिजी के साथ ईजी होना जरूरी है क्योंकि एक पहिए से रथ नहीं चलता। उसके लिए दोनों पहिए चाहिए। ज्ञान और ध्यान, काम और आराम- ये जीवन रूपी रथ के दो पहिए हैं। एक पहिए को निकाल देंगे तो रथ नहीं चलेगा। आज यही तो समस्या है और यही मानसिक अस्वास्थ्य की जड़ है। जीवन को एकांगी बनाया जा रहा है। इससे बहुत भारी समस्याएं पैदा हो रही हैं। मन की चंचलता का तो ज्यादा से ज्यादा इंतजाम किया जा रहा है, पर उसे स्थिर बनाने का कोई उपाय नहीं किया जा रहा है। समस्या स्थिरता में नहीं, चंचलता में होती है। बाहर का खोल जितना भी मजबूत हो, भीतर को साधे बिना चंचलता कम नहीं होती। ये भीतर की गांठें देर-सबेर उलझा ही देती हैं। आज आवश्यकता है कि हम मानसिक स्वास्थ्य को विलासिता नहीं, बल्कि आवश्यकता समझें। शरीर की बीमारी के लिए जैसे हम डॉक्टर के पास जाते हैं, वैसे ही मन की पीड़ा के लिए भी विशेषज्ञ सहायता लेना सामान्य बने। मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को विद्यालयों में जोड़ा जाए, परामर्श केंद्रों को सशक्त किया जाए, और हर नागरिक को यह संदेश दिया जाए कि सहायता लेना कमजोरी नहीं, बल्कि साहस का प्रतीक है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि चेतना का पर्व है। यह हमें याद दिलाता है कि स्वस्थ मन ही स्वस्थ समाज का आधार है। हमें निराशा से आशा की ओर, अकेलेपन से अपनत्व की ओर और अस्वस्थता से संतुलन की ओर बढ़ना है। मनुष्य की सबसे बड़ी ताकत उसका मन है, और जब मन शांत, स्थिर और प्रसन्न होगा, तभी जीवन भी सुंदर होगा। इसलिए आइए, हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि हम अपने और दूसरों के मन की सेहत का ध्यान रखेंगे, संवाद करेंगे, सहयोग करेंगे और हर उस व्यक्ति के लिए आशा का दीप जलाएँगे जो अंधेरे में भटक रहा है। यही इस दिवस का सच्चा संदेश और जीवन का शाश्वत सार है। **–ललित गर्ग**

# दीर्घजीवी होने की कामना के पर्व करवा चौथ व अहोई

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

पति पत्नी के दाम्पत्य जीवन के दीर्घजीवी होने की कामना के पर्व करवा चौथ को ही लें, यह पर्व महिलाएं अपने पति के स्वस्थ दीर्घजीवी होने के करती हैं, यह पर्व पति के प्रति समर्पित पतिव्रता नारी के त्याग व प्रेम का बोध कराता रहा है। वर्तमान में जब पति और पत्नी के दाम्पत्य जीवन में ही संदेह के बादल मंडराने लगे हैं तथा नौकरीपेशा पति पत्नी का दाम्पत्य जीवन समझौते पर टिका है।

करवा चौथ पर्व के पति पत्नी के समर्पित विश्वास और श्रद्धा के प्रति कुछ पंक्तियाँ सार रूप में कही गई थी-

स्वस्थ दीर्घायु रहूँ मैं यह तुम्हारी कामना है,
तन समर्पित मन समर्पित और समर्पित भावना है,
है तुम्हारी प्रीत निर्मल मैं हृदय से जानता हूँ,
गृहस्थ पथ पर संग चल मैं धन्य जीवन मानता हूँ ।

एक समय था, कि जब पर्व भारतीय समाज की आत्मा में रचे बसे थे। पर्वों के प्रति उल्लास प्रत्येक हृदय में रहता था तथा पर्वों के प्रति श्रद्धा और विश्वास अटूट था। आज सम्भवतः वैसा नहीं है। यह समाज में व्याप्त भौतिकता का प्रभाव है, कि पर्व श्रद्धा से कम दिखावे के लिए अधिक मनाए जाने लगे हैं। पति पत्नी के दाम्पत्य जीवन के दीर्घजीवी होने की कामना के पर्व करवा चौथ को ही लें, यह पर्व महिलाएं अपने पति के स्वस्थ दीर्घजीवी होने के करती हैं, यह पर्व पति के प्रति समर्पित पतिव्रता नारी के त्याग व प्रेम का बोध कराता रहा है। वर्तमान में जब पति और पत्नी के दाम्पत्य जीवन में ही संदेह के बादल मंडराने लगे हैं तथा नौकरीपेशा पति पत्नी का दाम्पत्य जीवन समझौते पर टिका है। रिश्ते में सामंजस्य के अभाव के चलते प्रीत भरे रिश्ते में कटुता और हिंसा के समाचार प्रकाश में आ रहे हैं, जिनका अंजाम हत्या जैसे जघन्य अपराध की सीमा तक जा चुका है। दाम्पत्य जीवन में विश्वास की डोर कच्ची होने के चलते परिवार न्यायालयों में तलाक के मुकदमों की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है, तब करवा चौथ जैसे पर्व की प्रासंगिकता पर प्रश्न चिन्ह लगता ही है। यही नहीं अब इस पर्व के नाम पर बाजारीकरण भी अधिक हो गया है। सुहागन होने के प्रतीक चिन्हों मेहंदी, बिंदी, कंगन, बिछुवा, पायल से सुसज्जित श्रृंगार घर में बैठकर करने के बजाय ब्यूटी पार्लर में अधिक होने लगे हैं। कहने का आशय यही है, कि पर्व का आधुनिकीकरण कहीं न कहीं पर्व की आत्मा को आहत कर रहा है। पति के दीर्घजीवी होने की कामना के पर्व करवा चौथ की चर्चा के उपरांत संतान के स्वास्थ्य की कामना करने वाले पर्व अहोई अष्टमी व्रत की चर्चा करें, तो स्पष्ट होगा, कि यह पर्व अति प्रासंगिक है। पहले इस पर्व को केवल पुत्र संतान दीर्घजीवी होने की कामना तक सीमित रखा गया था। कालांतर में पुत्र व पुत्री में भेद न करने की मानवीय अवधारणा से इस पर्व को संतानों के दीर्घजीवी होने की कामना का पर्व मान लिया गया है। इस दिवस माताएं अपनी संतानों के लिए व्रत धारण करती है। बहरहाल इस सत्य को नाकारा नहीं जा सकता, कि भारतीय समाज में पर्वों की एक लंबी श्रृंखला है। सभी पर्वों को मनाने के पीछे एक सकारात्मक विचार निहित है। सभी पर्वों को मनाए जाने के तौर तरीके भले ही बदल रहे हों, किन्तु मूल में छिपी भावना वही है, जिसका सभी को समुचित सम्मान करना चाहिए। इतना अवश्य है कि पर्व मनाए जाने में अनावश्यक धन के अपव्यय से बचना ही पर्वों के आत्मीय स्वरूप को बरकरार रख सकता है।

## सेहत मंत्र

# मोटापा कम करने से लेकर दिल की बीमारी तक का उपचार करती हैं काली मिर्च


काली मिर्च एक ऐसा गर्म मसाला है जो औषधीय गुणों से भरपूर है। काली मिर्च का इस्तेमाल सिर्फ खाना पकाने में ही नहीं किया जाता, बल्कि कई बीमारियों के उपचार में भी किया जाता है। काली मिर्च में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो सूजन कम करने से लेकर सर्दी, जुकाम और खांसी में भी बेहद असरदार है। काली मिर्च के इस्तेमाल से इम्यून सिस्टम बूस्ट होता है साथ ही दिल की बीमारियों को दूर करने में भी मददगार है। इसमें पिपरीन नामक तत्त्व पाया जाता है, जिसके कारण इसका स्वाद सबसे अलग होता है। काली मिर्च में आयरन, पोटेशियम, मैग्नीशियम, मैंगनीज, जिंक, क्रोमियम, विटामिन ए और सीए और अन्य पोषक तत्त्व मौजूद हैं। आइए जानते हैं कि काली मिर्च से कौन-कौन सी बीमारियों का उपचार किया जा सकता है। नियमित रूप से काली मिर्च का इस्तेमाल करने से वजन कंट्रोल रहता है। काली मिर्च में शक्तिशाली फाइटो न्यूट्रिशियंस होते हैं जो वसा की बाहरी परत को तोड़ने में मदद करते है। इससे शरीर में अतिरिक्त वसा जमा नहीं हो पाती है। पाचन दुरूस्त करने में मददगार है काली मिर्च। अपच, दस्त, कब्ज को दूर करने के लिए काली मिर्च बेहद असरदार है। यह पाचन शक्ति भी बढ़ाती है। काली मिर्च कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से महफूज रखती है। काली मिर्च के नियमित सेवन से स्तन कैंसर की गांठ नहीं बनती है। काली मिर्च में विटामिन सीए, विटामिन एए, फ्लैवोनॉयड्स कारोटेन्स और अन्य एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जो कैंसर को रोकने में मददगार साबित होते हैं। गैस को दूर करती हैं काली मिर्च: पेट में गैस बनती है तो काली मिर्च का सेवन करें। काली मिर्च में वातहर गुण पाए जाते है जिसके सेवन से पेट में गैस नहीं बनती है और पेट ठीक रहता है। काली मिर्च पेट फूलने या दर्द से भी रहत दिलाती है।

## धर्म मंत्र

# रावण को कैसे मिला था भगवान शिव का अविनाशी तलवार चंद्रहास

लंका का राजा रावण बहुत ही बलशाली, महाज्ञानी और मायावी था। दस सिर होने के कारण उसे दशानन कहा जाता था। उसके पास पुष्पक विमान, चंद्रहास जैसा अविनाशी तलवार था। हालांकि उसके अभिमान के कारण ही उसका पतन हो गया। श्रीराम के हाथों रावण का वध हुआ था। उसके जीवन से कई जुड़े रहस्य हैं, जो लोगों को उसके बारे में जानने के लिए उत्सुकता पैदा करते हैं। आज हम आपको रावण की तलवार चंद्रहास के बारे में बता रहे हैं। चंद्रहास तलवार रावण को कैसे प्राप्त हुआ था? पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक बार रावण अपने विमान पुष्पक से कहीं जा रहा था। इस दौरान उसने देखा कि उसके रास्ते में विशाल कैलाश पर्वत खड़ा है। उसे डर था कि कहीं उसके कारण उसकी यात्रा पूरी न हो। उसका विमान कैलाश को पार ही न कर पाए। उसे अपने बल का घमंड था। उसने कैलाश के पास पहुंचकर उससे कहा कि वह उसके मार्ग से हट जाए। विशालकाय कैलाश के लिए यह कहां संभव होने वाला था। रावण की बात सुनकर भी कैलाश पर्वत टस से मस नहीं हुआ तो रावण अपने अहंकार के वशीभूत होकर क्रोधित हो गया। वह अपने पुष्पक विमान से उतरा और कैलाश पर्वत को उठाने लगा। कैलाश पर्वत तो भगवान शिव और माता पार्वती का निवास है। ध्यानमग्न भगवान शिव ने जब रावण के इस दुस्साहस को देखा तो उन्होंने अपने अंगूठे से कैलाश पर्वत को दबा दिया। इससे रावण की एक अंगुली बुरी तरह जख्मी हो गई। वह दर्द से कराहने लगा। भगवान शिव के आगे रावण की क्या बिसात? रावण को अपनी गलती का एहसास

## पर्यटन



# झीलों के बीच बसा है उदयपुर शहर, हर साल लाखों पर्टयकों को करता है आकर्षित

यदि आप अपने पसंदीदा भारतीय शहरी गंतव्य स्थलों में वहां की संस्कृति, व्यंजनों, झीलों, ख़रीददारी और नैसर्गिक खूबसूरती के आधार पर यात्रा करने की योजना बना रहे हैं, तो उदयपुर निःसंदेह एक ऐसा शहर है, जो इन तमाम विशेषताओं को अपने अंदर समेटे हुए है। शायद आपको पता होगा कि यात्रा करने के लिए उदयपुर दुनिया में तीसरा सबसे अच्छा शहर है। एक सर्वे के अनुसार उदयपुर, जिसे 'झीलों के शहर' और 'पूर्व का वेनिस' के नाम से भी जाना जाता है, को दो मैक्सिकन शहरों- सैन मिगुएल डी अलेंदे और ओक्साका के बाद तीसरे स्थान पर रखा गया है। उदयपुर एक निहायत खूबसूरत पर्यटन स्थल है और अपने इतिहास, संस्कृति, दर्शनीय स्थानों और राजपूत-युग के महलों के लिए जाना जाता है। यह अपने परिष्कृत झील प्रणाली के कारण लोकप्रिय रूप से ''झीलों के शहर'' के रूप में जाना जाता है। शहर के चारों ओर सात झीलें हैं। विश्व भ्रमण करने वाले शौकीनों के लिए उदयपुर की यात्रा उनके सबसे पसंदीदा गंतव्य में से एक है, और इसीलिए इसे 2018 में एशिया में नंबर 1 शहर के रूप में नामित किया गया था। यह पूर्व राजपूताना एजेंसी में मेवाड़ राज्य की ऐतिहासिक राजधानी रह चुका है। इसकी स्थापना 1558 में राजपूत के सिसोदिया वंश के उदय सिंह द्वितीय द्वारा की गई थी, जब उन्होंने चित्तौड़गढ़ से अपनी राजधानी उदयपुर शिफ्ट की थी, जब चित्तौड़गढ़ को अकबर ने घेर लिया था। यह 1818 तक राजधानी शहर के रूप में बना रहा और उसके बाद जब भारत ने 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त की तो मेवाड़ प्रांत राजस्थान का हिस्सा बन गया। उदयपुर शहर भारत के उत्तरी भाग में राजस्थान राज्य में स्थित है। इस झीलों के शहर का विलय थार रेगिस्तान में हो गया होता अगर अरावली रेंज उन्हें अलग नहीं करती। उदयपुर अरावली रेंज के दक्षिणी छोर पर स्थित है। उदयपुर के लिए अरावली रेंज एक महत्वपूर्ण राहत सुविधा है और इसे अक्सर एक सीमा के रूप में माना जाता है, जो थार रेगिस्तान को पूर्वी राजस्थान के मैदानों और पठारों से अलग करती है।

# डीएम दीपक मीणा ने किया चम्पा देवी पार्क का निरीक्षण, तैयारियों को लेकर दिए सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । चम्पा देवी पार्क में 10 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले स्वदेशी मेला की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ मेला स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा, साफ-सफाई और स्टॉल व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं करेंगे।

मुख्यमंत्री 10 अक्टूबर की सुबह लगभग 10 बजे स्वदेशी मेला का उद्घाटन करेंगे, उसके बाद वे मेला परिसर में स्थापित विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। डीएम दीपक मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि प्रदेश के हर जनपद में स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहन मिले। उन्होंने कहा, ल्लगोरखपुर का यह स्वदेशी मेला आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

डीएम ने अधिकारियों से कहा कि मेला परिसर में आने वाले आगंतुकों को सुव्यवस्थित, स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिले। उन्होंने कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिया कि परिसर में कहीं भी ऊबड़-खाबड़ भूमि न रहे, सभी मार्ग समतल और सुलभ हों, तथा स्टॉल आकर्षक रूप से सजाए जाएं।

नोडल अधिकारी/ सीआरओ हिमांशु वर्मा एवं मेला आयोजक जिला उद्योग अधिकारी गौरव मिश्रा ने बताया कि मेले में 125 स्वदेशी स्टॉल विभिन्न विभागों और स्थानीय उद्यमियों के लगाए जा रहे हैं। खाद्य विभाग के 10 विशेष स्टॉल भी होंगे, जिनके लिए अतिरिक्त खुला स्थान निर्धारित किया गया है। मेले में विकसित भारत 2047 और मिशन शक्ति थीम पर विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

डीएम मीणा ने कहा कि यह मेला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विज़न को आगे बढ़ाएगा, जिसके तहत नोएडा यूपी कन्वेंशन सेंटर में अंतरराष्ट्रीय स्वदेशी मेले का आयोजन हुआ था। उन्होंने कहा, ल्लगोरखपुर का मेला भी प्रदेश में स्वदेशी उत्पादों को नई पहचान दिलाएगा और हर आगंतुक को कुछ न कुछ स्वदेशी वस्तु खरीदने के लिए प्रेरित करेगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहे। मेले में पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य और यातायात विभाग की संयुक्त टीम सक्रिय रहेगी।

निरीक्षण के दौरान एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा, मुख्य अभियंता जीडीए किशन सिंह, सीएमओ राजेश झा, डीपीआरओ नीलेश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, डीआईओएस अमरकांत सिंह, परियोजना निदेशक दीपक सिंह, अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव, पीओ नेडा गोविंद तिवारी, डूडा अधिकारी, एसीएम/एआरओ राजू कुमार, तथा समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह उपस्थित रहे।

# गौसाबाद में सूफी विचारों से गूंजा समां मोहब्बत और इंसानियत का पैग़ाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। गौसाबाद स्थित दरगाह शरीफ गौसुल आज़म पर चल रहे उर्स के तीसरे दिन अध्यात्मिक माहौल चरम पर रहा। इस मौके पर आयोजित आध्यात्मिक प्रवचन में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की।

प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मुफ्ती अबुल इरफान फिरंगी महली ने अपने बयान में सूफी संतों और गौस-ए-आज़म की रूहानी जिंदगी पर रोशनी डालते हुए कहा कि सूफियत का असल मकसद इंसानियत, मोहब्बत और अमन का पैग़ाम देना है। दरगाह बांसा शरीफ के गद्दी नशीन मौलाना इंतेखाब साबरी और सैय्यद उमर अहमद जिलानी ने मुल्क में अमन, सलामती और भाईचारे की दुआ मांगी। इसके अलावा मौलाना अख्तर मिस्बाही, मुफ्ती इंतज़ार रिज़वी, मौलाना शहाबुद्दीन, मौलाना नसीर कादिरी (जगदीशपुर), मौलाना जलालुद्दीन मिस्बाही समेत दीगर उलमा-ए-किराम ने सूफी संतों की तालीमात, रहन-सहन और उनके जीवन के नेक उसूलों पर विस्तार से चर्चा की। अंत में सज्जादा नशीन मौलाना मोहम्मद नसीमुद्दीन कादिरी ने अपने तकरीर में मोहब्बत और इंसानियत का संदेश देते हुए कहा ल्लकिसी भी इंसान को हिकारत की नज़र से मत देखो, क्योंकि हर इंसान में खुदा की झलक होती है।ल्ल उनके इस संदेश पर उपस्थित अकीदतमंदों ने सुब्हानअल्लाह कहकर तालियों से समर्थन जताया। पूरा परिसर आध्यात्मिक माहौल में सराबोर रहा।

# राज्यपाल की नाराजगी पर विश्वविद्यालय प्रशासन सख्त, दो वार्डन हटाए

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सोमवार को आयोजित 29वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की नाराजगी के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन सख्त हो गया है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह के आदेश पर कार्यवाहक कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बुधवार को दो छात्रावासों के वार्डन को तत्काल प्रभाव से हटा दिया। इसके साथ ही, मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन भी किया गया है। उल्लेखनीय है कि, राज्यपाल ने सोमवार को दीक्षांत समारोह के दौरान छात्रावासों में अव्यवस्था, ट्रांजिट हॉस्टल में अंग्रेजी शराब की बोतल मिलने और महिला छात्रावास में छात्राओं की कम उपस्थिति पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की थी। इसके बाद, कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने सीधे जिम्मेदारों पर कार्रवाई करते हुए ट्रांजिट हॉस्टल के वार्डन राजित राम सोनकर को पद से मुक्त कर मनीष प्रताप सिंह को नया वार्डन नियुक्त किया। महिला हॉस्टल में छात्राओं की संख्या कम पाए जाने पर वार्डन डॉ. पूजा सक्सेना को भी पद से हटा दिया गया। उनकी जगह मनोविज्ञान विभाग की अध्यापिका डॉ. अनु त्यागी को नई वार्डन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति में मुख्य प्राक्टर प्रो. राजकुमार सोनी, मुख्य वार्डन प्रो. सौरभ पाल और प्रो. अजय प्रताप सिंह शामिल हैं। समिति को जल्द से जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। दीक्षांत समारोह के दौरान महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में लगभग एक मिनट के लिए बिजली कटने से अंधेरा छा गया था। इस घटना को लेकर कुलपति प्रो. वंदना सिंह के आदेश पर इलेक्ट्रिशियन व जेनरेटर इंचार्ज धीरज श्रीवास्तव को बुधवार को निलम्बित कर दिया गया है। कुलपति ने हॉस्टल की भोजन व्यवस्था को लेकर भी सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने डॉ. मनीष कुमार गुप्त को खाद्य सामग्री व मसालों की नियमित जांच की जिम्मेदारी सौंपी है, ताकि छात्र-छात्राओं को गुणवत्तायुक्त भोजन मिल सके।

# डीएम ने महाराजपुर स्थित गौशाले का लिया जायजा, अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

एजेंसी



कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को महाराजपुर स्थित गौशाले का जायजा लिया। इस दौरान गौशाला में कुल 144 गोवंश संरक्षित पाए गए। जिनमें 92 नर और 52 मादा हैं। इनमें से चार गौवंश बीमार मिले, जिनके समुचित उपचार के निर्देश डीएम ने मौके पर ही दिए। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि गौशाला में संरक्षित आठ मादा प्रतिदिन लगभग 20 लीटर दूध देती हैं। जिलाधिकारी ने भूसा, चोकर, पशु आहार और हरे चारे से जुड़े अभिलेखों का अवलोकन किया। इस दौरान जब सचिव राजकुमार मौर्य से पिछले चार माह का रिकॉर्ड प्रस्तुत करने को कहा गया तो उन्होंने अभिलेख पंचायत भवन में रखे होने की जानकारी दी। इस पर डीएम ने खंड विकास अधिकारी को सभी अभिलेखों की जांच करने का निर्देश दिया। इस दौरान वर्मी कम्पोस्ट प्लांट बंद मिला और गोबर प्रबंधन भी संतोषजनक नहीं पाया गया। गौशाला की अव्यवस्था देखकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और बीडीओ निशांत राय को व्यक्तिगत रुचि लेकर गौशाला की दशा सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस गौशाला को मॉडल गौशाला के रूप में विकसित किया जाए। डीएम ने भूसा, चोकर, गुड़, पशु आहार और हरे चारे की आपूर्ति संबंधी जानकारी भी मौके पर ली और गौशाला संचालन में पारदर्शिता एवं नियमित निगरानी पर जोर दिया।

## नगर पालिका पहुंचे प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका सभागार पूरनपुर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख कृषि राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार रहे। मंत्री ने उपस्थित व्यापारी बंधुओं से जीएसटी में कमी के बाद वस्तुओं के घटे मूल्यों पर विस्तार से चर्चा की तथा कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनहित के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से आमजन को राहत मिली है और बाजार में सकारात्मक वातावरण बना है।इस अवसर पर सभी उपस्थित व्यापारीगणों,जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस निर्णय का स्वागत करते हुए घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार का नारा लगाकर केंद्र सरकार के इस कदम की सराहना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे विधायक बाबूराम पासवान,भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य रितुराज पासवान, नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान, घुंघचिहाई मंडल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष हंस राज गुलाटी, राइस मिलर एसोसिएशन अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य शिव शंकर अग्निहोत्री, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष परगट सिंह, सहित नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद, सभासदगण, पार्टी कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं विभिन्न व्यापारीगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन नवनीत मिश्रा द्वारा किया गया हैं।

## विद्यालय के इर्द-गिर्द ,गुंडा प्रवृत्ति के लड़के एवं असामाजिक तत्वों द्वारा उचक्के-नशाखोरों का जमावड़ा, भयभीत रहते है स्कूली बच्चे

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्कूल एसोसिएशन के अमन नागी ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र मे कहा विद्यालयों के आसपास अराजकता का माहौल बच्चों के मानसिक स्थिति को प्रभावित कर रहा है इस दिशा में विद्यालय के बाहर की स्थिति चिताजनक बन गई है कक्षा संचालन शुरू होने के पहले से लेकर बाद तक विद्यालय के गेट सहित जगह जगह गुंडा प्रवृत्ति के लड़के एवं असामाजिक तत्वों द्वारा उचक्के-नशाखोरों का जमावड़ा,लगा रहता है जो आये दिन किसी न किसी बात पर छात्रों के साथ मारपीट भी करते है विद्यालय के मुख्य द्वार पर आए दिन अन्य स्कूलों के छात्र तथा गुंडा प्रवृत्ति के असामाजिक तत्व एकत्र हो जाते हैं। प्रायः प्रत्येक दूसरे दिन यह लोग विद्यालय गेट पर आकर बच्चों को परेशान करते हैं ये लोग न केवल अपशब्दों का प्रयोग करते हैं, बल्कि आपस में झगड़ा-लड़ाई करते हैं और बुलेट मोटरसाइकिलों से अनावश्यक तेज आवाज़ उत्पन्न कर माहौल खराब करते हैं इस कारण विद्यालय के बच्चों एवं छोटे बच्चों में भय का वातावरण उत्पन्न हो जाता है तथा विद्यालय का अनुशासन भी प्रभावित होता है यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है। विद्यालय प्रबंधन के लिए इस समस्या से निपटना अत्यंत कठिन हो गया है विद्यालय का समय प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक इसी अवधि में विद्यालय के बाहर अथवा उसके आस-पास निरंतर पुलिस गशत ड्यूटी लगाने की व्यवस्था की जाए, ताकि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके तथा विद्यालय का वातावरण शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रह सके यह समस्या किसी एक विद्यालय की नही लगभग शहर के अधिकतर विद्यालय इससे ग्रस्त है विद्यालय एसोसिएशन की मांग है पुलिस को ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त करवाई अमल मे लानी चाहिए जिससे छात्र बिना किसी भय से शिक्षा ग्रहण करने शिक्षा के मन्दिर आ सके भीड अधिक होने के कारण गुंडा प्रवृति के लोग उनको परेशान करते है बुलेट मोटरसाइकिल अवकाश के दौरान युवक बुलेट मोटरसाइकिल से अनावश्यक तेज आवाज उत्पन्न पर माहौल खराब करते हैं।

## तीसरे दिन डूबे व्यक्ति का शव बरामद

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नहर में डूबे एक व्यक्ति का शव घटना के तीसरे दिन बरामद कर लिया गया है। मंगलवार रात एक कार नहर में पलट गई थी, जिसमें चार लोग सवार थे। इस हादसे में एक व्यक्ति की पहले ही मौत हो चुकी थी, जबकि एक लापता था। यह घटना मंगलवार रात बल्दीराय थाना क्षेत्र के दक्खिन गांव के पास हुई थी। स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई थी। ग्रामीणों की मदद से संतोष पुत्र राजितरामन और संतोष उर्फ बिल्लू पुत्र रामनिधि को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। हादसे के बाद मित्रसेन यादव पुत्र जानकीसरन यादव (36) निवासी दक्खिनगांव की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वहीं, कुमारगंज अयोध्या निवासी पप्पू यादव पुत्र सुखराज यादव (40) लापता हो गए थे। उनकी तलाश लगातार तीन दिनों से जारी थी। गुरुवार को पप्पू यादव का शव घटना स्थल से लगभग 8 किलोमीटर दूर शारदा सहायक खंड-16 नहर, पूरे छेदी सिंह बल्दीराय बाजार के पास छेदी का पुरवा गांव के पास से बरामद किया गया। पुलिस टीम और ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से निकाला गया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में दिव्यांग वृद्ध की मौत

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुरुवार को लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सड़क हादसे में लगभग 60 वर्षीय दिव्यांग वृद्ध की मौत हो गई। कोतवाली नगर के अमहट के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। मृतक की पहचान अशोक कुमार साहू के रूप में हुई है, जिनकी उम्र लगभग 60 वर्ष थी। वे कोतवाली नगर के तुराबखानी स्थित वृद्धा आश्रम में रहते थे। गुरुवार को अशोक साहू वृद्धा आश्रम से अमहट तक गए थे और वापस लौटते समय सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उन्हें सिर में गंभीर चोटें आई थीं। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली नगर पुलिस और अमहट चौकी इंचार्ज घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को राजकीय मेडिकल कॉलेज स्थित मार्चयूरी में पहुंचाया। नगर कोतवाल धीरज कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और इस मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। हालांकि स्थानीय लोगों ने ट्रक को पकड़ लिया है। पुलिस ट्रक को लेकर आई है, जहां कार्रवाई की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो सगी बहनों की मौत, छह घायल

सुल्तानपुर। अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर दुर्गापूजा विसर्जन शोभायात्रा देखकर लौट रहे लोगों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में दो सगी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। यह घटना देहात कोतवाली थानाक्षेत्र के ओदरा गांव के पास कमनगढ़ में हुई। मृतकों की पहचान ओदरा गांव निवासी रीमा (18) और सीमा (12) के रूप में हुई है। घायलों में रेखा, अंजली, कुलदीप, अंतिमा, संजनी और सावित्री शामिल हैं। हादसे के बाद सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

# गोरखनाथ मंदिर के सचिव द्वारिका तिवारी को दिया मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल गोरखनाथ मंदिर में मंदिर के सचिव द्वारका तिवारी से मुलाकात कर उन्हें माननीय मुख्यमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारी नेताओं ने माननीय मुख्यमंत्री से गुहार लगाया है कि आपके शहर में आपके ड्रीम प्रोजेक्ट दीनदयाल कर्मचारी कैशलैस इलाज कार्ड पर अस्पताल इलाज करने को तैयार नहीं है अस्पताल मालिकों का कहना है की इस इलाज का पैसा आने में बहुत विलम्ब होता है इसलिए हम इलाज करने में असमर्थ हैं, इसलिए आप इस प्रकरण पर तक तत्काल सज्ञान लेते हुए समस्त जिलाधिकारी के माध्यम से अस्पतालों को निर्देशित करें कि वह कर्मचारी और उनके परिजनों का इलाज करने में कोई आनाकानी ना करें तथा सभी आहरण वितरण अधिकारी को निर्देशित किया जाए कि जिन विभागों में अभी तक कर्मचारियों का कैशलेस इलाज कार्ड नहीं बना है उन्हें तत्काल बनवा दिया जाए अगली मांग में कर्मचारी नेताओं ने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि वह कोरोना कल में निलंबित सभी भत्तों को बहाल करें तथा दीपावली से पूर्व बढ़ा हुआ तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता और बोनस देकर कर्मचारीयों को त्यौहार का उपहार देने की कृपा करें। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक अशोक कुमार पांडेय अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ल अनिल द्विवेदी बंटी श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# डूब क्षेत्र की जमीनों की रजिस्ट्री पर लगी रोक, डीएम ने एडीएम वित्त से मांगी रिपोर्ट

गोरखपुर। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने आज बृहस्पतिवार को डूब क्षेत्र में हो रही जमीनों की अवैध प्लाटिंग और बिक्री पर सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल प्रभाव से रजिस्ट्री प्रक्रिया पर रोक लगाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि डूब क्षेत्र की जमीनें जनसुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील हैं, इसलिए ऐसे क्षेत्रों में जमीन खरीदने वालों को भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा या जनहानि न हो, इसके लिए ठोस नीति बनाई जानी आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने इस मामले में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) विनीत कुमार सिंह को निर्देशित किया कि डूब क्षेत्र की जमीनों का विस्तृत प्रस्ताव (प्रपोजल) तैयार करें, ताकि उस पर स्थायी निर्णय लिया जा सके। बैठक के दौरान डीएम ने स्पष्ट कहा कि जब तक एडीएम वित्त की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं होती, तब तक डूब क्षेत्र में किसी भी प्रकार की नई रजिस्ट्री न की जाए। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा, मुख्य अभियंता जीडीए किशन सिंह, रजिस्टार द्वितीय प्रसेनजीत सिंह, और एसडीएम सदर दीपक गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से डूब क्षेत्र में अब तक की गई सभी रजिस्ट्रियों का विवरण (ब्योरा) तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

डीएम मीणा ने कहा कि गोरखपुर के कुछ इलाकों में डूब क्षेत्र की जमीनों को प्लाटिंग कर अवैध रूप से बेचा जा रहा है, जिससे न केवल खरीदारों के साथ धोखाधड़ी हो रही है बल्कि भविष्य में आपदा की स्थिति में जान-माल का नुकसान भी संभव है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ऐसी किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगा, जो जनहित के विरुद्ध हो। उन्होंने जीडीए और राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे डूब क्षेत्र की सीमाओं का सर्वे कर अद्यतन नक्शा तैयार करें, जिससे भविष्य में इस प्रकार की गड़बड़ियों पर रोक लग सके। जिलाधिकारी ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद जिला प्रशासन द्वारा इस पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# मथुरा के सुरीर में आज भी निभाई जा रही 200 साल पुरानी परम्परा, नहीं रहती सुहागिनें करवाचौथ व्रत

एजेंसी

मथुरा, । नई बहुओं के लिए करवाचौथ और अहोई अष्टमी व्रत आज भी सुरीर क्षेत्र में श्राप बना हुआ है, यहां लगभग 200 वर्ष पुरान परम्परा का निर्वहन किया जाता है। जिसके चलते यहां सुहागिन महिलाएं करवा चौथ का व्रत न रहकर सिर्फ सती माता को पूजती हैं। सुरीर की महिलाएं अपने पतियों की लम्बी उम्र के लिए करवाचौथ का व्रत नहीं रखतीं।

विदित रहे कि, यह श्राप लगभग 200 साल पुराना माना जाता है। बताया जाता है कि नौहझील के रामनगला गांव का एक ब्राह्मण युवक अपनी पत्नी को गौना कराकर सुरीर के रास्ते भैंसा बुग्गी से ले जा रहा था। तभी कुछ ठाकुरों ने विवाद खड़ा कर उसकी हत्या कर दी। पति की मृत्यु देखकर पत्नी ने वहीं सती होकर मोहल्ले के लोगों को श्राप दिया। कहा जाता है कि इस घटना के बाद कई नवविवाहिताएं असमय विधवा हो गईं और परिवारों में जवान मौतों का सिलसिला शुरू हो गया। आज भी परम्परा का पालन इस श्राप से भयभीत होकर लोगों ने तब से करवाचौथ और अहोई अष्टमी न मनाने का संकल्प लिया। सुरीर की महिलाएं पूरा सोलह श्रृंगार भी नहीं करतीं। इसके अतिरिक्त, रामनगला गांव के लोग आज भी सुरीर में खाना-पीना नहीं करते और सती माता की इस मान्यता का पालन करते हैं।

विवाहिता रीता सिंह ने बताया कि शादी के बाद उनका पहला करवाचौथ था, लेकिन ससुराल में यह पर्व न मनाने की परम्परा के कारण उन्हें व्रत रखने की इच्छा छोड़नी पड़ी। सपना नामक महिला ने कहा कि आठ साल पहले विवाह के बाद पहला करवाचौथ न मना पाने की कसक उन्हें आज भी महसूस होती है। मोहल्ले की सुनहरी देवी और अन्य महिलाओं का कहना है कि वे व्रतों से अधिक अपने परिवार की सलामती और ईश्वर पर भरोसा करती हैं। रामवती नामक महिला ने बताया कि उनका मानना है कि अब सती माता श्राप नहीं बल्कि आशीर्वाद देती हैं, लेकिन पुरानी परम्परा को तोड़ने की हिम्मत किसी में नहीं है।

# पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने काली पट्टी बांधकर रेलवे स्टेशन पर किया विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । आज पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यालय पर महामंत्री विनोद राय के निर्देश पर पूर्वोत्तर रेलवे से चलने वाली लंबी दूरी की मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में रेलवे के विद्युत विभाग के एसी स्टाफ की जगह प्राइवेट ठेकेदार के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं सैकड़ो कर्मचारियो ने स्टेशन परिसर में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी दीपक चौधरी ने किया। संचालन यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष श्री देवेश सिंह ने किया। इस संबंध में महामंत्री विनोद राय का कहना है कि पूर्वोत्तर रेलवे के विद्युत विभाग में पर्याप्त कर्मचारी पोस्टेड हैं उनकी ड्यूटी लगाये जाने में कोई परेशानी नहीं है लेकिन रेल कर्मियों की जगह पर प्राइवेट ठेकेदार के कर्मचारियों को लगाया जाना रेल की संरक्षा और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। क्योंकि प्राइवेट ठेकेदार के कर्मचारी अन ट्रेंड हैं फ़ेलियर होने पर भाग जाते हैं। प्रशासन के इस दुर्भावना पूर्ण कृत्य के कारण एसी कर्मचारियों का मनोबल गिर रहा है एवं कर्मचारियों में आक्रोश है। जब तक प्रशासन प्राइवेट ठेकेदार का टेंडर निरस्त कर रेल कर्मचारियों की ड्यूटी पूर्व की भांति नहीं लगता तब तक पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ का आंदोलन जारी रहेगा। आज के विरोध कार्यक्रम में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ कारखाना मंडल के अध्यक्ष श्री ईश्वर चंद्र विद्यासागर,मंडल मंत्री श्री कुलदीप मणि त्रिपाठी, मुख्यालय मंडल के मंडल मंत्री फिरोजुल हक, वरिष्ठ पदाधिकारी श्री लक्ष्मी श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, सुरेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष श्री बृजपाल सिंह, राकेश श्रीवास्तव, देवेश सिंह,जयप्रकाश सिंह, दीपक पांडे, विनोद मिश्रा मनोज शुक्ला अंशुमाल पाठक, अभिषेक गुप्ता, अनिल गौतम, राजकुमार गुप्ता, राजू रावत, नूर ए आलम, अल्बर्ट पीटर, योगेंद्र पाल, नवनीत शर्मा, अरविंद गुप्ताराजकुमार यादव,अखिलेश तिवारी, गणेश कुमार, अजय त्रिपाठी, दीपक प्रजापति, हरकेश बहादुर सिंह,नंदन चौधरी धीरज यादव ,अविनाश राज, राजकुमार निषाद, कैलाश राजभर, राजकुमार यादव, धर्मेंद्र तिवारी इत्यादि पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेमेल मुकाबला: वेस्टइंडीज पर एक और बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। पहले मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत मेजबान भारत शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को एक और करारी शिकस्त देने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा हालांकि इस मैच में उसकी निगाहें साई सुदर्शन के धैर्य और घरेलू परिस्थितियों में नीतीश कुमार रेड्डी की उपयोगिता पर टिकी होंगी। भारत के पास प्रतिभाशाली क्रिकेटरों का शानदार समूह है, जिनमें से प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी शीर्ष टीम में जगह बनाने में सक्षम है। उसका मुकाबला वेस्टइंडीज की उस टीम से होगा जिसका अतीत गौरवशाली रहा है लेकिन जो वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों की विश्व भर में टी20 लीग में खेलने के लिए बड़ी मांग है लेकिन खेल के सबसे लंबे प्रारूप में उसके पास बेहद कमजोर और अनुभवहीन खिलाड़ी हैं। अहमदाबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में उसकी टीम किसी भी समय भारत के सामने चुनौती पेश नहीं कर सकी। भारत ने यह मैच पारी के अंतर से जीता था जो कैरेबियाई क्रिकेट की वर्तमान स्थिति का प्रमाण है। भारत के लिए एक और प्रभावशाली प्रदर्शन का मतलब सिर्फ श्रृंखला जीतना नहीं है, बल्कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका पर अपनी स्थिति मजबूत करना और इस साल के अंत में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कड़ी चुनौती के लिए आत्मविश्वास बढ़ाना भी है। भारत फिरोज शाह कोटला में भी मैच को जल्दी समाप्त कर सकता है जहां की पिच से शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। यह तय है कि भारत अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं करेगा और नीतीश टीम में बने रहेंगे जिन्हें टीम प्रबंधन भविष्य के लिए गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में तैयार करने पर ध्यान दे रहा है। भारत की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में वह नीतीश को अपनी गेंदबाजी पर अधिक ध्यान देने के लिए कह रहा है। चयनकर्ता और कोच अभी साई सुदर्शन को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं, लेकिन वह पिछली सात पारियों में से छह में असफल रहे। इस तरह की परिस्थितियां एक ऐसे खिलाड़ी के लिए वास्तविकता की परीक्षा पेश करती हैं, जो अभी भी लाल गेंद के चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रहा है। यशस्वी जायसवाल ने पहले मैच में अच्छी शुरुआत की जबकि केएल राहुल अपने जीवन की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले छह टेस्ट मैचों में तीन शतक लगाए हैं। कप्तान शुभमन गिल ने भी पहले मैच में अर्धशतक जड़ा। ऐसे में सुदर्शन का खराब स्कोर खटक रहा है क्योंकि ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने भी अहमदाबाद में शतक लगाए थे। सुदर्शन को हालांकि गिल का समर्थन प्राप्त है, लेकिन इस बल्लेबाज को अपने विकेट की कीमत को समझना पड़ेगा क्योंकि उनकी जगह लेने के लिए कई अन्य खिलाड़ी कतार में खड़े हैं।

भारतीय टीम जहां खेल के हर विभाग में मजबूत नजर आती है वही वेस्टइंडीज का प्रत्येक विभाग कमजोर नजर आता है।

## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

**दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-**

**उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 11.10.25 से 15.11.25 |
| 02251 | पटना जं | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 02253 | पटना जं (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 11.10.25 से 17.11.25 |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जंक्शन. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जंक्शन. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक ट. | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक ट. | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुल्तानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुल्तानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छः दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09042 | बलिया | 23:30 | उधना | 12:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10.10.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.25 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.25 तक |
| 03255 | पटना | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | 10.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 11.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | 10.10.25 से अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 11.10.25 से 15.11.25 |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 13.10.25 से 17.11.25 |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 10.10.25 से 01.12.25 |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | 11.10.25 से अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 11.10.25 से 29.11.25 |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 11.10.25 से 29.11.25 |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से 24.11.25 |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 14.10.25 से 25.11.25 |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10.10.25 से 26.12.25 |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 11.10.25 से 27.12.25 |
| 07363 | हुब्बल्लि जं | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कर्तव्य पथ पर 'स्वदेशी उत्सव' का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कर्तव्य पथ पर 'स्वदेशी उत्सव' का शुभारंभ किया। यह आयोजन भारत के आत्मविश्वास, परंपरा और स्वाभिमान का उत्सव है। इस स्वदेशी उत्सव का आयोजन दिल्ली सरकार किया गया है। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर साझा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश से आह्वान किया है कि हम स्वदेशी अपनाएं क्योंकि जब हम स्वदेशी चुनते हैं, तो हम केवल वस्तुएं नहीं खरीदते, हम अपने देश की मेहनत, प्रतिभा और पहचान को अपनाते हैं। स्वदेशी का हर दीपक हमारे कारीगरों की मेहनत की रौशनी है, हर दीया भारत की मिट्टी की महक है और हर खरीद आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ता एक कदम। मुख्यमंत्री ने सभी से इस बार मिलकर दिल्ली की दिवाली स्वदेशी वाली का संकल्प लेने की बात कही। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इसके अलावा मंत्री मनजिंदर सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि 'स्वदेशी उत्सव' के दौरान कर्तव्य पथ तीन दिनों तक 100 स्टॉल्स लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को स्वदेशी का लक्ष्य का दिया है, स्वदेशी संकल्प के नारे से उन्होंने बताया है कि भारत के स्वाभिमान की रक्षा सिर्फ स्वदेशी ही कर सकती है। मंत्री सिरसा ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मुहिम के पीछे और उनके साथ पूरी दिल्ली लामबंद होकर खड़ी है। अब दीपावली में कुछ दिन बचे है।

# डिजिटल इंडिया का नया अध्याय लिख रही हैं महिलाएं : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज नारी शक्ति तकनीक और नवाचार के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि चिप डिजाइन से लेकर कोडिंग, स्टार्टअप्स से लेकर साइबर सुरक्षा तक, भारतीय महिलाएं डिजिटल इंडिया का नया अध्याय लिख रही हैं। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को यशोभूमि में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 9वें संस्करण के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी 'वोकल फॉर लोकल' कहते हैं, तो इसका मतलब स्वदेशी रक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, शिक्षा सहित हर बड़े-छोटे क्षेत्र के लिए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के 140 करोड़ लोग देश के लिए एक संपत्ति हैं। इनके माध्यम से हर क्षेत्र में प्रगति करके भारत दुनिया में विश्वगुरु के रूप में अपनी पहचान बनाएंगा। मुख्यमंत्री ने कहा




कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस का आयोजन भारत की डिजिटल क्रांति, नवाचार और आत्मनिर्भरता के अद्भुत संगम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस इस परिवर्तन की जीवंत झलक है, जहां स्टार्टअप्स, युवा उद्यमियों और मोबाइल सेक्टर को अभूतपूर्व मंच मिला है। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि भारत आज जिस तेजी से तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है वह 'विकसित भारत 2047' की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर जिले में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अनिल कुमार द्वारा प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण कार्य की प्रगति और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्टार ग्लोबल पब्लिक स्कूल अररिया का दौरा किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षु को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम एवं वीवीपैट के संचालन, मतगणना और निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों की पूरी जानकारी होनी चाहिए ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की त्रुटि न हो। उन्होंने प्रशिक्षण केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, बैठने की व्यवस्था और तकनीकी उपकरणों की स्थिति का भी अवलोकन किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि प्रशिक्षण में उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मौके पर नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सहित संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने का बड़ा माध्यम बनेगा डाक सप्ताह: नीरज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। मुख्य डाकघर नवादा के डाक अधीक्षक नीरज चौधरी ने कहा है कि डाक सप्ताह के अवसर पर सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। जिसके तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं । वे गुरुवार को नवादा में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय डाक सप्ताह में जन सुविधाओं पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। डाकघर सेवाओं का मॉल, सुपर मार्केटङ्क बन गया है। बताया कि विश्व डाक दिवस 9 अक्तूबर को प्रति वर्ष विश्व डाक संगठन, जिसकी स्थापना 1874 में हुई थी, के याद में मनाया जाता है। विकास पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार ने इस समारोह को मानाने का मुख्य उद्देश्य डाक सेवाओं के महत्त्व को आम लोगों के बीच प्रचारित-प्रसारित करना है। यूनिवर्सल डाक संग की स्थापना से वैश्विक संचार क्रांति का




पदार्पण हुआ साथ ही सारे विश्व में एक-दुसरे को लिखने की क्षमता का भी विकास हुआ ᠁ विश्व डाक दिवस के अवसर पर यूनिवर्सल डाक संघ युवाओं के लिए अंतराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करता है साथ ही पत्र लेखन शब्दों का विकास, भावनाओं के आदान-प्रदान तथा लोगों के दिलों को जोड़ता है। इस अवसर पर भारत समेत अन्य देश डाक टिकट प्रदर्शनी का भी आयोजन करते हैं। इसी क्रम में भारतीय डाक 06 से 10 अक्तूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जाएगा᠁ इस डाक सप्ताह के दौरान डाक विभाग के द्वारा विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसका उद्देश्य आम जनों को भारतीय डाक और इसकी नवीनतम एवं अत्याधुनिक डिजिटल सेवाओं से अवगत कराना होगा। धर्मेंद्र कुमार सहायक निदेशक ने पुनः बताया कि बदलते समय में अपनी सार्थकता बनाये रखने हेतु डाक विभाग न केवल अपनी कार्य-प्रणाली में आवश्यक परिवर्तन कर रहा है अपितु ढांचागत बदलाव भी कर रहा है। शैलेंद्र पासवान एवं भूषण प्रसाद सिंह सहायक डाटा अधीक्षक ने विभाग अंतरसंचालित एटीएम स्थापित करने के साथ-साथ डाकघरों में कोर बैंकिंग सुविधा प्रदान कर रही है। जितेंद्र ने बताया कि डाकघर अब सेवा का मॉल बन गया है जैसे आधार बनवाना / सुधरवाना, पासपोर्ट बनवाना, गंगाजल, रजिस्ट्रेशन भी अब अब डाक विभाग द्वारा वितरित होता है। डाक दिवस के अवसर पर स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

## केजरीवाल ने पुण्यतिथि पर रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को महान उद्योगपति और टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष रतन टाटा की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। केजरीवाल ने आज एक्स पोस्ट में लिखा है कि रतन टाटा के जिम्मेदार नेतृत्व, नवाचार और सहयोग की भावना ने भारत के विकास पर अमिट छाप छोड़ी है। उनके जीवन मूल्यों, विशेष रूप से ईमानदारी और बेहतर भविष्य के प्रति समर्पण ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। केजरीवाल ने रतन टाटा को भारत का 'अनमोल रत्न' बताते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि टाटा समूह को वैश्विक मंच पर ले जाने के साथ-साथ रतन टाटा ने सामाजिक कार्यों और परोपकार के माध्यम से देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व ने भारतीय उद्योग जगत को नई दिशा दी।

## बिजली क्षेत्र की बहुमूल्य ज़मीनों और संपत्तियों को बेचने या पट्टे पर देने के कदम का विरोध

**पटियाला।** पंजाब के बिजली क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली सभी यूनियनों और संघों ने बिजली क्षेत्र की बहुमूल्य ज़मीनों और संपत्तियों को बेचने या पट्टे पर देने के कदम के विरोध में गुरुवार को पीएसईबी मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया और पीएसपीसीएल प्रबंधन को एक ज्ञापन सौंपा। यूनियन नेताओं ने कहा कि अगर पंजाब सरकार इस दिशा में आगे बढ़ती है, तो वे तुरंत विरोध प्रदर्शन शुरू कर देंगे। यह निर्णय लिया गया कि सभी कर्मचारी, इंजीनियर और अधिकारी मुद्रीकरण के नाम पर उन संपत्तियों को बेचने के इस कदम का विरोध करेंगे जहां हमारे बिजली घर, कार्यालय, स्टोर स्थित हैं और कुछ खाली ज़मीनें, जिनका उपयोग विभाग के भविष्य के विकास और जनता को बिजली सेवायें प्रदान करने के लिए किया जायेगा। पंजाब सरकार की ये कार्रवाई पीएसपीसीएल और पीएसटीसीएल के अस्तित्व को ही ख़तरे में डाल सकती है। उल्लेखनीय है कि पटियाला में 23 नंबर फाटक के पास 55 एकड़ में फैली पीएसपीसीएल की संपत्तियां और पीएसपीसीएल कर्मचारियों के लिए बनाये गये फ्लैट आदि शामिल हैं। लुधियाना में जीटी रोड पर और सराभा नगर स्थित पावर कॉलोनी में पीएसपीसीएल की 40 संपत्तियां भी शामिल हैं। पीएसईबी इंजीनियर्स एसोसिएशन के महासचिव अजयपाल सिंह अटवाल ने कहा कि पंजाब सरकार को संभावित बिक्री के लिए पावरकॉम की संपत्तियों की सूची बनाने की प्रक्रिया तुरंत रोक देनी चाहिए, बल्कि पीएसपीसीएल की संपत्तियों का उपयोग केवल अपनी भविष्य की परियोजनाओं के विस्तार के लिए करना चाहिए।

# पंजाब में बब्बर खालसा के दो आतंकी गिरफ्तार, ढाई किलो आरडीएक्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने त्योहारी सीजन में बड़ी वारदात की योजना को विफल बनाते हुए बब्बर खालसा के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ढाई किलो आरडीएक्स बरामद किया गया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने पाकिस्तान की ख़ुफ़िया एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके गुरजिंदर सिंह और दीवान सिंह को गिरफ्तार किया है। यह नेटवर्क यूके आधारित हैंडलर निशान और आदेश के जरिए संचालित हो रहा था, जिन्हें बीकेआई




के मास्टरमाइंड हरविंदर सिंह रिंदा के निर्देश मिल रहे थे। डीजीपी के अनुसार पुलिस ने फिलहाल विस्फोटक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। ये विस्फोटक आईएसआई समर्थित आतंकियों ने भिजवाया था। जांच में सामने आया है कि यह विस्फोटक एक बड़े आतंकी हमले के लिए इस्तेमाल किया जाना था। पुलिस ने मामला दर्ज करके अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित एक न्यायाधीश और वरिष्ठ अधिकारी के साथ ऐसा व्यवहार अस्वीकार्य है : कैंथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष परमजीत सिंह कैंथ ने गुरुवार को कहा कि जातिगत और सांप्रदायिक भावनाओं का शोषण करके शांति और सार्वजनिक व्यवस्था को भंग करने का सीधा प्रयास किया जा रहा है। श्री कैथ ने कहा कि देश में जाति व्यवस्था के उन्मूलन के प्रयास जारी हैं, वहीं हाल ही में हुई दो घटनाओं ने अनुसूचित जाति समुदाय में गंभीर चिंतायें पैदा कर दी हैं। ये दो दुखद घटनायें दर्शाती हैं कि एक उच्च शिक्षित न्यायाधीश और अनुसूचित जाति समुदाय से आने वाले एक वरिष्ठ अधिकारी के साथ ऐसा व्यवहार किया गया है जो सभ्य समाज में अस्वीकार्य है। ये दुखद और हृदयविदारक घटनायें मानवता के लिए कलंक हैं। श्री कैंथ ने कहा, ḷ समाज में गलत संदेश देने के लिए भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर अवैध और आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित की जा रही है, जो अत्यंत निंदनीय है। ऐसी घटनाओं से एक अच्छे समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती। ऐसी घटनाओं से समाज में केवल नफरत और तनाव ही बढ़ेगा, जो एक विकसित भारत के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि दलित समुदाय अभी भी संविधान द्वारा प्रदत्त समानता से वंचित हैं।

# केदारनाथ में अब तक 16 लाख 56 हजार दर्शनार्थियों ने किए दर्शन, बना नया रिकॉर्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदा और मौसम की दुश्वारियों के बीच केदारनाथ की यात्रा में इस वर्ष दर्शनार्थियों का नया रिकार्ड बना है। इस साल अभी तक धाम में दर्शनार्थियों की संख्या 16 लाख 56 हजार के पार हो गई है। पिछले वर्ष केदारनाथ में 16 लाख 52 हजार 76 श्रद्धालुओं ने दर्शन किये थे। इस वर्ष केदारनाथ के कपाट 23 अक्तूबर को परंपरानुसार भैयादूज के पर्व पर बंद होने है, ऐसे में यात्रा के शेष 14 दिनों में यात्रियों की संख्या सत्रह लाख से अधिक पहुंचने की उम्मीद है। अक्टूबर माह के शुरू के आठ दिन में ही 59754 यात्रियों ने धाम में दर्शन किये हैं। इस वर्ष 2 मई से केदारनाथ यात्रा शुरू हुई थी। कपाट खुलने के दिन ही धाम में 30,154 शिव भक्तों ने दर्शन किए थे, जो केदारनाथ यात्रा के इतिहास में नया रिकार्ड था। पहले दिन से ही देश-विदेश से पहुंचने वाले यात्रियों का उत्साह अपने चरम पर रहा। यात्रा में पैदल मार्ग से हवाई मार्ग तक यात्रियों की भीड़ रही। मंदिर समिति को भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर 22 घंटे तक खुला रखना पड़ा, जिसमें 16 घंटे से अधिक समय तक यात्रियों को दर्शनों कराए गए। जून में मौसम की दुश्वारियों और हेलीकॉप्टर क्रैश होने के बाद भी पैदल यात्रा का उत्साह बना रहा। भले ही मई की तुलना में यात्री कम पहुंचे। बरसात में गौरीकुंड हाईवे के कई जगहों पर बार-बार बाधित होने से यात्रा को कई दिन रोकना पड़ा। हालात यह रहे कि अगस्त माह में सिर्फ 31 हजार श्रद्धालु केदारनाथ पहुंचे। मानसून की रफ्तार थमने और 15 सितंबर से यात्रा का दूसरा चरण शुरू होते ही यात्रियों की संख्या में भी इजाफा होने लगा। वहीं, इस सप्ताह बीते तीन दिनों से केदारनाथ में बर्फबारी के बीच बाबा केदार के भक्तों का उत्साह जोरों पर है। केदारनाथ में मौजूद बीकेटीसी के सदस्य डॉ. विनीत पोस्ती ने बताया कि खराब मौसम के बाद भी धाम में यात्रियों की अच्छी संख्या बनी हुई है। केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद होने में 14 दिन शेष हैं, ऐसे में उम्मीद है कि दर्शनार्थिथों की संख्या साढ़े सत्रह लाख तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि सभी यात्रियों के भोजन और रात्रि प्रवास का बेहतर इंतजाम किया जा रहा है। एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि केदारनाथ यात्रा में जुलाई-अगस्त में कुछ ही दिन खराब मौसम के कारण यात्रा बंद थी, लेकिन दर्शन करने वाले श्रद्धालु नियमित रहे।

## क्लस्टर अधिकारियों को 'उन्नत किसान ऐप' के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया

जालंधर। धान की पराली के उचित प्रबंधन के लिए कृषि विभाग द्वारा विकसित 'उन्नत किसान ऐप' के संबंध में सभी क्लस्टर अधिकारियों को स्टेट मास्टर ट्रेनर सहायक कृषि अभियंता अक्षित जैन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यहां जिला प्रशासकीय परिसर में गुरुवार को आयोजित प्रशिक्षण सेशन की अध्यक्षता करते हुए सी.एम.एफ.ओ. नवदीप सिंह ने सभी क्लस्टर अधिकारियों को 'उन्नत किसान ऐप' की पराली प्रबंधन में महत्ता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मोबाइल ऐप एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है, जो टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने और वायु प्रदूषण को कम करने के लिए छोटे और सीमांत किसानों तक अत्याधुनिक फसली अवशेष प्रबंधन मशीनों की पहुंच को और आसान बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। उन्होंने सभी क्लस्टर अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने नोडल अधिकारियों को इस ऐप के बारे में जानकारी प्रदान करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक क्लस्टर अधिकारी और नोडल अधिकारी अपने मोबाइल फोन में यह ऐप डाउनलोड करें और किसानों को मशीनरी प्रदान करने संबंधी कार्रवाई को अमल में लायें। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. जसविंदर सिंह ने सभी क्लस्टर अधिकारियों को पराली प्रबंधन से संबंधित उनकी जिम्मेदारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063